सूर्योदय 5:37 सूर्यास्त 6:58

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11 न्यू | 18 अधि |
| धर्मशाला | 18 न्यू | 26 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80502 |
| निफ्टी | 24,347 |
| सोना | 93,954 |
| चांदी | 94,125 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



शेफर्ड बोले- खलील अहमद हाव-भाव से लग रहा था भ्रमित

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 5 मई 2025 | 23 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 126, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

### आज के मैच

हैदराबाद vs दिल्ली

समयः रात 7:30 बजे (हैदराबाद)



आईपीएल का क्रेज...

धर्मशाला में पंजाब और लखनऊ के बीच होने वाला मैच देखने जाते पंजाब किंग्स टीम के कुछ प्रशंसक।

# धर्मशाला में क्रिकेट प्रेमियों में दिखा गजब का उत्साह

## शहर के बाजारों और पर्यटन स्थलों पर सिर्फ क्रिकेट की बातें, उत्सव जैसा माहौल

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

धर्मशाला में आईपीएल को लेकर क्रेज दिखना शुरू हो गया है। रविवार को इस सीजन का 54वां मुकाबला पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच खेला गया। मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में गजब का उत्साह देखने को मिला है। पूरा शहर आईपीएल के रंग में रंगता नजर आया। धर्मशाला की गलियों से लेकर दुकानों तक आईपीएल टीमों की जर्सियों, फ्लैग्स और अन्य मर्चेंडाइज की बिक्री जोरों पर रही। धर्मशाला के बाजारों और पर्यटन स्थलों पर हर तरफ क्रिकेट का माहौल देखा गया। आईपीएल टीमों की जर्सियां, झंडे और पोस्टर्स जगह-जगह नजर आ रहे थे। इस क्रिकेटिंग माहौल ने पूरे धर्मशाला को जैसे एक उत्सव स्थल में बदल दिया था। हर उम्र के लोग अपने पसंदीदा खिलाड़ियों और टीमों का समर्थन करते दिखे गए।

**अपने पसंदीदा खिलाड़ियों और टीमों का समर्थन करते दिखे लोग**

शहर की दीवारें भी अब आईपीएल के रंग में रंगी नजर आ रही हैं। सुबह 11 बजे से ही हजारों की संख्या में पंजाब, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर व हिमाचल के विभिन्न जिलों से वाहन धर्मशाला की ओर प्रवेश करते दिखाई दिए। देश और प्रदेश में मौजूदा समय में बनते सुरक्षा हालातों को देखते हुए धर्मशाला में आईपीएल मैचों को लेकर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। आईपीएल के पहले मैच को देखने के लिए दोपहर तीन बजे से ही शहर में चहल-पहल बढ़ गई। जगह-जगह पुलिस और होमगार्ड जवानों ने ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने के लिए खूब पसीना बहाया। पुलिस विभाग ने दोपहर तीन बजे के करीब बनाए गए ट्रैफिक प्लान के हिसाब से शहर में वनवे व्यवस्था को लागू किया और वाहनों का सही तरीके से अपने गंतव्य तक पहुंचाया।

स्टेडियम के गेट दोपहर साढ़े चार बजे खुलते ही क्रिकेट प्रेमी स्टेडियम के भीतर प्रवेश करना शुरू कर दिया। गेट पर जांच के बाद ही दर्शकों को स्टेडियम के भीतर प्रवेश मिला। (अनंत ज्ञान)

### न्यूज शॉर्ट्स

### राजस्थान में पहली बार रिश्वत लेते हुए विधायक गिरफ्तार

**जयपुर।** मुख्यालय से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई है। बांसवाड़ा के बागीदौरा से भारतीय आदिवासी पार्टी के विधायक जयकृष्ण पटेल को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने रिश्वत मामले में पकड़ा है। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई उस समय हुई, जब विधायक के गनमैन के जरिए 20 लाख रुपए की पहली किस्त के रूप में कथित रिश्वत ली जा रही थी। बताया जा रहा है कि कुल 2.5 करोड़ की मांग की गई थी। एसीबी की टीम ने जयकृष्ण पटेल को हिरासत में ले लिया है और फिलहाल विधायक आवास पर कार्रवाई जारी है। वहीं, रिश्वत की रकम लेकर फरार हुए गनमैन की तलाश की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### भारत ने आईएमएफ बोर्ड से एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर को हटाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने डॉ. कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यम की अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत के कार्यकारी निदेशक के तौर पर सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। यह फैसला भारत सरकार ने उनका 3 साल का कार्यकाल समाप्त होने से पहले ही ले लिया। आईएमएफ की वेबसाइट पर 2 मई तक सुब्रमण्यम का नाम कार्यकारी निदेशक के रूप में मौजूद था, लेकिन 3 मई के बाद से यह पद खाली दिखाया गया है। सुब्रमण्यम को अगस्त 2022 में आईएमएफ बोर्ड में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर के पद पर नियुक्त किया गया था। इससे पहले वे भारत सरकार के 17वें मुख्य आर्थिक सलाहकार थे। (अनंत ज्ञान)

### बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलते ही चारधाम की यात्रा विधिवत शुरू

**देहरादून।** उत्तराखंड के चारधामों में से एक बद्रीनाथ धाम के कपाट रविवार को विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भगवान बदरी विशाल के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। गौरतलब है कि इससे पूर्व 2 मई को ही केदारनाथ धाम के कपाट भी पूजा-अर्चना के साथ खोले गए, जबकि अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए थे। इस प्रकार चारधाम यात्रा अब विधिवत रूप से प्रारंभ हो गई है और श्रद्धालु अगले छह महीनों तक भगवान केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री के दर्शन कर सकेंगे। (अनंत ज्ञान)


# अब पाक पर वाटर स्ट्राइक चिनाब नदी का पानी रोका

## झेलम के पानी को रोकने की प्लानिंग, पानी की बूंद-बूंद के लिए तरसेगा पाकिस्तान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। सिंधु जल समझौता सस्पेंड करने के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ वाटर स्ट्राइक की है। भारत ने चिनाब नदी पर बने बगलिहार बांध से पाकिस्तान की ओर से जाने वाले पानी को रोक दिया। अब झेलम नदी के पानी के प्रवाह को रोकने की प्लानिंग पर काम चल रहा है।

गौर रहे कि साल 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल समझौता हुआ था। इसके तहत भारत को रावी, ब्यास और सतजुल नदियों का पानी मिलेगा और पाकिस्तान को सिंधु, चिनाब, झेलम नदियों का पानी मिलेगा। पहलगाम हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौता रद्द कर दिया है। (अनंत ज्ञान)



बगलिहार बांध, जिसका पाकिस्तान को जाने वाला पानी रोका गया है।

### भारत में इमरान, बिलावल के एक्स अकाउंट ब्लॉक

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के एक्स अकाउंट को भारत में ब्लॉक कर दिया गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार के एक्स अकाउंट पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### पाकिस्तान ने फिर दी परमाणु हमले की धमकी

**मोस्को।** रूस में पाकिस्तान के राजदूत मोहम्मद खालिद जमाली ने एक चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि अगर भारत हम पर पहलगाम आतंकी हमले को लेकर किसी तरह की कार्रवाई करता है, तो हम उनके ऊपर परमाणु हमला कर देंगे। पाकिस्तान के राजनियक का यह बयान पाक की एक और गिदड़भभकी है।

### अमृतसर में पकड़े दो पाकिस्तानी जासूस

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने अमृतसर में 2 जासूसों को गिरफ्तार किया है, जो सेना की गोपनीय व संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान पहुंचाते थे। प्राथमिक जांच में पता चला है कि इन जासूसों के तार पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े हैं। इन आरोपियों ने सेना छावनियों व एयरबेस की तस्वीरें दुश्मनों को भेजी हैं। यह खुलासा भी हुआ है कि दोनों जासूस जेल में बंद हरप्रीत सिंह उर्फ पिट्टू उर्फ हैप्पी के संपर्क में थे। जासूसी करने वाले आरोपियों की पहचान पलक शेर मसीह और सुरज मसीह के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस के ऑफिशयल साक्रेट एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। आगे की पूछताछ जारी है। जांच दौरान और बड़े खुलासे होने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

### प्रधानमंत्री से मिले वायुसेना प्रमुख



**पाकिस्तान के खिलाफ बड़े हमले की तैयारी**

**नई दिल्ली।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में यह अहम बैठक हुई। इससे पहले नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी और उन्हें अरब सागर में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की समग्र स्थिति से अवगत कराया था। एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह और प्रधानमंत्री मोदी के बीच राष्ट्रीय राजधानी में लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर हुई यह बैठक पीएम की अध्यक्षता में उस बैठक के कुछ दिनों बाद हुई, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए थे। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

# रामबन में खाई में गिरा सेना का ट्रक, तीन जवान शहीद

**एजेंसी, जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। सेना का ट्रक फिसलकर करीब 700 फुट गहरी खाई में जा गिरा। इस दर्दनाक दुर्घटना में तीन जवान शहीद हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हादसा नेशनल हाईवे-44 पर बैटरी चश्मा के पास सुबह 11:30 बजे हुआ। सेना का यह ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहे एक काफिले का हिस्सा था।

हादसे के तुरंत बाद एसडीआरएफ, पुलिस, सेना और स्थानीय स्वयंसेवकों ने मिलकर बचाव अभियान चलाया। दुर्घटना में वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार तीन सैनिक बलिदान हो गए। शहीद हुए सैनिकों का नाम अमित कुमार, सुजीत कुमार और मन बहादुर है। अधिकारियों की मानें तो हादसा इतना दर्दनाक है कि वाहन दुर्घटना के बाद लोहे के ढेर में तब्दील हो गया। शुरुआती जांच में पता चला है कि वाहन का संतुलन बिगड़ने की वजह से वह गहरी खाई में गिर गया। तीनों शहीद जवानों के बलिदान को सम्मानित करते हुए सेना ने एक शोक सभा का आयोजन किया। सेना के सीनियर अधिकारियों ने पूरी घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। (अनंत ज्ञान)



700 फुट खाई में गिरा सेना का ट्रक।

### यूपी के अलीगढ़ में ट्रेनी विमान क्रैश

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में धनीपुर हवाई पट्टी पर रविवार को एक ट्रेनी प्लेन क्रैश हो गया है। घटना में प्लेन उड़ा रहा पायलट बाल-बाल बचा है। बताया जा रहा है कि यह प्लेन एयरपोर्ट की दीवार से जा टकराया। हादसा उस वक्त हुआ जब ट्रेनी पायलट ट्रेनिंग ले रहा था। इस हादसे के जांच के आदेश दे दिए गए हैं। प्लेन क्रैश होने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने हादसे का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि धनीपुर हवाई पट्टी पर पायनियर फ्लाइंग क्लब प्रशिक्षण देता है। विमान के अंदर बैठे पायलट की पहचान परव जैन के तौर पर हुई है।

# शिक्षा मंत्री को शिक्षकों के मुद्दे गंभीरता से हल करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ को लेकर राज्य सरकार ने नरम रवैया अपनाना शुरू कर दिया है और स्पष्ट किया है कि उन्होंने शिक्षकों की मांगों को कुचलने के लिए कोई भी बड़ी कार्रवाई नहीं की है। जो भी कार्रवाई की बातें हो रही हैं, वे सब महज अफवाहें उड़ाई जा रही हैं। बाकायदा सीएम सुक्खू ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को राज्य के प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने के निर्देश जारी किए हैं और कहा है कि शिक्षकों के मुद्दों को हल करने के लिए संघ के साथ विस्तृत चर्चा की जाए। सरकार ने स्पष्ट किया है कि शिमला पुलिस ने राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ से जुड़े 900 शिक्षकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की है और ऐसी अफवाहें निराधार हैं।



**सीएम ने मंत्री को शिक्षक संघ के साथ बात करने को कहा**

बताया गया कि संघ के केवल पांच पदाधिकारियों के खिलाफ सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना विरोध-प्रदर्शन करने और गैर कानूनी तरीके से एकत्रित होने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। अब सीएम ने शिक्षा मंत्री को राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने के निर्देश दिए हैं।

### राहुल गांधी ने ऑपरेशन ब्लू स्टार को माना गलती

**नई दिल्ली।** करीब दो हफ्ते पहले अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान राहुल से ऑपरेशन ब्लू स्टार पर सवाल पूछा गया था। इस कार्यक्रम का वीडियो रविवार को वायरल हुआ।



कार्यक्रम में सिख युवक ने राहुल गांधी से पुराने बयान का हवाला देते हुए कहा, 'आप सिखों की बात करते हैं, लेकिन आप सिखों के बीच डर पैदा करते हैं कि बीजेपी क्या करेगी। हमें अभिव्यक्ति की आजादी चाहिए, जो कांग्रेस के राज में नहीं थी।' युवक ने आगे कहा कि आनंदपुर साहिब रेजोल्यूशन दलित अधिकारों की बात करता है, लेकिन कांग्रेस ने उसे अलगाववादी करार दिया। वहीं, कोर्ट ने सज्जन कुमार को सजा दी, लेकिन कांग्रेस में आज भी कई सज्जन कुमार जैसे लोग हैं। इस पर राहुल गांधी बोले, '80 के दशक में जो हुआ, वो गलत था कांग्रेस की ये गलतियां तब की हैं, जब मैं वहां नहीं था, लेकिन कांग्रेस के इतिहास में जो कुछ भी गलत हुआ, मैं उसकी जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं।' (अनंत ज्ञान)

# चंबा में फटा बादल, एक व्यक्ति की मौत

## नाले में भयंकर बाढ़ आने से 150 से अधिक भेड़-बकरियां बहीं

**अनंत ज्ञान टीम, चंबा/शिमला**

चंबा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में शनिवार देर रात करीब 2:30 बजे बादल फटने से एक दर्दनाक हादसा हो गया। अचानक तेज बारिश के चलते नाले में भयंकर बाढ़ आ गई, जिसमें गांव चेली निवासी 65 वर्षीय अमर सिंह की जान चली गई और 100 से 150 के बीच भेड़-बकरियां पानी में बह गईं।

घटना उस समय हुई, जब अमर सिंह और उनके साथी कुलदीप सिंह (गांव बालोह) अपने मवेशियों के साथ खुले में थे। पानी का बहाव इतना तेज था कि भेड़-बकरियां तिनकों की तरह बहने लगीं। अमर सिंह ने जब अपनी बकरियों को बचाने की कोशिश की, तो वह खुद भी पानी की तेज धार में बह गए। उन्होंने मदद के लिए कुलदीप को आवाज लगाई, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। उनके हाथ की टॉर्च की रोशनी दूर तक पानी में दिखाई देती रही, जो इस त्रासदी की प्रत्यक्ष गवाह बन गई।



चंबा जिले में बादल फटने से एक नाले में आई बाढ़ में बहे व्यक्ति के शव को निकालते पुलिसकर्मी।

वहीं, राजधानी शिमला में रविवार दोपहर बाद दो बजे के करीब दिन में अंधेरा छा गया और झमाझम बारिश हुई। कांगड़ा, सुंदरनगर, जोत, पालमपुर, बैजनाथ और जुब्बड़हट्टी में अंधड़ के साथ बारिश हुई। शिमला, कोटगढ़ और कुफरी में ओलावृष्टि हुई। इससे लगातार दूसरे दिन भी सेब, स्टोन फ्रूट्स और अन्य फसलों को नुकसान हुआ। वहीं, कांगड़ा जिले के कई क्षेत्रों में बारिश दर्ज की गई। बिलासपुर में शनिवार रात से रविवार तड़के तक आंधी के साथ भारी बारिश हुई। रविवार को ऊना में अधिकतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। ऊना में तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस, शिमला में 22.0, मनाली में 21.2, कसौली में 25 व कांगड़ा में 29.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

ककक

- सब-इंस्पेक्टर रणवीर को विशिष्ट उपलब्धि के लिए किया सम्मानित - पेज 2
- हिमाचल में बीपीएल परिवारों का चयन मुश्किलों में फंसा -पेज 3
- शक्तिपीठ श्री नयना देवी में उमड़ा आस्था का सैलाब -पेज 6
- पशुओं को परिवार रजिस्टर में दर्ज करने का विरोध -पेज 9
- सीसीटीएनएस रैंकिंग में सिरमौर प्रदेश भर में प्रथम -पेज 12

**कैबिनेट** शिमला में आज और कल दो दिन की मैराथन कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित होने की उम्मीद

# वित्तीय संकटों से पार पाने के प्रयास में जुटी सुक्खू सरकार!

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**



**अनंत ज्ञान विशेष**

वित्तीय संकटों से घिरी सुक्खू सरकार अब मजबूत कदमों के साथ आगे बढ़ने के प्रयास में है। खर्च में कटौती के लिए नए प्रस्ताव लाए जा रहे हैं, ताकि विकासात्मक कार्यों में तेजी लाई जा सके। सोमवार और मंगलवार को लगातार दो दिन कैबिनेट की मैराथन बैठकों में इन्हीं सब बातों पर गहन मंथन होगा और आगे की रणनीति पर लंबी मंत्रणा संभावित है। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली कैबिनेट की दोनों बैठकें अहम रहने वाली हैं। यह पहली बार हो रहा है, जब राज्य में लगातार दो दिन मैराथन कैबिनेट की बैठकें रखी गई हैं। पहली बैठक सोमवार को, जबकि दूसरी बैठक मंगलवार को होनी है। सभी मंत्रियों को कैबिनेट बैठकों में शामिल होने की सूचना दे दी गई है।

बैठक में सबसे पहले पर्यटन के सहारे आर्थिक सेहत सुधारने की कवायद में होमस्टे नीति में बदलाव लाए जाने की संभावना है। ग्रामीण क्षेत्र के पर्यटन पर विचार-विमर्श होगा। होमस्टे के लिए नए नियम सामने आ सकते हैं, जिसके तहत शहर से लेकर गांव तक होमस्टे खोलने की इजाजत मिलेगी। आसान भाषा में इसमें आवश्यक संशोधन किए जाएंगे।

शिक्षा के क्षेत्र में जिस तरह के आमूल चूल बदलाव किए जा रहे हैं, वे आगे भी जारी रखे जा सकते हैंद्ध। उन सुधारों के तहत मिडिल, हाई व सेकेंडरी स्कूलों को भी मर्ज करने की चर्चा संभावित है।

इसके अलावा शिक्षकों की तबादला नीति पर भी विचार-विमर्श संभव है। इसके लिए नई तबादला नीति बनाए जाने की चर्चा भी जोरों पर है, जिसमें नए मापदंड के तहत तबादला प्रक्रिया अपनाई जा सकती है। कैबिनेट की बैठक में कर्मचारियों की रिटायरमेंट एज का प्रस्ताव भी आ सकता है। इस संदर्भ में सीएम सुक्खू पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि वह इस महत्वपूर्ण विषय पर कैबिनेट में आवश्यक चर्चा करेंगे। अभी कर्मचारियों की रिटायरमेंट एज 58 वर्ष है। अगर सरकार प्रस्ताव पर गंभीरता दिखाती है, उस सूरत में कर्मचारियों की रिटायरमेंट एज 59 साल हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### विभिन्न विभागों में रिक्त पद भरने पर बन सकती है सहमति

**जानकारी** के अनुसार कैबिनेट की बैठकों में विभिन्न विभागों में खाली पड़े रिक्त पदों को भरने की मंजूरी भी दी जा सकती है। कुछ सरकारी संस्थाओं के लिए नए पद सृजित हो सकते हैं, जिसमें स्वास्थ्य, पुलिस महकमा के साथ-साथ कुछ दूसरे महत्वपूर्ण सरकारी संस्थान भी शामिल हैं।

### बजटीय घोषणाओं पर चर्चा

**प्रदेश** विधानसभा का बजट सत्र संपन्न हुए दो माह से ज्यादा का समय हो गया है, मगर इसमें की गई घोषणाओं पर अभी तक कैबिनेट की मुहर नहीं लग पाई है। ऐसे में संभव है कि इसका प्रस्ताव भी कैबिनेट में आए और इन बजटीय घोषणाओं पर गंभीर मंथन हो।

### आय के साधन बढ़ाने पर होगा गंभीर मंथन

**यह** भी बताया जा रहा है कि सुक्खू सरकार आर्थिक मोर्चे पर लगातार हिचकोले खा रही है। राज्य के अंदर खर्चों की सीमा लगातार बढ़ रही है और आय के साधन लगातार घट रहे हैं, जिससे सरकार के समक्ष कई जटिल वित्तीय चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। अब इससे पार पाने के प्रयास चल जरूर रहे हैं, लेकिन कर्ज के ऊपर ब्याज का बोझ बढ़ने से परिस्थितियां काफी विकट हो गई हैं। यही वजह कि सीएम सुक्खू ने सोमवार और मंगलवार को लगातार दो दिनों में मैराथन कैबिनेट की बैठकें रखी हैं, जिनमें प्रदेश के वित्तीय प्रबंधन को सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने पर व्यापक चर्चा होनी संभावित है।



# सीएम की घोषणाओं से निखरेगी सैनिक स्कूल सुजानपुर की 'छटा'

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

सूबे के एकमात्र सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा में ढांचागत विकास के लिए सरकार के प्रयास इस संस्थान की बेहतरी को मजबूती देने के लिए सार्थक साबित होने वाले हैं। तीन ऐसे प्रयासों को अंजाम देने के लिए मौजूदा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने जो पहल की है उसे पर अब काम होना बाकी है, लेकिन इनमें डाइट मनी हॉस्टल निर्माण के लिए 3 करोड़ का ऐलान और सिंथेटिक ट्रैक का उन्होंने जो वायदा किया है उससे इस संस्थान की छटा निश्चित रूप में और निखरेगी। (अनंत ज्ञान)

## कुछ दशकों से समस्याओं से जूझ रहा सैनिक स्कूल




**देश** की तीनों सेनाओं, अर्द्धसैनिक बलों और विभिन्न विभागों को सैकड़ों अधिकारियों के साथ-साथ कॉरपोरेट सैक्टर को भी बेहतरीन अधिकारी दे चुका सैनिक स्कूल पिछले कुछ दशकों से ढांचागत समस्याओं से जूझ रहा है। पिछली सरकारों के समय भी इन समस्याओं को उठाया गया था लेकिन हाल कोई नहीं हुआ। इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री के सकारात्मक कदम से इस संस्थान की तस्वीर बदलने की उम्मीद जगी है। सुक्खू अपने सवा दो साल के कार्यकाल के दौरान ही स्वयं दो बार सैनिक स्कूल का दौरा करके विभिन्न सुविधाओं का जायजा ले चुके हैं। इस वर्ष राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव के शुभारंभ के लिए सुजानपुर पहुंचे सुक्खू ने सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों की डाइट मनी को 10 रुपए से बढ़ाकर 50 रुपए करके बहुत बड़ी सौगात दी है। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने स्कूल में हॉस्टल निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपए की राशि जारी करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने अपने बजट भाषण में भी सैनिक स्कूल के ग्राउंड में सिंथेटिक ट्रैक बिछाने के लिए बजट का प्रावधान करने का ऐलान किया है। हिमाचल प्रदेश के बजट में पहली बार सैनिक स्कूल का उल्लेख किया गया है। उन्होंने प्रदेश सरकार की ओर से स्कूल के लिए हरसंभव मदद प्रदान करने तथा बजट में बढ़ोतरी करने का भरोसा दिया है।

## स्कूल ने राष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान

2 नवंबर 1978 को स्थापित सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा ने बहुत कम समय में ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बना ली थी। सीमित इनफ्रास्ट्रक्चर में भी इस स्कूल ने देश की तीनों सेनाओं को सैकड़ों बेहतरीन अफसर दिए हैं। इनमें से कई अधिकारी तो मेजर जनरल रैंक तक पहुंचकर देश के लिए सराहनीय सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। एक वर्ष में सबसे ज्यादा विद्यार्थियों के नेशनल डिफेंस अकादमी में चयनित होने पर सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा को 4 बार प्रतिष्ठित 'रक्षा मंत्री ट्रॉफी' से नवाजा जा चुका है। अभी तक यह स्कूल देश की तीनों सेनाओं को लगभग 700 सैन्य अधिकारी प्रदान कर चुका है। पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों, प्रशासनिक सेवाओं, मेडिकल, इंजीनियरिंग, कॉरपोरेट सेक्टर और अन्य क्षेत्रों में भी सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

# खोखों से वंचित दुकानदारों के लिए दुकानें बनाने की प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

बस स्टैंड के सामने खोखों के आवंटन से वंचित रहने वाले खोखा धारकों ने सुक्खू सरकार द्वारा उनके लिए बनाई जा रही दुकानों की प्रक्रिया शुरू होने पर प्रसन्नता जाहिर की है।



जिन खोखा धारक को खोखे आवंटित नहीं हुए थे उनमें शामिल विनोद शर्मा, अश्विनी शर्मा, परमानंद शर्मा, सुलोचना देवी,

### दुकानों के निर्माण के लिए 30 लाख की राशि जारी

जोगिंद्र सोनी, शांति स्वरूप, पृथ्वी चंद, नितिन कुमार, जोगिंद्र सिंह, संजीव, कमलेश, जुल्फीराम व अनंत राम ने कहा कि पिछले 4 वर्षों से वह लोग अपनी रोजी-रोटी से महरूम होकर रह गए हैं।

जिसके कारण उन्हें मजदूरी दिहाड़ी कर अपने परिवार का पालन पोषण करना पड़ रहा है, लेकिन अब प्रदेश सरकार ने जिला प्रशासन के माध्यम से लोक निर्माण विभाग को इनके लिए दुकानों के निर्माण के लिए 30 लाख की राशि जारी कर दी है। जिससे शीघ्र ही उन्हें अपनी रोजी-रोटी के लिए ठिकाना मिल जाएगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा को हम लोगों ने चुनावों से पहले भी इस इस समस्या से अवगत करवाया गया था, इस दौरान सुनील शर्मा बिट्टू उनके साथ चट्टान की तरह मजबूती से डटे रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा की पहलगाम मामले पर विरोध रैली आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा की जिला इकाई द्वारा जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अगुवाई में सोमवार सुबह 9:30 बजे गांधी चौक हमीरपुर में पहलगाम जम्मू-कश्मीर में हिंदुओं की निर्मम हत्या, आतंकी वारदात के विरोध में विरोध रैली करेंगे, जिसमें सांसद अनुराग ठाकुर के साथ सभी भाजपा विधायक एवं प्रत्याशी भाजपा का समस्त जिला नेतृत्व विरोध प्रदर्शन में शामिल रहेगा। पार्टी के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने बताया कि इसमें जिला भर के तमाम पार्टी पदाधिकारी और अन्य कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे।

### नादौन बस स्टैंड पर व्यक्ति की हार्टअटैक से मौत

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन बस स्टैंड पर शनिवार शाम को एक व्यक्ति को हार्ट अटैक आ गया। खबर मिलते ही काफी लोग इकट्ठे हो गए। मरीज की हालत काफी बिगड़ गई। लोग उसकी छाती को पुश करके लगे दवाई भी दी। और लोगों ने उसके घर फोन करके हार्टअटैक आने की सूचना भी दी। और एंबुलेंस में उसे नादौन अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक नेहरियां अंब जिला ऊना का रहने वाला था। उसकी पहचान नवीन कुमार के नाम से की गई है। एसएचओ निर्मल सिंह ने बताया कि इस मामले बारे अभी तक उन्हें कोई सूचना नहीं आई है।

### युवक ने प्रवासी युवती को बहला फुसलाकर की शादी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन क्षेत्र के एक 37 वर्षीय युवक ने एक प्रवासी युवती को बहला फुसलाकर व दबाव बनाकर उससे शादी कर ली। युवती के पिता की शिकायत पर एसडीएम नादौन ने बारंट जारी करके युवक युवती को कोर्ट में पेश करने के पुलिस को आदेश दिए थे। जिसके चलते पुलिस शनिवार को युवक व युवती को एसडीएम नादौन राकेश शर्मा की अदालत में पेश किया। युवती के माता पिता जो बिहार के रहने वाले हैं उन्होंने युवक पर आरोप लगाया कि उनकी बेटी को बिना हमारी सहमति से बहला फुसलाकर शादी कर ली। युवती बालिग है उसने कोर्ट में दिए ब्यान में माना कि उसकी शादी देहरा के नागनी मंदिर में हो चुकी है। वह अपने माता-पिता के पास जाना चाहती है। इस पर माननीय कोर्ट ने युवती को फिलहाल उसके माता पिता के साथ भेजने के आदेश दिए हैं।

### घरेलू झगड़े के चलते पालतू कुत्ता छोड़ा, महिला घायल

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के रिट भ्झा गांव की एक महिला पर पालतू कुत्ते ने हमला बोल कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार रिट भ्झा गांव की अंजू देवी पत्नी कमल जीत ने पुलिस को शिकायत दी है कि उनके पड़ोसी रजनीश ने ईंटों को लेकर लड़ाई झगड़ा किया जिसके बीच उसने अपने पालतू कुत्ते को छोड़ कर हमला करवा दिया जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गई हैं। मामले की पुष्टि करते हुए एसएचओ निर्मल सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### जातीय जनगणना में राहुल गांधी का योगदान : कांग्रेस



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर के पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, कैप्टन चम्बेल सिंह, राजेश ठाकुर, सेक्टर प्रभारी सुरेश कुमार, जगदीश कौशिक, कोट पंचायत प्रधान गुलशन कुमार, विनय शर्मा, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के सुजानपुर के अध्यक्ष देशराज व महासचिव अशोक चौधरी ने केंद्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराने का सारा श्रेय विपक्ष के नेता राहुल गांधी को देते हुए कहा है कि राहुल गांधी ने एक लंबी लड़ाई लड़ी और आज केंद्र सरकार को उनकी बात मानने को बाध्य होना पड़ा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जातीय जनगणना विषय को एक सामाजिक आंदोलन का रूप दिया। कांग्रेस पार्टी देश में आज यह संदेश देने में सफल रही है कि वह प्रारंभ से ही इस मुद्दे पर पूरी तरह से गंभीर थी। आज वही लोग इस विषय पर श्रेय लेने की फिराक में दिख रहे हैं।

### कार्तिकेय ने तकनीकी शोध पर लिखी पुस्तक

**एसके ठाकुर, बड़सर।** जिला हमीरपुर के बड़सर उपमंडल की ग्राम पंचायत ग्यारह



ग्रां हरसौर के गांव मसलाणा कलां के कार्तिकेय शर्मा ने शिक्षा एवं तकनीकी शोध के क्षेत्र में एक पुस्तक लिख कर नया इतिहास रचा है। कार्तिकेय शर्मा जो वर्तमान में ग्रेटर नोएडा स्थित प्रतिष्ठित जीएल बजाज कॉलेज ऑफ टेक्नोलोजी एंड मैनेजमेंट में एमसीए के अंतिम वर्ष के छात्र हैं। अपनी यह पहली पुस्तक एनालाईजिंग एंड अप्लाईंग फाईनेशियल प्रीडिक्शन सिस्टम फार शेयर प्राइजिज एंड आईपीओ परफॉरमेंस का अमेजन किंडल पर सफलतापूर्वक प्रकाशन हुआ है। इस पुस्तक की कीमत पांच अमेरिकी डॉलर है। कार्तिकेय शर्मा मसलाणा कलां गांव के रवि शर्मा व रेखा शर्मा के पुत्र हैं जो वर्तमान में एमसीए कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी प्रकाशित पुस्तक एमसीए के मुख्य प्रोजेक्ट पर आधारित है जिसमें उन्होंने शेयर बाजार और आरंभिक सार्वजनिक निर्गम प्रदर्शन की भविष्यवाणी प्रणाली को विश्लेषण और व्यावहारिक उपयोग प्रस्तुत किया है।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता में दलालड़ टीम विजेता

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत सागर स्पोर्ट्स एकेडमी भरेड़ी द्वारा बच्चों में खेल की भावना को प्रोत्साहित करने और उन्हें नशे से दूर रखने के उद्देश्य से अंडर-14 आयु वर्ग की वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही उत्साह और सौहार्द्र के साथ किया गया। यह प्रतियोगिता सागर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, फॉरेस्ट रेस्ट हाउस के समीप संपन्न हुई, जहां क्षेत्र के 6 स्कूलों व टीमों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि बीडीसी चेयरमैन कैप्टन राजिंद्र सिंह रहे, जिनका स्वागत अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल कोच एवं सागर स्पोर्ट्स एकेडमी के संचालक विद्यसागर शर्मा ने स्वागत किया। प्रतियोगिता में शांति निकेतन पब्लिक स्कूल भरेड़ी, डीएवी स्कूल लझयानी, साई विजन पब्लिक स्कूल भरेड़ी, भमनोह टीम, दलालड़ टीम और आरकेएस नवाही की टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला दलालड़ टीम और आरकेएस नवाही के बीच खेला गया। जबरदस्त टक्कर के बाद दलालड़ टीम ने पहला और निर्णायक तीसरा सेट जीतकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।

### राणा अब निजी हमलों के सहारे चर्चा में रह रहे : मोंटी संधू



**शशि सोनल, नादौन।** हिमाचल पथ परिवहन निगम के निदेशक मोंटी संधू ने पूर्व विधायक राजेंद्र राणा द्वारा कांग्रेस नेतृत्व, विशेष रूप से मुख्यमंत्री सुक्खू और उपमुख्यमंत्री के आपसी संबंधों को लेकर की गई निजी टिप्पणियों की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि यह बयानबाजी केवल राणा की राजनीतिक हताशा और प्रासंगिकता की तलाश को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि 'हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के बीच संबंधों पर सवाल उठाना न केवल बचकानी राजनीति है, बल्कि यह साफ दर्शाता है कि राजेंद्र राणा अब पूरी तरह राजनीतिक हाशिए पर जा चुके हैं। मुख्यमंत्री पर निजी टिप्पणी करना एक गिरी हुई और अवसरवादी राजनीति का उदाहरण है,' मोंटी संधू ने कहा कि राजेंद्र राणा कांग्रेस से भगोड़े की तरह भागकर भाजपा में जा मिले और उसके बाद उपचुनाव में जनता द्वारा पूरी तरह नकार दिए गए। ऐसे अस्वीकृत नेता को न तो कांग्रेस की नीति पर टिप्पणी करने का अधिकार है, न ही उनके विचारों का कोई राजनीतिक महत्त्व रह गया है।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई नीट 2025 की परीक्षा

# जिले के सात सरकारी संस्थानों में 2928 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा रविवार को नीट 2025 एमबीबीएस, बीडीएस, बीएससी नर्सिंग और अन्य संबंध चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा ली गई। नीट 2025 की परीक्षा के लिए इस बार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। इस बार सरकारी संस्थानों में यह परीक्षा आयोजित की गई जहां पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, इसके अलावा परीक्षा की वीडियो रिकार्डिंग भी की गई।


जांच के लिए लाइन में अपनी बारी का इंतजार करते छात्र।

छात्रों के आने और परीक्षा हाल में परीक्षा देने की सभी प्रक्रिया को कैमरे में कैद किया गया। परीक्षा में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए परीक्षा केंद्रों में पुलिस की कड़ी व्यवस्था की गई थी।

यह परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले छात्रों की पूरी तरह से चेकिंग की गई उसके बाद छात्रों को अंदर जाने दिया गया। हालांकि एडमिट कार्ड में परीक्षा से संबंधित सभी इंस्ट्रक्शन दी गई थी फिर कई छात्र अपने साथ एक्स्ट्रा सामान लेकर परीक्षा देने पहुंच गए थे। छात्रों द्वारा लाए गए मोबाइल फोन को भी परीक्षा केंद्र के गेट पर ही जमा कर लिया गया। इसके अलावा सभी परीक्षा केंद्रों में जैमर लगाए गए थे जिससे परीक्षा में किसी प्रकार की नकल करने की गुंजाइश न रहे।

गौर रहे कि जिला जिला हमीरपुर में इस बार केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर, केंद्रीय विद्यालय नादौन, एनआईटी हमीरपुर, तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर, राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या हमीरपुर व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर को परीक्षा केंद्र बनाया है।

इन परीक्षा केंद्रों में मेटल डिटेक्टर से जांच करने के बाद ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने फुल प्रूफ सुरक्षा व्यवस्था से इस परीक्षा को संपन्न करवाया। हमीरपुर में भी यह परीक्षा सफलता पूर्ण तरीके से संपन्न करवाई गई।

बता दें कि परीक्षा से संबंधी ड्रेस कोड और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां पहले भी जारी कर कर दी गई थी। इस बार तो प्राइवेट स्कूलों के परीक्षा केंद्र के अलावा इनविजीलेटर भी नहीं लगाए गए थे। पुलिस के कर्मचारी सुबह 8 बजे से ही परीक्षा केंद्रों में तैनात कर दिए थे। वहीं परीक्षा केंद्र से किसी को भी बाहर जाने की इजाजत नहीं थी। इस बारे में डीएसपी नितिन चौहान ने बताया कि नीट 2025 की परीक्षा सफलता पूर्वक संपन्न करवाई गई।

## तीन नेटबॉल टीमों का हुआ ट्रायल

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हिमाचल प्रदेश नेटबॉल संघ ने प्रदेश महासचिव अशोक आनंद की अध्यक्ष में दो जगहों साईं विजन पब्लिक स्कूल भरेड़ी व सीड़लिंग पब्लिक स्कूल देहरा जाहू में ट्रेडिशनल नेटबॉल, फास्ट फाइब नेटबॉल व मिक्स नेटबॉल टीम का ट्रॉयल लिया गया, जिसमें हमीरपुर, मंडी, बिलासपुर, कुल्लू, शिमला, ऊना व कांगड़ा जिले के करीब 60 से खिलाड़ियों ने भाग लिया। हिमाचल प्रदेश चयन कमेटी के समंवयक राकेश कुमार ने बताया कि ट्रॉयल में तीनों टीमों के 45 खिलाड़ियों को चयन किया गया है।

इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव अशोक आनंद ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी ]लगतार राष्ट्रीय स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने सभी खिलाड़ियों झसे आह्वान किया के 12 मई से 22 तक सीड़लिंग पब्लिक स्कूल देहरा में लगने वाले कोचिंग कैंप में अपनी कमियों को दूर करें तथा खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि चयनित खिलाड़ी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि चयनित खिलाड़ी 25 से 31 मई को मध्य प्रदेश में होने वाली राष्ट्रीय सब जूनियर लड़के व लड़कियों की प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# बस्सी से तताहर सड़क का अधूरा निर्माण बना मुसीबत

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

बस्सी से तताहर तक प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य स्थानीय लोगों के लिए राहत की बजाय आफत बनता जा रहा है। जहां यह सड़क आधुनिक एफडीआर तकनीक से बनाई जा रही थी, वहीं अब यह बरसात के मौसम में लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही है।

अधूरा निर्माण, सड़क पर जमा पानी और जगह-जगह बने गहरे गड्ढे अब लोगों की परेशानी का कारण नहीं, बल्कि खतरे का संकेत बन चुके हैं। बीते कुछ दिनों से हो रही बारिश ने निर्माणाधीन सड़क की पोल खोल दी है। निर्माण अधूरा होने के कारण जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाई है, जिससे सड़क पर बड़े-बड़े जलभराव हो रहे हैं। भरेड़ी, चंदरूहि और अन्य स्थानों पर सड़क पूरी तरह से पानी में डूबी नजर आ रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गड्ढों में भरे पानी से गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता और यही दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बन रहा है। भरेड़ी बाजार के व्यापारी खासे परेशान हैं। सड़कों की दुर्दशा और कीचड़ के चलते ग्राहक बाजार तक पहुंचने से कतरा रहे हैं। व्यापार में भारी गिरावट देखी जा रही है। दुकानों के आगे कीचड़ और जमा



पानी से वातावरण अस्वास्थ्यकर हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर जल्द सुधार नहीं किया गया तो मच्छरों और जलजनित रोगों का प्रकोप भी सामने आ सकता है।

लोगों में पपलाह पंचायत प्रधान अंकुश सैणी, लखविंद्र सिंह, मनोज कुमार, राजेश, चमन लाल, दीपक शर्मा, बलबीर, सजंय, रवि कुमार, राजेश कुमार, अनिल कुमार ने मांग निर्माण कार्य को त्वरित गति से पूर्ण किया जाए, जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए,वबाजार क्षेत्र में नियमित सफाई और पानी निकासी करवाई जाए।

# महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**अनंत ज्ञान, रंगस**

अगर कोई व्यक्ति सात दिन तक किसी व्यवस्तता के कारण श्रीमद भागवत कथा को नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है।

यह बात पं. अंकुश शर्मा ने जोलसप्पड़ में श्रीमदभावत कथा के शुभारंभ अवसर पर प्रवचन करते हुए कही। शर्मा ने कहा कि विश्व में सभी कथाओं में श्रीमद भागवत कथा श्रेष्ठ मानी गई है। इसको सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियां को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए।

कथा के शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई। पं. अंकुश शर्मा के नेतृत्व में कथा के आयोजन स्थल से सोरड़ गांव में पवित्र जलस्रोत से जल भरने के साथ कलश यात्रा शुरू हुई।

# रोपवे प्रोजेक्ट पर चल रही जबरदस्त खींचतान : राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश की राजनीति एक बार फिर गरमाने लगी है। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के बीच चल रहे शीत युद्ध को लेकर बड़ा बयान दिया है। राणा का दावा है कि यह सत्ता संघर्ष अब केवल भीतरघात तक सीमित नहीं, बल्कि बहुचर्चित रोपवे प्रोजेक्ट को लेकर पर्दे के पीछे जबरदस्त खींचतान चल रही है।

राणा का दावा है कि एक बहुचर्चित रोपवे प्रोजेक्ट को एक खास व्यक्ति को सौंपने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू कांग्रेस

### कहा-मंत्री और विधायक मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली से बेहद असंतुष्ट

आलाकमान के दबाव में काम कर रहे हैं, लेकिन खुद सीधे हस्ताक्षर करने की बजाय डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री से अप्रूवल दिलवाना चाहते हैं। इस कार्य के लिए शिमला जिले के एक मंत्री को विशेष रूप से निजी हेलीकॉप्टर से ऊना भेजा गया ताकि उपमुख्यमंत्री से 'गुफ्तगू' की जा सके।

राजेंद्र राणा ने सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला करते हुए कहा, प्रदेश में कायदे-कानून ताक पर रखकर माले मुफ्त दिले बेरहम की तर्ज पर संसाधनों की खुली लूट मचाई जा रही है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि आखिर उपमुख्यमंत्री पिछले चार महीनों में महज तीन-चार बार ही सचिवालय क्यों पहुंचे? क्या मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम के बीच संवादहीनता अब जनमानस से छिपी हुई है?

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि राजेंद्र राणा के मुताबिक सिर्फ डिप्टी सीएम ही नहीं, बल्कि सरकार के कई मंत्री और कांग्रेस के अनेक विधायक भी मुख्यमंत्री सुक्खू की कार्यप्रणाली से बेहद असंतुष्ट हैं।

### उपमुख्यमंत्री का सचिवालय से परहेज

**राणा** ने सवाल उठाया कि आखिर क्यों उपमुख्यमंत्री पिछले चार महीनों में केवल तीन-चार बार ही सचिवालय पहुंचे हैं? क्या यह संवादहीनता नहीं दर्शाती? क्या यह स्पष्ट नहीं करता कि सरकार के भीतर कोई बड़ा सत्ता संघर्ष चल रहा है। मुकेश अग्निहोत्री द्वारा हाल ही में सोशल मीडिया पर डाली गई प्रतीकात्मक पोस्ट को भी राणा ने इसी शीत युद्ध की झलक बताया। राणा ने मुख्यमंत्री से सीधा सवाल करते हुए कहा कि उन्हें प्रदेश की जनता को यह बताना चाहिए कि सरकार किस दिशा में जा रही है और क्यों खुद उनके ही मंत्री और विधायक असंतुष्ट हो रहे हैं?

# नशा नाश और खेलों से सर्वांगीण विकास : पुष्पेंद्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज अणु के ट्रैक पर जिला एथलेटिक एसोसिएशन के द्वारा जिला स्तरीय एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ करने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा पहुंचे। जिला एथलेटिक एसोसिएशन के प्रधान पंकज भारतीय व सचिव संदीप डडवाल ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि पुष्पेंद्र वर्मा ने जिला एथलेटिक एसोसिएशन को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों के अंदर खेलों के प्रति लगाव पैदा करने में जिला एथलेटिक संघ कई वर्षों से मेहनत कर रहा है और इस तरह के आयोजन हमारे भविष्य के भारत के लिए अति आवश्यक हैं।

डॉ. वर्मा ने कहा नशा नाश है और खेलों से सर्वांगीण विकास है। इस अवसर पर जिला एथलेटिक संघ के सचिव संदीप डडवाल ने बताया कि सभी वर्गों की एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं सुबह 6:00 बजे से शुरू हैं और अगले कल भी जारी रहेगी, उन्होंने आह्वान किया के ज्यादा से ज्यादा बच्चे आए और इसमें हिस्सा लें। कल नेशनल एथलेटिक संघ की तरफ से टैलेंट सर्च का अभियान इस टूर्नामेंट के दौरान चलाया जाएगा। इसके बाद मुख्यातिथि डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार और सर्टिफिकेट्स से सम्मानित किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय कोच भूपेंद्र सिंह प्रदेश बॉक्सिंग संघ के अनिल मनकोटिया नॉमिनेटेड मनोनीत पार्षद हर्ष कालिया व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सब-इंस्पेक्टर रणवीर को विशिष्ट उपलब्धि के लिए किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम वाहिनी संस्था की अध्यक्षा दिव्या राजपूत ने चमियाना गांव के सब इंस्पेक्टर रणवीर सिंह वर्मा (दिल्ली पुलिस) को उनकी विशिष्ट उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। रणवीर सिंह वर्मा को भारतीय नौसेना में अपनी सेवाओं के दौरान 'सैन्य सेवा पदक' से अलंकृत किया गया है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।



दिव्या राजपूत ने उन्हें शाल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया तथा कहा कि रणवीर सिंह वर्मा की यह उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि समस्त क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। युवाओं से आह्वान किया कि वे भी देश सेवा में आगे आएं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं। समारोह में ग्रामीण उपस्थित रहे और उन्होंने रणवीर सिंह वर्मा का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया।

## भलेठ स्कूल को मिलेगा अवार्ड

**हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भलेठ विप्रो अर्थियन कार्यक्रम में देश के टॉप 80 स्कूलों में चयनित हुई है। स्कूल को राष्ट्र स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रयास के लिए पुरस्कार दिया जाएगा।

स्कूल ने अपने प्रदर्शन से हमीरपुर जिला का नाम देशभर में रोशन किया है। नौ मई को सोलन के निजी विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में स्कूल प्रधानाचार्य को नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। स्कूल के छह विद्यार्थियों की एक टीम ने प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में एक सर्वे डाटा तैयार किया था।

**मांग** मुख्यमंत्री के आदेशों को तत्काल लागू करे शिक्षा विभाग

# शिक्षकों को रैफर बैक करने की मांग तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

राजकीय टीजीटी कला संघ ने मांग की है कि युक्तिकरण प्रक्रिया में ज्वाइन कर चुके 200 से अधिक शिक्षकों को रैफर बैक किया जाए। इस बारे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने शिक्षा विभाग को जो आदेश दिए थे, उनका ऑन फाइल अप्रूवल लेकर रैफर बैक आदेश जारी किए जाएं। नए सिरे से होने वाले युक्तिकरण से पहले पुराने युक्तिकरण की खामियां देखते हुए उस पूरी प्रक्रिया के 7 अप्रैल 25 के आदेश ही रद्द किए जाएं।

शिक्षकों ने उन आदेशों के तहत ज्वाइन नहीं किया था, वे अपने पिछले स्कूलों में ज्वाइन हो गए थे।

### युक्तिकरण और तबादलों में लागू हों मुख्यमंत्री के आदेश

मगर शेष शिक्षक आज तक मुख्यमंत्री के आदेशों की अनुपालना की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री स्वयं इस स्थिति का संज्ञान लेकर इन शिक्षकों के रैफर बैक की फाइल सचिवालय में मंगवाकर अप्रूव करें।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष देशराज कालिया, महासचिव विजय हीर सहित समूची प्रदेश कार्यकारिणी ने कहा कि मुख्यमंत्री के आदेशों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। नए सिरे से युक्तिकरण की प्रक्रिया नए मानकों पर होनी चाहिए । वर्तमान में विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर कई स्कूलों के पद समाप्त कर दिए गए हैं जिसके कारण उन स्कूलों में ट्रांसफर होकर जा रहे शिक्षकों के आदेश भी रुक रहे हैं। इसके अलावा ट्रांसफर की जटिल प्रक्रिया में अप्रूव नोट निदेशालय से सचिवालय भेजे जा रहे हैं जिनकी कुछ फाइलें निदेशालय या सचिवालय में ही ट्रेस नहीं हो रही हैं, कुछ फाइल्स शिक्षामंत्री से फिर मुख्यमंत्री कार्यालय जा रही हैं। ऐसे में तबादलों में लंबा वक्त लगता है।

### मुख्यमंत्री की कब सुनेगा विभाग ?

**संघ** ने बताया कि मुख्यमंत्री ने 30 अप्रैल को संघ के एक पदाधिकारी का तबादला आदेश तत्काल रद्द करने के स्पीकिंग आदेश दिए जो आज तक लागू नहीं हुए। ऐसे में मुख्यमंत्री के आदेशों की तामील करवाने का सिस्टम भी दुरुस्त करने की जरूरत है। अगर मुख्यमंत्री के आदेशों की अनुपालना नहीं होगी तो शिक्षक किस पर भरोसा करेंगे। ऐसे में एक्शन टेकन रिपोर्ट लेना जरूरी किया जाए।

# 16 केंद्रों पर होगी तकनीकी विवि की प्रवेश परीक्षा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर का कॉमन एंट्रेंस टेस्ट 10 और 11 मई को होगी। परीक्षा के लिए तकनीकी विवि ने प्रदेश के 15 स्थानों और एक परीक्षा केंद्र चंडीगढ़ में स्थापित किया है। सबसे ज्यादा परीक्षा केंद्र कांगड़ा जिला में चार परीक्षा केंद्र स्थापित किए हैं।

मंडी जिला में दो, हमीरपुर में दो, शिमला, सोलन, सिरमौर, बिलासपुर, उना, चंबा, कुल्लू जिला में एक-एक और चंडीगढ़ में भी एक परीक्षा केंद्र स्थापित करने की योजना बनाई है। 10 मई को प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा के लिए 16 और 11 मई को होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए सिर्फ हमीरपुर में ही एक परीक्षा केंद्र होगा। इस वर्ष 10517 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं, जिसमें स्नातक विषयों में 9782 और स्नातकोत्तर में 735 आवेदन हैं। बीटेक में 5387, बी फार्मेसी में 3408, एमसीए में 322 एमबीए में 346, बीएचएमसीटी में 38, बीएससी एचएम में 50, एमएससी फिजिक्स में 25, एमएससी पर्यावरण विज्ञान में 23 और एमबीए पर्यटन में 11 आवेदन हैं। तकनीकी विवि के परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि एचपीसीईटी-2025 की परीक्षा के लिए चंडीगढ़ सहित प्रदेश के 10 जिला में परीक्षा केंद्र स्थापित करने की तैयारियां पूरी कर ली है।

# हिमाचल में बीपीएल परिवारों का चयन मुश्किलों में फंसा

## निर्धारित तिथि में नहीं हो पाया चयन, अब 15 दिन दिए गए चयन को

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में बीपीएल परिवारों का चयन मुश्किलों में फंस गया है। पात्र परिवार आवेदन करने को आगे नहीं आ रहे हैं। हर तरह के जागरूक अभियान के बाद बीपीएल परिवारों का चयन निर्धारित तिथि पर नहीं हो पाया है।

अब सरकार ने आवेदन की आखिरी तिथि 17 माई तक बढ़ा दी है। पहले 30 अप्रैल को आखिरी आवेदन का दिन रखा गया था। मगर पात्र लोग निर्धारित तिथि में आवेदन नहीं कर पाए। लिहाजा, ग्रामीण एवम पंचायतीराज विभाग ने एक बार पुन: आवेदन तिथि बढ़ाने का फैसला किया है। नई तारीखों के तहत निर्धारित प्रक्रिया में पूरे 15 दिन का बड़ा बदलाव आएगा। निर्धारण नियमावली के तहत उपमंडल अधिकारी 8 मई तक वेरिफिकेशन कमेटी का गठन करेंगे। वेरिफिकेशन कमेटी 25 जून तक सूची को सार्वजनिक करेंगे और उस सूची को पंचायत भवन के नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित करेंगे। सूची के सार्वजनिक



होने के बाद उसे जुलाई माह में आयोजित होने वाली ग्रामसभा की बैठक में सार्वजनिक चर्चा के लिए रखा जाएगा। परस्पर चर्चा के बाद पात्र बीपीएल परिवारों के नाम पर अंतिम मोहर लगेगी। अगले अंतिम चरण में 15 अक्तूबर तक बीपीएल परिवारों की चयन प्रक्रिया को पूरा करना होगा।

जानकारी के अनुसार नई प्रक्रिया के तहत बीपीएल परिवारों चयन के दौरान बाकायदा ग्रामसभा में वीडियोग्राफी की जाएगी। वीडियोग्राफी का पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाएगा। यह तमाम व्यवस्था वीडियो के माध्यम से की जाएगी। अगर किसी तरह की कोई समस्या पेश आती है, तो उपमंडल अधिकारी सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस सहायता प्रदान करेंगे।

इसमें ग्रामीण एवं पंचायतीराज विभाग की तरफ से सख्त हिदायत दी गई है कि संबंधित वेरिफिकेशन कमेटी पंचायतों में घर-घर जाकर छानबीन करके आवश्यक चयन प्रक्रिया अपनाएं। उसके बाद कमेटी की सभी सिफारिशों को ग्रामसभा की बैठकों में रखा जाएगा, जहां पर बीपीएल सूची पर अंतिम मोहर लगेगी। अगर बीपीएल परिवारों की सूची समावेशन मानदंडों को पूरा नहीं करती हैं या किसी एक्सक्लूजन के मानदंडों के कारण अयोग्य हैं, उस सूरत में विवादास्पद परिवारों को सूची से हटाने की सिफारिश को वेरिफिकेशन कमेटी ग्रामसभा में निर्णय के लिए रखेगी। (अनंत ज्ञान)

### 15 दिनों में दस्तावेजों की जांच कर दी जाएगी मंजूरी

**पारदर्शिता** के अगले चरण में परिवारों की सूची में इंक्लूजन का निर्णय ग्रामसभा में उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत से लिया जाएगा। ग्रामसभा की संतुति पर उपमंडल अधिकारी की अध्यक्षता में खंड स्तरीय कमेटी पंचायत इंस्पेक्टर/सब पंचायत इंस्पेक्टर शामिल होंगे। 15 दिनों के भीतर दस्तावेजों की उचित जांच कर इसको मंजूरी देगी। वहीं, खंड स्तरीय कमेटी अपनी जांच का लिखित रिकॉर्ड बनाकर रखेगी। फिर खंड स्तरीय समिति ने लिखित रूप में सिफारिशों के खिलाफ साक्ष्य दर्ज नहीं होने तक बीपीएल सूची में इंक्लूजन और एक्सक्लूजन को लेकर ग्राम सभा की सिफारिशें स्वीकार्य होंगी।

## नंदा बोल-भाजपा का अंबेडकर सम्मान सफलतापूर्वक बढ़ रहा आगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने बैनमोर वार्ड में डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत संपर्क अभियान में भाग लिया। उनके साथ प्रदेश कोषाध्यक्ष कमल सूद, पूर्व पार्षद अनूप वैद्य, राजेश शर्मा उपस्थित रहे। इस दौरान वार्ड में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 24 घरों में संपर्क किया है। कर्ण नंदा ने मीडिया से बताया कि प्रदेशभर में भीमराव अंबेडकर सम्मान संपर्क अभियान चल रहा है। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में भाजपा के 2000 से अधिक कार्यकर्ताओं ने 10000 से अधिक घरों में संपर्क किया। नंदा ने कहा कांग्रेस ने डा. भीमराव आंबेडकर का हमेशा अपमान किया।

## कांग्रेस ने संविधान में किए सबसे ज्यादा संशोधन : सिकंदर

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**



डॉ. सिकंदर के साथ पूर्व विधायक रविंद्र धीमान व अन्य।

आजादी के बाद भारत में सामाजिक और राजनीतिक दो बड़े बिखराव थे। इन बिखरावों को एक सूत्र में पिरोने का काम डॉ. भीमराव अंबेडकर और सरदार वल्लभभाई पटेल ने किया। यह बात राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर ने आलमपुर के जांगल में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस पार्टी ने आजादी के बाद सबसे लंबे समय तक देश पर शासन किया, उसी पार्टी ने इन महान व्यक्तियों का तिरस्कार और अपमान किया। कांग्रेस ने अगर डॉ. अंबेडकर के नाम पर कुछ किया भी है तो सिर्फ अपने राजनीतिक लाभ के लिए किया है। कांग्रेस ने लगभग 60 वर्षों तक देश पर शासन किया, लेकिन डॉ. अंबेडकर को जो मान-सम्मान मिलना चाहिए था, वह नहीं दिया गया। उन्हें भारत रत्न का सम्मान भी भाजपा सरकार ने ही प्रदान किया।

संविधान संशोधन को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए डॉ. सिकंदर ने कहा कि अब कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वह संविधान संशोधन का राग अलाप रही है। देश के संविधान में अब तक 128 बार संशोधन हुए हैं, जिनमें से अधिकांश कांग्रेस के शासन में हुए।

इस अवसर पर पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने भी कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार केवल झूठे वादों और घोषणाओं पर टिकी हुई है। उन्होंने कहा कि जनता को गुमराह करने की नीति से अब लोग पूरी तरह से जागरूक हो चुके हैं। भाजपा की केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के विकास के लिए अब तक अभूतपूर्व सहयोग दिया है, लेकिन प्रदेश सरकार राजनीतिक लाभ के लिए जान-बूझकर केंद्र पर झूठे आरोप लगा रही है। इस मौके पर जयसिंहपुर मंडल के अध्यक्ष देवेंद्र राणा और आलमपुर मंडल अध्यक्ष हनुमंत शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## रविवार को 25 हजार श्रद्धालु बाबा की गुफा में हुए नतमस्तक

**एसके ठाकुर, बड़सर**



बाबा बालक नाथ मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़।

उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में रविवार को 25 हजार श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन करके बाबाजी की पिंडी पर शीश नवाया। हर तरफ श्रद्धालु बाबा जी के उद्घोष के साथ गुफा दर्शनों के लिए आगे बढ़ रहे थे।

मंदिर प्रेसिडेंट एवं एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम स्वयं मंदिर परिसर में पहुंचकर ट्रस्ट की व्यवस्थाओं को स्वंय चेक कर रहे थे, ताकि श्रद्धालुओं को गुफा दर्शन करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थीं। बाबा की नगरी में रविवार को श्रद्धालुओं के उद्घोष से भक्तिमय हुई थी। हिमाचल प्रदेश के साथ साथ पंजाब व अन्य राज्यों के श्रद्धालु भी गुफा दर्शनों के बाबा की नगरी में पहुंचे हुए थे।

अपंग असहाय बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए मंदिर टस्ट बस अड्डा से लेकर अप्पर बाजार तक निशुल्क टैक्सी सुविधा प्रावधान करता है, ताकि ऐसे श्रद्धालु बड़े आराम से गुफा दर्शन कर सकें। राजेंद्र गौतम ने बताया कि मंदिर न्यास श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर वक्त तत्पर रहता है। मंदिर में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस जवान हर वक्त बड़ी मुस्तादी से तैनात रहते हैं तथा श्रद्धालुओं पर पहनी नजर रखते हैं ताकि मंदिर में गुफा दर्शन निर्भीक को होकर कर सकें। (अनंत ज्ञान)

## बादल फटने से हुई व्यक्ति की मौत पर सीएम ने जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिला चंबा के चेली गांव के समीप डोंडरा नाला में बीती रात बादल फटने की घटना में एक व्यक्ति के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने शोकग्रस्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की है। इस घटना में प्रभावित परिवार को 25,000 रुपए की अंतरिम राहत राशि प्रदान की गई है।

प्रारंभिक आकलन के अनुसार बादल फटने से आई बाढ़ में लगभग 150 भेड़-बकरियां बह गईं। सीएम ने कहा कि शोक की इस घड़ी में प्रदेश सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है।

कहानी-46

अनंत ज्ञान

# हर गांव कुछ कहता है

अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

## कभी एशिया का सबसे समृद्ध था कमरऊ गांव

### पत्थरों की खानें बंद होने से हुआ नुकसान, दोबारा शुरू करने की उठ रही मांग



'हर गांव कुछ कहता है' की इस कड़ी में आज बात सिरमौर जिले के एक ऐसे गांव की जो गिरिपार क्षेत्र का सबसे बड़ा और 90 के दशक में एशिया का सबसे समृद्ध गांव माना जाता था। इस गांव में घरों की संख्या लगभग 300 से अधिक है। गांव से अनेकों प्रसिद्ध खनन व्यवसायी रहे हैं। यही नहीं, उच्च पदों पर भी खास चेहरे इस गांव से संबंध रखते हैं।



हेमराज राणा
शिलाई (सिरमौर)

### लेफ्टिनेंट स्वराज ठाकुर बने प्रेरणा स्रोत



**इसी** गांव से युवाओं के प्रेरणा स्रोत युवा सेना अधिकारी लेफ्टिनेंट स्वराज ठाकुर, जिन्होंने अपनी काबिलियत और हुनर का लोहा मनवाया और बहुत कम उम्र में अपने माता-पिता, गांव, क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन किया है। स्वराज ठाकुर सेनाधिकारी के साथ-साथ बेहतरीन राष्ट्रीय एथलीट भी माने रहे हैं।

### निशांत तोमर कड़ी मेहनत से बने एसडीएम



**इसी** प्रकार उच्च पदों पर जैसे निशांत तोमर एचएएस जो वर्तमान में एसडीएम रामपुर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। निशांत तोमर गांव के साथ-साथ गिरिपार क्षेत्र के लिए प्रेरणा स्रोत माने जाते हैं जिन्होंने कड़ी मेहनत की बदौलत काबिलियत का लोहा मनवाया है।

### खनन व्यवसाय में कमाया नाम



**खनन** व्यवसाय में स्व. चतर सिंह राणा (मियां), स्व. जालम सिंह, स्व. सोहन सिंह पांटा, मीन सिंह, लाला लायक राम, खजान सिंह आदि ने दिन-रात मेहनत करके अपने गांव का नाम पूरे एशिया में चमकाया।

### जय सिंह ठाकुर की सेवाएं सराहनीय



**जय** सिंह ठाकुर जो वर्तमान में श्री रेणुका जी में तहसीलदार के पद पर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इनके संघर्ष का लंबा इतिहास बताया जाता है, जिन्होंने पूर्व में अनेकों वर्षों तक जेई के रूप में भी सराहनीय सेवाएं प्रदान की हैं। कुंदन सिंह स्कूल प्रिंसिपल जो अपने गांव में ही सराहनीय सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। वहीं, विक्रम ठाकुर प्रोफेसर कॉलेज कैडर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### इन्होंने भी चमकाया नाम



जोगी राम



प्रधान, मोहन ठाकुर

**पूर्व** कॉलेज प्रिंसिपल जोगी राम तोमर, पूर्व प्रधान खत्री राम, उदय शर्मा, चूही राम शर्मा, पूर्व प्रधान बहादुर सिंह, स्व. लाल सिंह शर्मा, पूर्व प्रधान बलवीर सिंह, स्व. मीत सिंह, स्व. रामभज ठाकुर इत्यादि अनेक सम्मानित चेहरे इस गांव से संबंध रखते हैं। वहीं, वर्तमान में पंचायत प्रधान मोहन ठाकुर, सेना में कार्यरत अंकुश तोमर, जो नौकायान में राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुके हैं। वहीं, सुनील राणा केंद्रीय यूको बैंक में बतौर शाखा प्रबंधक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रधान मोहन ठाकुर विकास कार्यों को करवाने में सक्रिय रहते हैं और छात्रों-युवाओं को भी प्रोत्साहित करते रहते हैं।

### तीन भागों में विभक्त है गांव

**यह** गांव तीन भागों (शालना, मुनाना और चौकी) में विभक्त है। इस प्रकार ये गांव एशिया का सबसे समृद्ध गांव हुआ करता था, किंतु अनेक कारणों से यहां के पत्थरों की खानें बंद हो गईं और ये रुतबा कमरऊ से छिन गया। हालांकि, यहां के बुद्धिजीवी आज भी बंद माइनों को खोलने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं, क्योंकि इन पत्थरों की खानों से न केवल स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है अपितु इन खानों से नेपाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड तथा और भी बहुत सारे लोगों को रोजगार मिलता है।

### गांव के लोग नशे के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध



सुनील राणा

**कमरऊ** गांव के लोग नशे के खिलाफ एकजुट होकर सराहनीय पहल कर रहे हैं। गांववासियों ने नशा मुक्ति को अपना संकल्प बना लिया है और युवाओं को जागरूक करने के लिए रैलियां, नुक्कड़ नाटक और सभाएं आयोजित कर रहे हैं। ग्राम पंचायत और स्कूलों के सहयोग से नशे के दुष्परिणामों पर खुली चर्चा की जा रही है। स्थानीय युवाओं ने भी नशे से दूर रहने और दूसरों को प्रेरित करने का बीड़ा उठाया है। यह गांव अब प्रदेश में नशा मुक्त अभियान की मिसाल बनता जा रहा है। सुनील राणा का संघर्ष भी क्षेत्र समाज के लिए अनुकरणीय माना जाता है। यह सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे रहते हैं।

## हिमाचल में नीट-यूजी की परीक्षाएं बिना किसी गतिरोध के संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

रविवार को नीट-यूजी की परीक्षाएं आयोजित की गई। हिमाचल में लगभग 50 केंद्रों पर परीक्षार्थियों ने इसकी परीक्षा दी। कई जगह बारिश, तूफान व ओलावृष्टि के बावजूद उम्मीदवार पूरे जोश के साथ थे। रविवार दोपहर 2 से 5 तक परीक्षा देने का समय रखा गया था। इसके लिए परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से सभी केंद्रों में प्रवेश दिया गया और 1.30 बजे के बाद किसी को भी अंदर प्रवेश नहीं मिला।

खास बात यह रही कि प्रवेश प्रक्रिया के दौरान मेटल डिटेक्टर के साथ जांच की गई और एडमिट कार्ड पर दिए गए दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करना अनिवार्य किया गया था। सभी परीक्षार्थियों को एनटीए की वेबसाइट से डाउनलोड किया गया एडमिट कार्ड, आधार कार्ड, अपडेटेड आवेदन फार्म में लगाई गई फोटो की एक प्रति और पारदर्शी पानी की बोतल साथ लाने की इजाजत दी गई थी। दिव्यांग छात्रों को मान्य प्रमाण पत्र भी लाना जरूरी रखा गया था। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच ब्लूटूथ डिवाइस आदि प्रतिबंधित किए गए थे। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी निगरानी और जैमर लगाए गए थे, जिससे गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## भारत निर्वाचन आयोग सिंगल प्वाइंट ऐप करेगा लॉन्च

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों के लिए एक नया उपयोगकर्ता-अनुकूल डिजिटल इंटरफेस विकसित कर रहा है। नया वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म, ईसीआईएनईटी, ईसीआई के 40 से अधिक मौजूदा मोबाइल और वेब एप्लिकेशंस को एकीकृत और पुनर्निर्देशित करेगा।

ईसीआइएनइटी सभी चुनाव संबंधित गतिविधियों के लिए एकल प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा। इससे उपयोगकर्ताओं को विभिन्न ऐप डाउनलोड करने, नेविगेट करने और विभिन्न लॉगिन याद रखने की आवश्यकता भी नहीं रहेगी।

ईसीआईएनईटी उपयोगकर्ताओं को अपने डेस्कटॉप या स्मार्ट फोन पर प्रासंगिक चुनावी डाटा तक पहुंच सुनिश्चित करेगा। इसमें प्राधिकृत ईसीआई अधिकारी द्वारा सटीक डाटा दर्ज किया जाएगा। इसके अतिरिक्त किसी भी विवाद की स्थिति में, वैधानिक प्रपत्रों में विधिवत भरा गया प्राथमिक डाटा ही मान्य होगा। ईसीआईएनईटी में वोटर हेल्पलाइन ऐप, वोटर टर्नआउट ऐप, विजिल, सुविधा 2.0, ईएसएमएस, सक्षम, केवाईसी ऐप और अन्य मौजूदा ऐप शामिल होंगे। इससे लगभग 100 करोड़ मतदाताओं और चुनाव प्रणाली से संबंधित बूथ लेवल अधिकारी, राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट, मतदान अधिकारी, सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी, ईआरओ और जिला चुनाव अधिकारी लाभान्वित होंगे। ईसीआइएनइटी अपने विकास के अन्तिम स्तर पर है और इसकी प्रभावशीलता तथा साइबर सुरक्षा के दृष्टिगत विकसित किया जा रहा है।

### शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई पर बोले नेता प्रतिपक्ष

## लोकतंत्र में तानाशाही से नहीं चलाई जा सकती सरकार



अंबेडकर सम्मान संपर्क अभियान शुरू करते हुए जयराम ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर गए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बयान जारी कर कहा कि लोकतंत्र में सरकार तानाशाही तरीके नहीं अपना सकती है। सत्ता में आने के बाद ही मुख्यमंत्री सुक्खू जिस तरीके का तानाशाही रवैया अपना रहे हैं वह लोकतंत्र में मंजूर नहीं है।

सरकार चारों तरफ अपने आप को कर्मचारियों का हितैषी बताते नहीं थकती है, लेकिन उनकी एक भी बात सुनने को तैयार नहीं है। जिन मुद्दों को चुनाव पूर्व कांग्रेस के नेताओं ने समर्थन दिया था, जिनके लिए चौक चौराहे पर गला फाड़-फाड़ कर चिल्ला रहे थे। सरकार में आने के बाद सब भूल गए। यहां तक कि जब लोगों ने अपनी मांगें सरकार आने पर दोहराई तो सरकार ने उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की। कर्मचारियों से लेकर आमजन के हितों के मुद्दों पर सरकार पूरी तरीके से बेनकाब हो चुकी है।

नेता प्रतिपक्ष ने अपने विधानसभा क्षेत्र सराज के खनेरी और खूनागी में डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान संपर्क अभियान के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग से संबंध रखने वाले प्रबुद्धजनों से भेंट की और बाबा साहेब के योगदान के बारे में बातचीत की। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठजनों के साथ बाबा साहेब के अतुलनीय योगदानों के संबंध में चर्चा भी की। कांग्रेस के नेताओं द्वारा बाबा साहेब का सदैव अपमान किया गया। उन्हें भारत रत्न भी तब मिला जब केंद्र में भाजपा के सहयोग से सरकार बनी। पीएम मोदी ने बाबा साहेब से जुड़े स्थलों को पंच तीर्थ बनाया।

समाधान

### अक्तूबर 2023 से मार्च 2025 के बीच कुल 3,25,926 लंबित राजस्व मामले निपटाए

## प्रदेश में राजस्व समस्याओं के निवारण में सफल साबित हो रही राजस्व लोक अदालतें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**



राजस्व संबंधी मामलों को तेजी से हल करने में मिल रही मदद

प्रदेश सरकार ने राजस्व संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए राजस्व लोक अदालतों का आयोजन करने की नवोन्मेषी पहल की है, जिसके उत्साहजनक परिणाम सामने आए हैं। राज्य में अक्तूबर 2023 से मार्च 2025 के बीच कुल 3,25,926 लंबित राजस्व मामलों का सफलतापूर्वक निपटारा किया गया है। इससे प्रदेश सरकार की उत्तरदायी शासन व्यवस्था और नागरिक-केंद्रित सेवा वितरण की कार्यशैली प्रदर्शित हो रही है।

सरकार ने बताया कि इस अवधि के दौरान 2,75,004 इंतकाल मामले, 16,258 तकसीम मामले, 27,404 निशानदेही मामले और 7,260 दुरुस्ती के मामलों का निपटारा किया गया है।

राज्य के इतिहास में पहली बार आयोजित इस प्रकार की राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से लोगों के राजस्व संबंधी मामलों को हल किया जा रहा है और राजस्व लोक अदालतों के नियमित आयोजन से लोगों को नियमित राजस्व मामलों के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं रही है। सरकार के जनहितैषी प्रयासों के परिणामस्वरूप राजस्व सेवाओं के वितरण में दक्षता सुनिश्चित हुई है।

### सार्वजनिक सेवाओं के वितरण को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर किया जा रहा मजबूत

**उन्होंने** कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने निर्देशानुसार सार्वजनिक सेवाओं के वितरण के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके दृष्टिगत राजस्व अधिकारियों को आवश्यक सेवाओं तक ऑनलाइन पहुंच की सुविधा के लिए तेजी से डिजिटल टूल और कार्यप्रणाली अपनाने के निर्देश दिए गए हैं। इसका उद्देश्य प्रदेशवासियों के लिए पारदर्शी, जवाबदेह और तकनीकी रूप से सशक्त शासन पारिस्थितिकी प्रणाली बनाना है।

### राजस्व लोक अदालतों को बनाया जा रहा अधिक कुशल और समावेशी

**मुख्यमंत्री** के मार्गदर्शन में पहली बार अक्तूबर 2023 में राजस्व लोक अदालतों का आयोजन किया गया था। इसके पश्चात राजस्व लोक अदालतों को लंबित राजस्व मामलों को हल करने के लिए नियमित अंतराल में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें तहसील और उप तहसील स्तर पर समयबद्ध समस्याओं का निवारण हो रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्व लोक अदालतों का सफल आयोजन शासन को और अधिक कुशल, सहभागी और समावेशी बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

# जंगली खजूर
## प्रकृति की मीठी औषधि

### स्वादिष्ट फल में सेहत का खजाना




*विकास की दौड़ में जहां हम कृत्रिम खाद्य पदार्थों और दवाइयों की ओर झुकते जा रहे हैं। वहीं, हमारे आसपास के वनों में अनेक ऐसे प्राकृतिक खजाने छिपे हैं, जो हमारी सेहत को संजीवनी दे सकते हैं। इन्हीं में से एक है जंगली खजूर, जो न केवल स्वादिष्ट फल देता है, बल्कि अपने औषधीय गुणों के लिए भी जाना जाता है।*

**पहचान :** जंगली खजूर, जिसे हिंदी में 'खर्जूर या 'वन खजूर' के नाम से जाना जाता है। यह वनस्पति परिवार एरेकेसी से आता है। इसकी पत्तियां लंबी और कांटेदार होती हैं, और फल छोटे, काले या भूरे रंग के होते हैं। हिमाचल सहित भारत के अनेक राज्यों में यह प्राकृतिक रूप से उगता है।

***पारंपरिक उपयोग और महत्वः*** *सबसे खास बात इसके फलों की है, जिन्हें आम बोलचाल में 'खजूरी' या 'जंगली खजूर' कहा जाता है। ये मीठे फल गर्मियों की शुरुआत में पकते हैं तथा फाइबर आयरन और प्राकृतिक शर्करा से भरपूर होते हैं। इन्हें सीधे खाया जाता है या फिर सुखाकर सालभर के लिए संग्रहित किया जाता है। पारंपरिक रूप से इन फलों को चटनी, शरबत, या चूर्ण के रूप में उपयोग किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में फलों को कमजोरी, थकान और रक्ताल्पता में लाभकारी माना जाता है। पारंपरिक वैद्यक में 'जंगली खजूर' के रस का खास महत्व है। इसका प्रयोग पाचन सुधारने, बुखार और मूत्र विकारों में किया जाता है। कुछ क्षेत्रों में इसके तने के कोमल हिस्से को खाया जाता है, जो किफाइबर से भरपूर होता है तथा कुछ स्थानों पर इसका सिरका और शरबत भी तैयार किया जाता है, जो पाचन में तो सहायक होता ही है, लेकिन तपती गर्मी में ठंडक भी प्रदान करता है। जंगली खजूर के पत्तों का उपयोग टोकरी, चटाई, झाड़ू और छप्पर बनाने में किया जाता है। इसके पत्ते टिकाऊ होते हैं और लंबे समय तक उपयोग किए जा सकते हैं। इसके तनों से रेशा निकाला जाता है, जिसका प्रयोग रस्सियों और झोपड़ियों में होता है। इसकी मजबूत पत्तियां और लचीले रेशे स्थानीय कारीगरों के लिए एक बहुमूल्य कच्चा माल हैं और इसके उत्पाद स्थानीय लोगों के लिए आय के अतिरिक्त साधन हैं।*

### औषधीय गुण



1. **पाचन** शक्ति को सुधारने में सहायक
जंगली खजूर का सेवन गैस, अपच और कब्ज जैसी समस्याओं में लाभदायक माना जाता है। इसके फलों में मौजूद प्राकृतिक फाइबर आंतों की सफाई करते हैं और पाचन को सुचारु बनाते हैं।

2. **ऊर्जा** का नैसर्गिक स्रोत
यह फल प्राकृतिक शर्करा (ग्लूकोज और फ्रक्टोज) से भरपूर होता है, जो थकान मिटाने और शरीर को ताजगी देने में मदद करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इसे मजदूर वर्ग दिनभर की ऊर्जा प्राप्त करने के लिए नाश्ते में लेते हैं।

3. **रक्तशुद्धि** और त्वचा संबंधी रोगों में उपयोगी
आयुर्वेद में इसे रक्त को शुद्ध करने वाला माना गया है। त्वचा पर फोड़े-फुंसी या खुजली की समस्या हो, तो इसके चूर्ण को पानी या गुलाबजल में मिलाकर लगाने से राहत मिलती है। इनमें पाए जाने वाले खनिज तत्व आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम, मैग्नीशियम और फॉस्फोरस हड्डियों की मजबूती और रक्त निर्माण में सहायक हैं।

4. **गर्भवती** महिलाओं के लिए लाभदायक
कुछ पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार, जंगली खजूर का सेवन गर्भवती महिलाओं को ताकत देने और प्रसव को सहज बनाने के लिए किया जाता है। हालांकि, इस विषय पर वैज्ञानिक शोध की आवश्यकता है। कई क्षेत्रों में मान्यता है कि नवजात शिशु को जंगली खजूर का रस देने से उसे ताकत मिलती है और हड्डियां मजबूत होती हैं।

5. **प्रतिरक्षा** तंत्र को मजबूत करने में सहायक
इसके फलों में मौजूद विटामिन ए, सी कुछ मात्रा में बी-कांप्लेक्स और पॉलीफेनोल्स जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो कोशिकाओं को क्षय से बचाते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं। इसके तनों से निकलने वाला प्राकृतिक रस पारंपरिक रूप से एक उत्कृष्ट प्राकृतिक शर्करा स्रोत के रूप में प्रयोग होता आया है। वर्तमान समय में, जब भारत को 'डायबिटीज की राजधानी' के रूप में जाना जाता है, इसका उपयोग स्वस्थ एवं पारंपरिक विकल्प के रूप में और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है।

### ताड़ी संग्रहण की प्रक्रिया

● 20-25 वर्ष पुराने पेड़ ताड़ी निकालने के लिए उपयुक्त माने जाते हैं। ● पेड़ के ऊपरी हिस्से में विशेष प्रकार का कट लगाया जाता है, जिससे रस निकल सके। ● पात्र कट के नीचे एक मिट्टी या बांस से बना पात्र बांधा जाता है, जिसमें रातभर रस एकत्र होता है।

*रस संग्रहणः सुबह-सवेरे, सूरज निकलने से पहले, रस को एकत्र किया जाता है, क्योंकि इसके बाद रस का स्वाद और गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।*

### रस निकालने की परंपरा

**रस** मुख्य रूप से खजूर के तने के ऊपरी भाग से निकाला जाता है। इसके लिए पेड़ के ऊपरी हिस्से में कट लगाकर वहां एक पात्र (जैसे मटका या बांस की नली) बांध दी जाती है, जिससे धीरे-धीरे यह रस रिसकर उसमें इकट्ठा होता है। फरवरी से अप्रैल के बीच इसकी ताजगी भरी मीठी रसधार निकाली जाती है, जिसे 'ताड़ी' कहा जाता है। यह रस सुबह-सुबह पेड़ों से एकत्र किया जाता है, ताजे रूप में यह हल्का मीठा, ठंडक देने वाला और पौष्टिक माना जाता है। हिमाचल प्रदेश में जंगली खजूर का रस मुख्यतः निचले व गर्म जलवायु वाले क्षेत्रों में निकाली जाती है, जहां देसी खजूर प्राकृतिक रूप से उगता है।

● **सिरमौर जिला :** खासकर पांवटा साहिब, नाहन और आसपास के मैदानी क्षेत्रों में।
● **सोलन जिला :** कालका-परवाणू बेल्ट, दून घाटी (नालागढ़ क्षेत्र) में।
● **जिला :** गर्म क्षेत्र होने के कारण यहां भी जंगली खजूर के पेड़ मिलते हैं।

***बिलासपुर और कांगड़ा के कुछ मैदानी हिस्सों में भी यह वृक्ष पाया जाता है, विशेषकर जहां जलवायु गर्म व आर्द्र होती है।***

### संरक्षण और संभावनाएं

**आज** शहरीकरण और नई पीढ़ी की अनभिज्ञता के कारण ऐसे पौधों का महत्व धीरे-धीरे घट रहा है। आवश्यक है कि इस पारंपरिक ज्ञान और वनस्पति धरोहर को संरक्षित किया जाए। जंगली खजूर जैसे पौधों की व्यावसायिक खेती, मूल्य संवर्धन और बाजार उपलब्धता पर ध्यान देकर न केवल इसे संरक्षित किया जा सकता है, बल्कि ग्रामीण लोगों को एक स्थायी आजीविका का साधन भी उपलब्ध कराया जा सकता है। जंगली खजूर को एक कहीं-कहीं पवित्र पौधे के रूप में पूजा जाता है और इसकी कोमल टहनियों और पत्तों को चारे के रूप में उपयोग किया जाता है। एक बहुउपयोगी पौधे के रूप में इसे घरों के आसपास, मंदिरों या सड़कों के साथ उगाया जा सकता है। हालांकि, अब जब धीरे-धीरे दुनिया प्राकृतिक चिकित्सा की ओर लौट रही है, तब हमें भी अपने लोक ज्ञान और वन संपदाओं की ओर ध्यान देना चाहिए। जंगली खजूर जैसे पौधे केवल जंगली फल नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और स्वास्थ्य दोनों के संरक्षक हैं। समय आ गया है कि हम इन्हें पहचानें, संरक्षित करें और इनके औषधीय उपयोग को पुनर्जीवित करें, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस मीठे, पौष्टिक और बहुउपयोगी वनस्पति से लाभान्वित हो सकें।



*डॉ. तारा देवी सेन
विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी।*

# गर्भवती महिलाएं लें स्त्री विशेषज्ञ से सलाह




गर्भवती स्त्री को स्त्री रोग विशेषज्ञ की सलाह महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे गर्भावस्था के दौरान मां और बच्चे के स्वास्थ्य की निगरानी करते हैं, जटिलताओं का पता लगाते हैं और उपचार प्रदान करते हैं। प्रसूति स्त्री रोग विशेषज्ञ महिला प्रजनन प्रणाली और गर्भावस्था से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं में विशेषज्ञ होते हैं। प्रत्येक तिमाही के दौरान आपके शरीर में होने वाले बदलावों को समझना आपको आगे आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद कर सकता है। आपका स्त्री रोग विशेषज्ञ शारीरिक और भावनात्मक बदलावों, सामान्य लक्षणों और गर्भावस्था के प्रत्येक चरण के दौरान क्या सामान्य माना जाता है, उसके बारे में बता सकता है। गर्भावस्था के दौरान यह जानना महत्वपूर्ण है कि आपको कब डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। आपका स्त्री रोग विशेषज्ञ आपको उन चेतावनी संकेतों के बारे में बता सकता है, जो किसी समस्या का संकेत दे सकते हैं, जैसे कि गंभीर सिरदर्द, दृष्टि में परिवर्तन या असामान्य दर्द। कांगड़ा-पालमपुर रोड पर स्थित सीटी अस्पताल के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप मक्कड़ एक ऐसे चिकित्सक हैं, जिनके उपचार, सलाह व मार्गदर्शन से स्त्री व गर्भ में पल रहे बच्चे को स्वस्थ रखने व अस्पताल में बिना किसी डर के डिलीवरी करवाने में सफलताएं पाई हैं। यही कारण है कि आज स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप मक्कड़ विश्वसनीय चिकित्सकों में देखे गए हैं। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप मक्कड़ का कहना है कि प्रसव पूर्व देखभाल महत्वपूर्ण है। अपने स्त्री रोग विशेषज्ञ से चर्चा करें कि प्रसव के बाद क्या अपेक्षा करनी चाहिए, जिसमें रिकवरी टिप्स, स्तनपान सहायता, और आपको अपनी पहली प्रसवोत्तर यात्रा कब निर्धारित करनी चाहिए। यदि आप अपने बच्चे के जन्म के बाद जन्म नियंत्रण पर विचार कर रही हैं, तो अपने स्त्री रोग विशेषज्ञ से विकल्पों पर चर्चा करने का यह सही समय है। वे आपको एक ऐसी विधि चुनने में मदद कर सकते हैं, जो आपकी जीवनशैली और स्वास्थ्य आवश्यकताओं के अनुकूल हो।



**▶▶ जीवनशैली और स्वास्थ्य आवश्यकताओं के अनुकूल होना आवश्यकः डॉ. प्रदीप मक्कड़**

### बदलते हार्मोन स्तरों के कारण नींद लेना चुनौतीपूर्ण

**डॉ.** प्रदीप मक्कड़ का मानना है कि गर्भावस्था के दौरान कई तरह की असुविधाओं और बदलते हार्मोन स्तरों के कारण नींद लेना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। स्वस्थ नींद की दिनचर्या बनाए रखने और अपने बढ़ते पेट को सहारा देने के लिए कौन सी मुद्राएं सबसे अच्छी हैं। इस बारे में अपने स्त्री रोग विशेषज्ञ से सलाह लें। जैसे-जैसे आपकी नियत तिथि नजदीक आती है, प्रसव और डिलीवरी के बारे में चिंता होना स्वाभाविक है। प्रसव के संकेतों, दर्द प्रबंधन विकल्पों और प्रसव के दौरान क्या अपेक्षा करनी है। इसके बारे में अपने स्त्री रोग विशेषज्ञ से पूछें। इन पहलुओं को समझने से आपको अधिक तैयार और आत्मविश्वासी महसूस करने में मदद मिल सकती है। डॉ. मक्कड़ कहते हैं कि गर्भावस्था के दौरान यह जानना महत्वपूर्ण है कि आपको कब डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। आपका स्त्री रोग विशेषज्ञ आपको उन चेतावनी संकेतों के बारे में बता सकता है, जो किसी समस्या का संकेत दे सकते हैं, जैसे कि गंभीर सिरदर्द, दृष्टि में परिवर्तन या असामान्य दर्द।

**प्रस्तुतिः संजय अग्रवाल, धर्मशाला**



# मानसिक मरीजों में वृद्धि का बड़ा कारण मोबाइल फोन

आज देश में मोबाइल यूजर्स की संख्या 100 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है और स्मार्टफोन हमारी जिंदगी का बहुत बड़ा हिस्सा हो गया है। हम कुछ देर बिना खाए रह सकते हैं, लेकिन बिना मोबाइल और इंटरनेट के रहना मुश्किल है। कई मायने में तो स्मार्टफोन के फायदे हैं, लेकिन इसके कई सारे नुकसान भी हैं। मोबाइल के साथ सबसे बड़ी दिक्कत रेडिएशन की है। यह सेहत के लिए किसी जहर से कम नहीं है। आज की इस रिपोर्ट में हम आप मोबाइल रेडिशन और टावर रेडिएशन के सेहत पर प्रभाव और इसे जांचने के तरीके के बारे में बताएंगे। आइए जानते हैं...

### क्या है मोबाइल टावर रेडिएशन?

किसी भी डिवाइस को एक-दूसरे से कनेक्ट होने के लिए एक नेटवर्क की जरूरत होती है। मोबाइल फोन के साथ भी ऐसा ही है। मोबाइल फोन के नेटवर्क के लिए टेलीकॉम कंपनियां अलग-अलग क्षेत्रों में जरूरत के मुताबिक, टावर इंस्टॉल करती हैं। नेटवर्क के मामले में रेडिएशन दो तरह का होता है। पहला टावर से निकलने वाला और दूसरा मोबाइल का रेडिएशन। टावर का रेडिएशन तो आप खुद से चेक नहीं कर सकते, लेकिन अपने फोन का कर सकते हैं। टावर का रेडिशन हमारे सीधे संपर्क में नहीं रहता है, इसलिए इसका गलत प्रभाव शरीर पर बहुत कम पड़ता है, लेकिन फोन 24 घंटे हमारे साथ रहता हो, तो इसका प्रभाव बहुत ज्यादा पड़ता है। हम जिस मोबाइल फोन का उपयोग करते हैं, उनसे एक विशेष प्रकार की तरंगें (इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन) निकलती हैं, जिन्हें आम जनजीवन के लिए हानिकारक माना जाता है।

### मोबाइल फोन के उपयोग को सीमित करने के उपाय

● फोन का इस्तेमाल करने के लिए एक समय निर्धारित करें
● दिन में कुछ घंटे के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल करें और बाकी समय में अन्य गतिविधियों में शामिल हों।
● सोशल मीडिया का इस्तेमाल कम करें।



*डॉक्टर चिराग ठाकुर
मेडिकल ऑफिसर आयूष
सिविल अस्पताल रत्ती मंडी।*

### मोबाइल रेडिएशन से होने वाले नुकसान

मोबाइल रेडिएशन से दिमाग का कैंसर, एकाग्रता, आंख की समस्याएं, तनाव में वृद्धि, जन्मजात के लिए जोखिम, न्यूरोडेगेनेरेटिव डिसऑर्डर, दिल का जोखिम, प्रजनन क्षमता और सुनने में परेशानी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। एम्स और इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) ने एक स्टडी में दावा किया है कि मोबाइल रेडिएशन के कारण इंसान बहरा हो सकता है और यहां तक कि नपुंसक होने की भी संभावना है, हालांकि इसका कोई साक्ष्य अभी तक सामने नहीं आया है।

### फोन के अत्यधिक उपयोग से होने वाली मानसिक समस्याएं

**डिप्रेशनः** कुछ अध्ययनों से पता चला है कि मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग डिप्रेशन के जोखिम को बढ़ा सकता है।
नींद की समस्याएंः रात में मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से नींद की गुणवत्ता कम हो सकती है और नींद की समस्याएं हो सकती हैं, जैसे कि अनिद्रा।
**सामाजिक अलगावः** मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से लोग सामाजिक रूप से अलगाव महसूस कर सकते हैं, क्योंकि वे वास्तविक दुनिया में लोगों के साथ बातचीत करने के बजाय अपने फोन में व्यस्त रहते हैं।
**निम्न आत्म-सम्मान :** सोशल मीडिया पर दूसरों के साथ अपनी तुलना करने से बच्चों और किशोरों में निम्न आत्म-सम्मान हो सकता है।
**नशे की लत :** मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से नशे की लत लग सकती है, जिससे लोग अपने फोन को छोड़ने में कठिनाई महसूस करते हैं।

### कितना होना चाहिए मोबाइल का रेडिएशन?

संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के 'स्पेसिफिक एब्जॉर्पशन रेट' (सार) के तहत किसी भी स्मार्टफोन, टैबलेट या अन्य स्मार्ट डिवाइस का रेडिएशन 1.6 वॉट प्रति किलोग्राम से अधिक नहीं होना चाहिए। शरीर से डिवाइस की 10 मिलीमीटर की दूरी पर भी यह नियम लागू होता है। यदि फोन पर बात करते हुए या जेब में रखे हुए, आपका डिवाइस रेडिएशन की इस सीमा को पार करता है, तो यह आपके स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। अगर फोन का सार वैल्यू 1.6 वॉट प्रति किग्रा से अधिक है तो तुरंत अपना फोन बदल लें।

# बदलते मौसम में वायरल से बचाव जरूरी



**गर्मियों** का आगाज होते ही मौसम के परिवर्तनशील होने से लोग फिर से वायरल की चपेट में आने लगे हैं। खासकर स्कूल जाने वाले बच्चे अधिक संक्रमित हो रहे हैं। बच्चों में बुखार, गला खराब, उल्टी दस्त की शिकायत आम बात हो जाती हैं। यदि छोटी-छोटी सावधानियां बरती जाएं तो बीमारियों से बचा जा सकता है। बच्चा स्वस्थ रहे इससे संबंधित परामर्श के लिए अनंत ज्ञान ने सेवानिवृत्ति चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एनके गुप्ता से बात की। डॉ. गुप्ता ने बताया कि यदि बदलते मौसम में कुछ सावधानियां बरती जाएं, तो वायरल से बचा जा सकता है। कोरोनाकाल के बाद वायरस का स्पेल पहले से बढ़ गया है यानी दो या तीन दिन तक होने वाला वायरस अब 5 से 6 दिन या 7 दिन तक ठहरता है। ऐसे में रोगी को खांसी, बुखार और गला खराब की शिकायत रहती है। बच्चों को तो उल्टी और दस्त भी हो जाते हैं। रोगियों की जीभ का टेस्ट भी गायब हो जाता है।

### वायरल के लक्षण

मौसम के सर्द गर्म होने से पर्यावरण में कीटाणु पैदा होने शुरू हो जाते हैं, जो वायरल का कारण बनते हैं। आमतौर स्कूली बच्चे क्लास के संक्रमित बच्चे के संपर्क में आते हैं। वायरल की जकड़ वे बच्चे अधिक आते हैं, जो सुबह नहाने के तुरंत बाद स्कूल के लिए निकलते हैं। ऐसे में अधिक संक्रमण की संभावना रहती है।

### बचाव के तरीके


वायरल से बचाव का सबसे बेहतरीन तरीका गर्म पानी का सेवन है। इसके अलावा संक्रमित बच्चों को स्कूल न भेजकर घर में ही रखें। हो सके तो बच्चों को स्टीम दें। बच्चों को स्कूल भेजने से तुरंत पहले न नहलाएं। इससे बीमार होने की संभावना अधिक रहती है। बेहतर यह होगा कि बच्चों को शाम के समय या सुबह जल्दी उठाकर नहला दें। यदि इन उपायों पर भी आराम ना मिले तो तुरंत चिकित्सा की सेवाएं लें।



*डॉ. एनके गुप्ता।*

**प्रस्तुतिः आर मोहन चौहान, सोलन**

# नाक के पॉलिप्स



***ये नाक और साइनस की अंदरुनी परत पर विकसित होने वाली सौम्य (गैर-कैंसरजन्य) गांठें होती हैं। ये आमतौर पर उस स्थान पर बनते हैं, जहां साइनस नाक में खुलते हैं। ये नरम, आंसू की बूंद जैसे आकार के होते हैं और इनका रंग गुलाबी, पीला या ग्रे हो सकता है। इनका सही कारण स्पष्ट नहीं होता, लेकिन ये अकसर लंबे समय से चल रही सूजन, एलर्जी, अस्थमा या सिस्टिक फाइब्रोसिस जैसी स्थितियों से जुड़े होते हैं।***

**सौम्य वृद्धि**
ये कैंसर नहीं होते और शरीर में फैलने का खतरा नहीं होता।

**सूजन से संबंधित**
ये आमतौर पर नाक और साइनस की अंदरूनी परत में पुरानी सूजन के कारण होते हैं।

**आंसू की बूंद जैसा आकार**
छोटे पॉलिप्स आंसू की बूंद जैसे होते हैं, जबकि बड़े पॉलिप्स छिले हुए अंगूर जैसे दिख सकते हैं।

**लक्षण**
**चेहरे में दर्दः** विशेष रूप से गाल, माथा या आंखों के पास।
**नाक बंद रहना (जमाव):** सूंघने की क्षमता में कमी या गंध का विकृत अनुभव
**बहती नाकः** नेजल ड्रिप (नाक से बलगम गले में टपकना)
**छींक आना, सिरदर्द, खर्राटे लेना**
**पॉलिप्स बड़े होने पर नाक और साइनस की नलियों को कर सकते ब्लॉक**

### ये समस्याएं हो सकती हैं

● अस्थमा रोगियों में बार-बार अस्थमा के दौरे ● बार-बार साइनस संक्रमण (साइनसाइटिस) ● नींद में रुकावट या अन्य नींद संबंधी विकार (स्लीप एपनिया) ● सांस लेने में परेशानी, यहां तक कि उन लोगों में भी जिन्हें अस्थमा नहीं है ● कुछ मामलों में कोई लक्षण नहीं भी होते।

### नाक में पॉलिप्स बनने के कारण

***नाक की भीतरी परत में सूजन नाक में पॉलिप्स का कारण बनती है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि कुछ लोगों में सूजन के कारण पॉलिप्स क्यों बनते हैं, जबकि दूसरों में नहीं।***
**सबसे आम कारण :** क्रॉनिक साइनसाइटिस (लंबे समय तक बनी रहने वाली साइनस की सूजन), जो एलर्जी, संक्रमण या अस्थमा के कारण हो सकती है।
क्रॉनिक साइनसाइटिस का मतलब है कि नाक और साइनस की सूजन तीन महीने या उससे अधिक समय तक बनी रहती है।




*डॉ. निधि जोशी
गांधीधाम
कच्छ (गुजरात)*

### पॉलिप्स के विकास के लक्षण

**अस्थमा**
*एलर्जी रिनाइटिस (एलर्जी के कारण बार-बार छींकना और नाक बहना)*
*बार-बार वायरल या बैक्टीरियल संक्रमण*
*नाक के पॉलिप्स के लिए होम्योपैथिक*
**उपचार**
*होम्योपैथी में नाक के पॉलिप्स का इलाज करने का उद्देश्य सूजन को कम करना, नाक से सांस लेने में सुधार करना और संबंधित लक्षणों से राहत दिलाना होता है। नीचे कुछ प्रमुख और सामान्य रूप से उपयोग किए जाने वाले होम्योपैथिक दवाएं दी गई हैं।*

1. **सैंग्विनेरिया नाइट्रिकम :** सिरदर्द और साइनस ब्लॉकेज के साथ पॉलिप्स के लिए उपयोगी।
2. **कैलकेरिया कार्बोनिका :** जिन लोगों को बार-बार सर्दी, नाक बंद रहना और पॉलिप्स की प्रवृत्ति होती है, उनके लिए उपयुक्त।
3. **टेयूक्रियम मैरम वेरम :** नाक में खुजली, छींक और रुकावट के साथ पॉलिप्स के लिए विशेष रूप से फायदेमंद।
4. **फास्फोरसः** बार-बार नाक बहना, गंध न आना और साइनस से संबंधित लक्षणों के लिए।
5. **लेमना माइनर :** विशेष रूप से उन मामलों में जहां पॉलिप्स नम मौसम में और अधिक बढ़ते हैं।



***होम्योपैथिक दवा का चुनाव व्यक्ति की संपूर्ण शारीरिक और मानसिक स्थिति के अनुसार किया जाता है। इसलिए होम्योपैथिक चिकित्सक से सलाह लेना आवश्यक है।***

## न्यूज ब्रीफ

### ज्वाला जी मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**ज्वालामुखी।** ज्वाला जी मंदिर में रविवार को श्रद्धा का सैलाब उमड़ा। मंदिर के बाहर सुबह से ही लाइनें लगने शुरू हो गई थीं। लाइनों में लगने के बाद करीब 4 घंटे के बाद मां के दर्शन हो रहे थे। भक्तों मां के जयकारे लगाते हुए दर्शन किए। वहीं, अव्यवस्था का आलम भी देखा गया। कुछ श्रद्धालु अपनी पहुंच से जल्दी दर्शन भी कर पा रहे थे।

### मानव तन का उद्देश्य ईश्वर की भक्ति करना

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से बीपी शर्मा के घर मटौर कांगड़ा में साप्ताहिक सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ स्वामी मनप्रीत ने सुमधुर भजन 'उठ जाग मुसाफिर भोर भई अब रैन कहां तू सोवत है' के गायन से किया। दिव्या गुरु श्री आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी हरिशानंद ने कहा कि हमारे संत जन व ऋषि मुनि अपनी रचनाओं में इंसान को संबोधन करते हुए कहते हैं कि हे मानव तुम इस संसार रूपी मुसाफिर खाने में कुछ दिनों के मेहमान हो, जिस दिन तुम्हारा समय समाप्त हो जाएगा, उस दिन तुम्हें यह संसार छोड़कर जाना पड़ेगा। हम देखें वर्तमान समय में प्रत्येक इंसान मोहमाया की गहरी नींद में सोया हुआ है, अपने जीवन के लक्ष्य को भूलकर इंसान भौतिक पदार्थों में इस प्रकार से लिप्त हो चुका है कि उसे याद ही नहीं कि मैंने कभी मरना भी है, हमारे संत जन समझते हुए कहते हैं, जीव ईश्वर ने तुम्हें बहुत कृपा करके यह सुंदर मानव तन दिया है, इस मानव तन का उद्देश्य ईश्वर की भक्ति करना है।

### ध्यान सिंह बने छिंज मेला कमेटी हरसर के प्रधान

**अनंत ज्ञान, कोटला।** लखदाता छिंज मेला हरसर के वार्षिक दंगल को लेकर तैयारियां को लेकर रविवार को शिव मंदिर घाड़ में बैठक का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता मेला कमेटी हरसर के पूर्व प्रधान ध्यान सिंह ने की। सर्वसम्मति से ध्यान सिंह को लखदाता छिंज मेला कमेटी हरसर का प्रधान बनाया गया। हरसर में पहली व दो जून को दो दिवसीय छिंज मेला का आयोजन होगा। पहली जून को छोटे बच्चों की कुश्तियां होंगी तथा दो जून को छिंज मेला होगा। इस मौके पर रविंद्र कुटलैहडिया, अर्जुन सिंह जंडोरिया, जगरूप सिंह, कुलदीप सिंह जंवाल, देवराज, लेखराज, सूरज गुलेरिया, रिक्की, बग्गा मोहल, कुलदीप मोहल, दरबारा सिंह, मदन कुटलैहडिया, गणेश चौधरी, छोटू कुटलैहडिया, रमेश चौधरी, बलजीत सिंह, शिवेंद्र, सुरेश धीमान, बिक्की लोकमित्र केंद्र हरसर, करतार सिंह रनोट, निशांत, विजेंदर इत्यादि मौजूद रहे।

### छतरी में 2 युवकों से 40 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, शाहपुर (कोहली)।** पुलिस थाना शाहपुर के तहत शनिवार देर रात पुलिस ने छतरी में कॉलेज रोड पर दो युवकों से 40 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। युवकों की पहचान अभिषेक (23) पुत्र सुखदेव सिंह निवासी कोट धर्मचंद कलां जिला तरनतारन, पंजाब के रूप में हुई है। दूसरा दूसरा 17 वर्षीय युवक भी पंजाब का है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो युवक छतरी में चिट्टा बेचने की फिराक में हैं। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्हें छतरी में पकड़ा और तलाशी लेने पर 40 ग्राम चिट्टा बरामद किया। थाना प्रभारी शाहपुर करतार सिंह ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।

### रामपाल शर्मा को प्रधान और अजय को उपप्रधान चुना



**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** श्री ब्राह्मण कल्याण सभा मंडल इंदौरा का जनरल हाउस प्राचीन शिव मंदिर काठगढ़ के परिसर में संपन्न हुआ। इसमें मंडल इंदौरा की समस्त यूनिटों के प्रधान एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मास्टर मनोहर लाल, कुलदीप शर्मा, पूर्व प्रधान मोती लाल जोशी, बलजीत शर्मा, सुशील शर्मा ने अपने विचार रखे और समाज के प्रति अपनी कर्तव्य निष्ठा को दोहराया। इसके साथ त्रैवार्षिक चुनाव भी चुनाव पर्यवेक्षक रमेश शर्मा खंड अध्यक्ष पेंशनर संघ इंदौरा व जोगिंद्र पाल भारद्वाज कार्यालय सचिव मंदिर सभा की ओर से करवाया गया। सर्वसम्मति से मुख्य संरक्षक मोती लाल जोशी, प्रधान रामपाल शर्मा, उपप्रधान अजय कुमार लाइटी, महासचिव सुरिंदर शर्मा, सहसचिव कुलदीप शर्मा कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा, सह कोषाध्यक्ष बलजीत शर्मा, सलाहकार मनोहर शर्मा, रमेश शर्मा, संगठन मंत्री सुशील शर्मा, प्रेस सचिव अनिल कुमार शर्मा को चुना गया।

### पटना में 18 को चुनावों लेकर बैठक : बलदेव

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बिहार में विधानसभा चुनावों की योजना बैठक 18 मई को पटना में होगी। स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भारत गठबंधन की कोर टीम के सदस्य बलदेव राज सूद ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि गत रात्रि भारत गठबंधन के कोर ग्रुप की ऑनाइलन हुई मीटिंग में निर्णय किया कि भारत गठबंधन से जुड़े 103 राजनीतिक दल बिहार विधान सभा का चुनाव मिलकर लड़ेंगे। इसके लिए 18 मई को बिहार भवन, रायपुर लेन मुसल्लहपुर हाट पटना-6 में योजना बैठक होगी। जेपी आंदोलन के हजारों क्रांतिकारी, अन्ना हजारे ग्रुप तथा अन्य सामाजिक तथा धार्मिक संगठनों ने बिहार चुनाव में भारत गठबंधन का साथ देने का आश्वासन दिया है।

### पालमपुर में टैलेंट दे दन दना दन के ऑडिशन 10 को

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** आपना कांगड़ा एंटरटेनमेंट के बैनर तले पूरे हिमाचल प्रदेश में टेलेंट दे दन दना दन के आडिशन लिए जा रहे हैं , जिसमें प्रतिभागी सिंगिंग, एक्टिंग, मॉडलिंग, डांसिंग, कॉमेडी योग और सुपर मॉम सुपर डैड के अलावा भी अपने हुनर को दिखा रहे हैं। इसी कड़ी में अगले ऑडिशन 10 मई शनिवार को नेताजी सुभाष चंद्र नर्सिंग कॉलेज में लिए जाएंगे, जिसके लिए प्रतिभागी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 97364 54656 पर कर सकते हैं। संचालक सुमित गुप्ता ने बताया कि प्रतिभागी अपनी पूरी तैयारी के साथ आएं और किसी भी तरह की कोताही न बरतें। सुमित ने बताया कि यह कार्यक्रम आपना कांगड़ा एंटरटेनमेंट और भारतीय संस्कृति हमारी विरासत के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें प्रतिभागियों के लिए भविष्य में बहुत कुछ है।

# पार्किंग स्थलों से शटल बसों से पहुंचाए दर्शक

## पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स टीम का मैच देखने को भारी संख्या में पहुंचे दर्शन, टिकट न मिलने पर कई निराश लौटे

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**



मैचे देखने पहुंचे दर्शक।

**धर्मशाला** में पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच आईपीएल के 54वें मुकाबले को लेकर क्रिकेट प्रमियों में खूब उत्साह दिखा। वहीं, धर्मशाला में आईपीएल मैच का आयोजन होटल व्यवसाय के लिए भी खुशखबरी लेकर आया है। जिला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान ने बताया कि धर्मशाला और आस-पास के होटल लगभग 80 फीसदी तक पैक चुके हैं।

**80 फीसदी होटल पैक**

उन्होंने बताया कि आईपीएल जैसे बड़े आयोजनों से छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े व्यापारियों तक सभी को फायदा होता है। होटल्स, रेस्टोरेंट्स, टैक्सी सेवा और लोकल मार्केट में भारी भीड़ देखने को मिल रही है, जिससे पूरे क्षेत्र में व्यवसाय को नई ऊर्जा मिली है। पिछले काफी समय से होटल कारोबारियों को बंदी के दौर से गुजरना पड़ रहा था, लेकिन आईपीएल मैचों के शुरू होते ही धर्मशाला पर्यटन नगरी पर्यटकों से गुलजार हो चुकी है। बाहरी राज्यों और बाहरी जिलों से मैच देखने आने वाले दर्शकों के लिए दाड़ी मेला ग्राउंड, जोरावर स्टेडियम और पुलिस मैदान धर्मशाला में वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गई थी। दाड़ी और जोरावर स्टेडियम से धर्मशाला तक दर्शकों को पहुंचाने के लिए एचआरटीसी की ओर से छह इलेक्ट्रिक शटल बसें चलाई गईं। धर्मशाला में पंजाब किंग्स ओर लखनऊ टीमों के मैच को देखने के लिए अंत तक लोग फोन करते रहे और मैच की टिकटें या पास मांगते रहे। कई लोगों को टिकट न मिलने पर निराश लौटना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

### सुबह मौसम ने दर्शकों को डराया

**धर्मशाला** के साथ निचले क्षेत्रों में देर शाम से ही मौसम खराब रहा। दोपहर एक बजे तक हुई तेज वर्षा ने मैच देखने के लिए आए दर्शकों में डर पैदा कर दिया कि मैच होगा या नहीं। दोपहर दो बजे के बाद मौसम ने फिर करवट बदली और हल्की धूप खिलने के साथ ही दर्शकों के चेहरों पर भी रौनक लौटी।

### पुलिस चेक पास्टों पर वाहनों की चेकिंग


**आईपीएल** मैच को लेकर पुलिस प्रशासन ने धर्मशाला की ओर आने वाले मार्गों पर चेक पोस्टें बनाई थीं, जहां वाहनों की चेकिंग कर उन्हें आगे भेजा गया। पुलिस ने चैतड़ू, शिला मार्ग व सकोह में चैक पोस्ट बनाई थीं। वाहन चालकों को कोई परेशानी न हो, उसके पुलिस ने उनका मार्गदर्शन भी किया। जिले की सीमा पर भी आने-जाने वाले वाहनों को जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया। किसी भी व्यक्ति की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर उससे पूछताछ की गई है। वहीं, एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि सभी मैचों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए सर्विलांस टीमें तैनात की गई हैं। होटलों और होम स्टे में ठहरे पर्यटकों की पूरी जांच की जा रही है और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### सुरक्षा एजेंसियां दिखीं सतर्क

**धर्मशाला** में आईपीएल मैचों को लेकर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। आईपीएल के पहले मैच को देखने के लिए दोपहर तीन बजे से ही शहर में काफी संख्या में लोग पहुंच गए थे। जगह-जगह पुलिस और होमगार्ड जवानों ने ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए पसीना बहाया। पुलिस विभाग ने दोपहर तीन बजे के करीब बनाए गए ट्रैफिक प्लान के हिसाब से शहर में वन-वे व्यवस्था को लागू किया और वाहनों का सही तरीके से अपने गंतव्य तक पहुंचाया। स्टेडियम के गेट दोपहर साढ़े चार बजे खुलते ही क्रिकेट प्रेमी स्टेडियम के भीतर प्रवेश करना शुरू कर दिया। गेट पर जांच के बाद दर्शकों को स्टेडियम के भीतर प्रवेश मिला।

# सरकार सुनिशिचत करे डॉक्टर पर्ची पर सिर्फ जेनेरिक दवाई ही लिखें : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



**पूर्व** मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांत कुमार ने कहा कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अपने ऐतिहासिक व अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय में कहा कि भारत की दवा कंपनियां अनावश्यक दवाइयां लिखने के लिए डाक्टरों पर दबाव डालती है।

न्यायालय ने कहा था कि खास ब्रांड की दवाई के लिए रिश्वत दी जाती है। न्यायालय ने सलाह दी यदि डाक्टर केवल जेनेरिक दवाई ही रोगी की पर्ची पर लिखे तो दवा कंपनियों का यह भ्रष्टाचार बंद हो सकता है। उन्होंने कहा कि 12 साल पहले 2013 में वे लोकसभा की एक स्थायी समिति के अध्यक्ष थे। उस समिति ने इस विषय पर गहरा अध्ययन करके 2013 में सरकार को एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में कहा था कि सरकार एक आदेश दे और रोगी की पर्ची पर डॉक्टर केवल जेनेरिक दवाई लिखे। रिपोर्ट में कहा कि जेनेरिक दवाई बहुत सस्ती होती हैं और गुणवत्ता में कोई कमी नहीं होती। मैक्सावार नाम की कैंसर के लिए 6 माह की ब्रांडिड दवाई 80,000 रुपए में मिलती थी, बाद में जब दवाई जेनेरिक बनने लगी तो वह 8,000 रुपए में मिलने लगी। शांता ने कहा कि जो कंपनी सबसे पहले कोई दवाई बनाती है, तो 20 साल तक उस दवाई पर उसी कंपनी का एकाधिकार होता है, कोई दूसरी कंपनियां उस दवाई को नहीं बना सकतीं, उसे ब्रांडिड दवाई कहा जाता है। भारतीय कानून के मुताबिक, उसी दवाई को 20 साल के बाद कोई भी दूसरी कंपनी बना सकती है, उस दवाई को जेनेरिक दवाई कहा जाता है। जेनेरिक दवाई बनाने में भारत दुनिया में सबसे आगे है। भारत जेनेरिक दवाई का सबसे अधिक उत्पादन करता है और निर्यात करता है। अमेरिका भी भारत से जेनेरिक दवाई आयात करता है, लेकिन भारत के आम गरीब रोगी को जेनेरिक दवाई इसलिए प्राप्त नहीं होती, क्योंकि अधिकतर डॉक्टर अधिक कमीशन के लालच में रोगी की पर्ची पर ब्रांडिड दवाई ही लिखते हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि सरकार एक आदेश की ओर से यह निश्चित करे कि भारत के डॉक्टर रोगी की पर्ची पर केवल जेनरिक दवाई ही लिखें।

## लड़कियों को लिफ्ट पड़ी महंगी, छलांग लगाकर बचाई जान, जांच में जुटी पुलिस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत शनिवार देर रात कोतवाली बाजार में बाहरी राज्य की 2 लड़कियों को लिफ्ट देने के दौरान गाड़ी में बिठाकर उनके कहे स्थान पर न उतारने से संबंधित मामला पेश आया है। बताया जा रहा है कि इन दोनों लड़कियों ने छलांग लगाकर अपनी जान बचाई है। लिफ्ट देने वाली गाड़ी किसी सरकारी विभाग के साथ अटैच होने की बात सामने आ रही है। व्यापार मंडल कोतवाली बाजार के अध्यक्ष अनुज कश्यप ने बताया कि मध्य प्रदेश की दोनों लड़कियों का कहना है कि वे रात करीब 11 बजे धर्मशाला के एक स्थान पर जा रही थीं। इस दौरान एक बोलेरो गाड़ी में बैठे चालक ने उन्हें लिफ्ट देकर गाड़ी में बिठाया, लेकिन जब लड़कियों को उनके बताए स्थान पर नहीं उतारा गया, तो सहमी हुई लड़कियों ने गाड़ी से छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। वहीं, मदद को आगे आए व्यापार मंडल सदस्यों ने इसकी सूचना पुलिस धर्मशाला को दी, जिसके बाद व्यापारियों व पुलिस ने मिलकर इन युवतियों को धर्मशाला अस्पताल पहुंचाया, जहां पुलिस ने उनका मेडिकल करवाया है। थाना प्रभारी धर्मशाला नारायण सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# कांग्रेस मंत्री बोल रहे पाक की भाषा, बर्खास्त किया जाए : विपिन



भवारना में जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से बातचीत करते विधायक विपिन परमार।

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**बाबा** साहेब डॉक्टर भीमराम अंबेडकर की 134वीं जयंती पर भाजपा ने दलित समुदाय के बीच जाकर जनसंपर्क अभियान छेड़ा है। इसके चलते पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने रविवार को सुलह विधानसभा के भवारना में लोगों के बीच जाकर कहा कि भाजपा ने हमेशा संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर को आदर्श मानते हुए उनका सम्मान किया है, जबकि कांग्रेस ने हमेशा से ही उनका अपमान किया है।

देश में संविधान तो था, लेकिन संविधान दिवस नहीं था। मोदी सरकार ने 26 नबंबर, 2015 को संविधान दिवस घोषित किया। उन्होंने कहा कि डॉ. साहेब के महान योगदान के बावजूद कांग्रेस की सरकारों ने भारत रत्न का पुरस्कार नहीं दिया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पंच तीर्थ बनाकर करोड़ों वंचितों की भावनाओं को सम्मानित किया है। परमार ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर एक ओर जहां पूरा देश आक्रोश में है, तो वहीं प्रदेश कांग्रेस के दो मंत्री, जगत सिंह नेगी व चंद्र कुमार आतंकवादियों की भाषा बोल रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री सुक्खू को चाहिए कि वह इन मंत्रियों को तुरंत बर्खास्त करें।

# कोटला में बारिश से गेहूं की कटी फसल को भारी नुकसान



जवाली में बारिश से खराब हुई गेहूं की फसल।

**अनंत ज्ञान, कोटला**

**जवाली** के निकटवर्ती क्षेत्र भलाड़, दरकाटी, कोटला, 32 मील में रविवार सुबह मौसम ने अचानक करवट बदली और झमाझम बारिश शुरू हो गई।

**किसानों के लिए खड़ी हुई मुसीबत**

बारिश से किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। इन दिनों किसान खेतों से गेहूं की फसल को इकट्ठा करने में जुटे हैं, लेकिन बारिश से किसानों की चिंता को और बढ़ा दिया है। खेतों में कटी हुई गेहूं की फसल भीग गई। वहीं, बारिश से फलदार पौधों आम, नाशपाती, संतरा, मौसमी आदि पौधों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। बुद्धिजीवियों का कहना है कि पहले बिजाई के समय कम बारिश परेशानी का सबब बनी रही। अब जब फसल तैयार है, तो फिर बारिश परेशानी पैदा कर रही है। मई में फसल कटाई के दौरान बारिश और अंधड़ से किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है।

## पंचायत स्तर पर कांग्रेस के जनाधार रखने वाले उम्मीदवार चुनावों में उतारे जाएं : संजय

**अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान रविवार को सलोह में आयोजित रिसर्च विभाग की बैठक में भाग लिया।

संजय चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से शुरू किए गए जनसंपर्क अभियान 'सरकार आपके घर द्वार' के तहत बूथ स्तरीय कमेटियों के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, लेकिन बैठक का औचित्य है कि पंचायत स्तर पर जो भी उम्मीदवार उतारे जाने हैं, उन्हें और सशक्त किया जाए और केवल जनाधार रखने वाले ही उम्मीदवार चुनावों में उतारे जाएं।

उन्होंने कहा कि सुलह विस का कोई भी ऐसा कोना नहीं बचा है, जो विकास से अछूता रहा हो। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी रिसर्च विभाग के जिला अध्यक्ष सिरिल चंद्र के साथ ब्लॉक पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष बलदेव सिंह, युवा अध्यक्ष युगल राणा आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने हमेशा संविधान निर्माता का अपमान किया: काजल

## कहा- अनुसूचित जाति के लोगों को सिर्फ वोट बैंक के तौर पर किया यूज

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



कार्यक्रम के दौरान विधायक पवन काजल व अन्य लोग।

**प्रदेश** भाजपा के उपाध्यक्ष और विधायक पवन काजल ने कहा कि भाजपा हमेशा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को अपना आदर्श मानती है। उन्होंने कहा पूर्व कांग्रेस सरकारों ने संविधान निर्माता का अपमान किया है।

पहले देश में संविधान तो था, पर संविधान दिवस नहीं था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 नवंबर, 2015 को संविधान दिवस घोषित किया। भाजपा ने आजादी के 55 वर्षों बाद डॉक्टर अंबेडकर को भारत रत्न का अवॉर्ड दिया। अब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 अप्रैल को पूरे देश में राष्ट्रीय अवकाश घोषित कर पूरा मान सम्मान दिया है। यह बात विधायक काजल ने दलित परिवारों साथ जनसंपर्क अभियान दौरान कही। काजल ने विधानसभा क्षेत्र की बीरता, लालेड, जोगीपुर, नटेहड़ पंचायत में दलित परिवारों के घर-घर जाकर भाजपा सरकार की ओर से संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के मान-सम्मान के लिए किए कार्यों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने पूरे देश में समान नागरिक संहिता को लागू कर उनके वादे को निभाया है। उन्होंने ने कहा कांग्रेस ने अनुसूचित जाति के लोगों को वोट बैंक के तौर पर यूज किया, जबकि पीएम मोदी ने इस समुदाय के कल्याण के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। केंद्र सरकार का वन नेशन, वन इलेक्शन करवाने का फैसला भी सराहनीय है। बार-बार चुनाव करवाने के खर्चे में कटौती होगी। इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधि राजन, बिंदु बाला, सुरेश, संजीव काका उपस्थित रहे। वहीं, भाजपा मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह, अशोक कुमार व अन्य ने भी ग्रामीण स्तर पर अनुसूचित जाति के परिवारों के घर-घर जाकर भाजपा सरकार की ओर से भीमराव अंबेडकर को दिए मान सम्मान ओर कांग्रेस की ओर से किए अपमान बारे जागरूक किया।

# जीवन को सरल और सहज बनाना ही कौशल : डॉ. राजीव

**अनंत ज्ञान, जवाली**

**स्प्रिंग** डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में 4 मई को कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला मांटेसरी पब्लिक स्कूल राजा बाग के प्रधानाचार्य मेघना महाजन और स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल की अध्यक्षता में हुई। कार्यशाला का विषय 'जीवन कौशल' था। स्प्रिंग डेल स्कूल जवाली के अध्यापकों के साथ-साथ बाहर के स्कूलों के अध्यापकों ने भी भाग लिया।

**स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में कार्यशाला आयोजित**

रिसोर्स पर्सन डॉ. राजीव सिंह निरयाल ने बताया कि अपने जीवन को सरल एवं सहज बनाना ही जीवन कौशल है। अगृहिता, समय प्रबंधन, सात्विक चिंतन, संबंधों में सुधार, स्वयं की देखभाल के साथ-साथ ऐसी और सहायक आदतों जैसे पूर्णतावादी होना, विलंबन या टालना, अत्यधिक से मुक्ति कुछ ऐसे जीवन कौशल है, जिनसे जीवन की चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि गतिविधि आधारित शिक्षण के कई फायदे होते हैं, जैसे बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप में सीखने की प्रक्रिया में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह बच्चों को नए अनुभवों की तलाश करने सीखने में रुचि पैदा करने तथा उनकी शब्दावली को मजबूत करने और नई किताबें पढ़ने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। स्कूल के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र, एमडी पवन चौधरी तथा अन्य कमेटी मेंबर ने स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल को बधाई दी।

**कार्यक्रम** वार्ड-5 में दो नलकूपों का किया लोकार्पण, 'झंगी' का नाम बदलकर रखा 'विकास नगर'

# शाहपुर में विकास कार्यों पर खर्चे 5.46 करोड़ : पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**उपमुख्य** सचेतक केवल पठानिया ने रविवार को नगर पंचायत शाहपुर के वार्ड नंबर-5 में दो नलकूपों का लोकार्पण किया। इसके बाद जनसभा को संबोधित करते पठानिया ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में नगर पंचायत शाहपुर में विभिन्न विकास कार्यों पर 5.46 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय की गई है।

उन्होंने बताया कि नागरिकों को स्वच्छ पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 14 वाटर कूलर लगाए गए हैं और 13 नलकूप स्थापित किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर पंचायत क्षेत्र में 37 मकानों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है, जबकि 62 मकानों का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड के विकास के लिए एक्शन प्लान बनाया जाएगा।

**कहा- प्रत्येक वार्ड के विकास के लिए बनेगा एक्शन प्लान**

उन्होंने स्थानीय नागरिकों की मांग पर वार्ड नंबर 5 झंगी का नाम बदलकर विकास नगर रखने की घोषणा की। उन्होंने पंडित टेक चंद को शंख भेंट कर सम्मानित किया। वहीं, रैत में लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकांश का मौके पर समाधान किया गया। शेष मामलों को संबंधित विभागों को शीघ्र निपटारे के लिए भेजा गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ऊषा शर्मा ने उपमुख्य सचेतक का धन्यवाद किया। वार्ड पार्षद निशा शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सतीश गुप्ता, डॉ. बृजेंद्र शील, अमिता देवी, एसडीएम शाहपुर करतार चंद, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत राणा, उपाध्यक्ष विजय गुलेरिया, नगर पंचायत सचिव प्रदीप दीक्षित और अधिशाषी अभियंता अमित शर्मा (विद्युत), सुभाष शर्मा आदि मौजूद रहे।

## विधायक केवल ने माता तल मंदिर में दान की तीन बल्टोही



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के दरिणी स्थित माता तल मंदिर में रविवार को द्रमण ट्रक यूनियन की ओर से वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपमुख्य सचेतक और विधायक केवल सिंह पठानिया ने भी शिरकत की और मां का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने मंदिर को तीन बल्टोही दान दीं। बता दें कि कोरोनाकाल में मंदिर में चोरी हुई थी और चोरों ने 19 बल्टोही चोरी कर ली थी। इसके बाद चार साल में भक्तों ने कुछ बल्टोही दान दीं। विधायक केवल सिंह पठानिया ने भी प्रण लिया था कि वह भी अपनी ऐच्छिक निधि से बल्टोही दान करेंगे।

# राजस्व कार्यों में अधिकारी बरतें पूरी पारदर्शिता : डीसी



राजस्व अधिकारियों को सम्मानित करते उपायुक्त हेमराज बैरवा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**डीसी** हेमराज बैरवा ने तहसीलदार देहरा कर्मचंद कालिया, तहसीलदार नगरोटा अशोक कुमार और तहसीलदार नूरपुर राधिका सैणी को बेहतरीन राजस्व सेवाओं के लिए धर्मशाला में राजस्व अधिकारियों की बैठक के दौरान सम्मानित किया गया।

गौर रहे कि तहसीलदार देहरा, नगरोटा बगवां तथा नूरपुर ने कार्यकाल के दौरान भू-इंतकाल, लैंड पार्टिशन व राजस्व इंद्राज को दुरुस्त करने में बेहतरीन कार्य किया है। इसके साथ ही राजस्व विभाग की ओर से भू संबंधी मामलों के निपटारे के निर्धारित लक्ष्यों को पारदर्शिता के साथ पूर्ण करने के लिए जिला

**बेहतरीन कार्य करने वाले तहसीलदार किए सम्मानित**

प्रशासन की ओर से सम्मान दिया गया है। डीसी ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारियों की प्रगति की रिपोर्ट की नियमित तौर पर समीक्षा की जा रही है तथा बेहतरीन कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र भी दिया जा रहा है, ताकि राजस्व संबंधी कार्यों के त्वरित निपटान के लिए सभी अधिकारी प्रेरित हो सकें। डीसी ने कहा कि राजस्व विभाग आम जनमानस के साथ जुड़ा है और सभी अधिकारियों को राजस्व विभाग के कार्यों में पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजधानी शिमला के ढली थाना क्षेत्र के तहत शनान में एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 22 वर्षीय विजय पुत्र प्रेम कुमार के रूप में हुई है। विजय परिवार सहित शनान में किराए के मकान में रह रहा था। बीती रात वह करीब 11 बजे अपने कमरे में सोने गया था जबकि परिजन दूसरे कमरे में सोए हुए थे। सुबह जब विजय की मां उसे जगाने गईं तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा बंद होने के कारण परिजनों ने दरवाजा तोड़ा और देखा कि विजय फंदे से लटका हुआ है। परिजनों ने तुरंत उसे नीचे उतारा और कमरे के फर्श पर लिटा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि फंदा छत में लगे एक हुक से बनाया गया था और उसकी ऊंचाई जमीन से 69.5 इंच थी। मृतक के गले पर गहरे नीले रंग का निशान पाया गया लेकिन शरीर पर किसी अन्य प्रकार की चोट का कोई निशान नहीं मिला। ढली पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। मौके से सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि प्रारंभिक तौर पर मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। इसे लेकर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 194 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### बारिश व ओलावृष्टि से जनजीवन प्रभावित

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला सहित कई जिलों में रविवार को मौसम के तेवर बदले और ज़ोरदार वर्षा से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। रविवार करीब डेढ़ बजे शुरू हुई मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि ने शहर की रफ्तार थाम दी और जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। बारिश और ओलों की मार से जहां आम लोगों की आवाजाही पर असर पड़ा वहीं प्रशासन की तैयारियों की भी पोल खुल गई। तेज़ बारिश के कारण शिमला शहर की सड़कों पर पानी भर गया जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा गई। लोकल बस स्टैंड शिमला स्थित ट्रैफिक पुलिस कंट्रोल रूम तक पानी और कीचड़ घुस गया। छत से पानी टपकने लगा और फर्श पर गाद जमा हो गई। पुलिस कर्मचारियों को खुद मोर्चा संभालते हुए जल निकासी के लिए ब्लॉकेज खोलने पड़े। वीकेंड पर माल रोड और रिज मैदान की सैर पर निकले पर्यटक अचानक मौसम के बदलते मिजाज से हैरान रह गए। लोग सुरक्षित स्थानों की तलाश में इधर-उधर भागते नजर आए। कई घंटे तक चली तेज़ हवाओं के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि के कारण बाजारों में सन्नाटा छा गया तथा लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। बारिश से शिमला में मौसम सर्द हो गया। शिमला जिले के ठियोग, फागू, चौपाल सहित अप्पर शिमला के कई क्षेत्रों में ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। सेब और अन्य गठलीदार फलों को खासा नुकसान हुआ है। वहीं मैदानी इलाकों में गेहूं की कटाई का काम प्रभावित हुआ है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि वे अनाज खुले में न रखें और मौसम अपडेट पर नजर बनाए रखें।

### रांवीगढ़ के लांकडावीर मंदिर में लगा भंडारा

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** रांवीगढ़ के लांकडावीर महाराज के मंदिर मे व्यापार मंडल सरस्वती नगर द्वारा रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारा ग्रहण किया। इस दौरान यहां पहुंचें श्रद्धालुओं ने देवता महाराज के दर्शन भी किए। वहीं इस दौरान प्रशासन के द्वारा पुख्ता तैयारियां की गई थी।

### द गुरुकुल में तबला समर कैंप 11 जून से

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** शिमला जिला की सुरम्य घाटी धरेच के द गुरुकुल में अगले माह 11 से 15 जून तक संगीत का भव्य तबला समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश और विदेश के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला वादल भाग लेंगे। तबला वादन में स्वर्ण पदक से विभूषित विक्रम गंधर्व इस कैंप में रिसोर्स पर्सन की भूमिका निभाएंगें। इन पांच दिनों में धरेच की सुरम्य घाटी संगीत की स्वर लहरियों से सराबोर होगी। विक्रम गंधर्व ने विशेष बातचीत के दौरान बताया कि प्रदेश में यह अपनी किस्म का पांचवा संगीत सम्मेलन होने जा रहा है। इससे पहले इस द गुरूकुल में चार समर व विंटर तबला शिविर आयोजित किए जा चुके हैं जिसमें देश व विदेश से तबला वादकों ने भाग लिया था।

# राजधानी में आवारा कुत्तों और उत्पादी बंदरों पर जल्द शिकंजा कसेगी एमसी

## कुत्तों को पकड़ने को आठ सदस्यीय टीम गठित, एक सप्ताह का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**प्रदेश** की राजधानी शिमला में आवारा कुत्तों और उत्पादी बंदरों पर शिकंजा कसने वाला है। आवारा कुत्तों को पड़कर उनकी नसबंदी के अभियान में तेजी लाई जाएगी। जबकि, उत्पाती बंदरों पर वन विभाग का वन्य प्राणी विंग अपना शिकंजा कसने जा रहा है।

नगर निगम शिमला हालिया घटनाओं से सबक लेते हुए अपनी गंभीरता दिखाते हुए एक आठ सदस्य टीम का गठन किया है, जिन्हें एक सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए ट्रेंड एजेंसी का सहयोग लिया जा रहा है, जो कुत्तों को पकडने में माहिर है और उनकी नसबंदी करने में पारंगत है।

मौजूदा समय में राजधानी के विभिन्न कस्बों में 2500 से ज्यादा आवारा कुत्ते हैं ,जो लावारिस हालत में जहां-तहां भटक रहे हैं और लोगों को दौड़ा, दौड़ा कर काट रहे हैं। हर रोज कुत्तों के काटने के मामले बढ़ रहे हैं, खासकर महिलाएं और बच्चे इनकी चपेट में आ रहे रहे हैं। हर माह 150 से ज्यादा लोग अस्पतालों में उपचार के लिए पहुंचते हैं। अगर शहर में उत्पादी बंदरों की बात करें, तो यह भी 2000 के आसपास हैं। जो यहां के हर वार्ड में उत्पाद मचाने में सबसे आगे है। (अनंत ज्ञान)

### इन क्षेत्रों में बंदरों का आतंक पूरे शहर में घूम रहे हैं कुत्ते

**शहर** के जाखू, लक्कड़ बाजार, बैनमोर, छोटा शिमला, नवबहार, संजौली, कनलोग, समरहिल, भराड़ी आदि क्षेत्रों में बंदरों का आतंक है। शहर के मालरोड और रिज पर सरेआम बंदर लोगों से खाने-पीने का सामान छीन लेते हैं। खासकर सैलानी इनके निशाने पर रहते हैं। वहीं आवारा कुत्तों की बात है, तो वह पूरे शहर में फैले हुए हैं और यहां के हर वार्ड में उनकी उपस्थिति है। वे दिन और रात सड़कों पर पड़े हुए घात लगाए रहते हैं और जब भी मौका मिले। तब छोटे बच्चों या फिर महिलाओं पर झपट पड़ते हैं।

### बंदरों व कुत्तों को लेकर गंभीर: उमा कौशल



**नगर** निगम शिमला की उप महापौर उमा कौशल ने बताया कि नगर निगम शिमला उत्पादी बंदरों और लावारिस कुत्तों को लेकर बेहद संजीदा है। वे सभी शहर वासियों का दर्द समझते हैं, इसलिए नगर निगम ने 18 सदस्यीय टीम का गठन किया है, जो एक प्राइवेट एजेंसी से प्रशिक्षित होंगे और आगे चलकर कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाएंगे। जिसके तहत उनकी नसबंदी की जाएगी। उन्होंने बताया कि जहां तक उत्पादी बंदरों का सवाल है, तो इस संदर्भ में उन्होंने वन विभाग के वन्य प्राणी विंग को सूचना दे दी है और एक पत्राचार के माध्यम से उनसे आग्रह किया गया है कि वह उत्पादी बंदरों पर अंकुश लगाए और नियमों के तहत इनके खौफ से लोगों को आजाद कराएं। उन्होंने बताया कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि वन्य प्राणी विंग जल्द ही उत्पादन बंदरों से निजात दिलाएंगे।

# सेब की फसल को हुए नुकसान की भरपाई करे सरकार: चेतन बरागटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**सेब** बाहुल्य क्षेत्रों में तूफान और ओलावृष्टि से सेब की फसल को भारी नुकसान हुआ है, बागवान हताश और निराश है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने सरकार से मांग की है कि सेब की फसल को हुए नुकसान का आकलन कर बागवानों को उचित मुआवजा दिया जाए।

चेतन ने का कि इस बार सर्दियों में बर्फबारी और बारिश कम होने के कारण बागवान सूखे की मार झेल रहा है, जिस कारण सेब की फसल भी कम नजर आ रही है, उपर से तुफान और ओलो ने बागवान की कमर तोड़कर रख दी है।

चेतन ने कहा है वर्तमान कांग्रेस सरकार गहरी निंद्रा में है। हमारे क्षेत्र के मंत्री हमेशा की तरह इस मामले में भी चुप्पी साधे हुए हैं। हैरानी इस बात की है कि सरकार की तरफ से बागवान की फसल को हुए नुकसान का न कोई आकलन किया जा रहा है और न ही बागवानी विभाग द्वारा बागवानों की कोई मदद की जा रही है।

### उद्यान केंद्रों में भेजी जाए दवाइयां की खेप

**चेतन** ने मांग उठाई कि मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश सरकार बागवान को हुए नुकसान की भरपाई करें तथा उद्यान केंद्रों पर आवश्यकता अनुसार फफूंदीनाशक व कीटनाशक सहित अन्य आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करवाई जाए। जिन बागवानों के सेब के पौधे सूख गए हैं उन्हें भी आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाए। हालात ऐसे हैं कि पिछले लगभग दो वर्षों से उद्यान केंद्रों में बागवानों को दवाइयां नहीं मिल रही हैं।

# राम कथा समस्त जनमानस के कल्याण का आधार: साध्वी सौम्या



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**गुरुदेव** आशुतोष महाराज के दिव्य मार्गदर्शन में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा 3 से 9 मई तक जंजघर, नजदीक लक्ष्मी नारायण मंदिर, संजौली में भव्य राम कथा का आयोजन किया गया। जिसका समय प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक रहेगा। कथा का शुभारंभ विधिवत पूजन से हुआ, जिसमें श्रवण कुमार के परिवार ने हिस्सा लिया।

दिव्य गुरुदेव आशुतोष महाराज की शिष्या कथा व्यास साध्वी सुश्री सौम्या भारती ने राम कथा के प्रथम दिवस में कहा कि भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता में राम कथा का वशिष्ट स्थान है। राम के बिना भारतीयता का अस्तित्व एवं उसकी पहचान भी संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन का आधार प्रभु राम है।

### इन्होंने लिया भाग

**कथा** में सनातन धर्म सभा से लितेश कुमार और मनोज कुमार, भारतीय जनता पार्टी से विस्तारक सुरेश शर्मा, भाजपा शिमला के प्रवक्ता गौरव सूद, आनी से कर्म चन्द ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं कथा का विश्राम मंगल आरती से हुआ। जिसमें, एडवोकेट राजिंद्र शर्मा, विशाल शर्मा, महिंदर कुमार, बहादुर सिंह, लक्ष्मण ठाकुर, रामेश्वर ठाकुर, राजकुमार शर्मा आदि ने भाग लिया। कथा के बाद सारी संगत के लिए भंडारे का प्रबंध भी किया गया।

## धामी में शराब ठेकों में तैनात किए मल्टी टास्क वर्कर

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** सरकार की ओर से लोक निर्माण विभाग में कार्यरत मल्टी टास्क वर्करों को शराब ठेकों में शराब बेचने के फरमान को लोक निर्माण उपमंडल धामी में भी अमल शुरू हो गया है। गौर हो कि प्रदेश सरकार ने हाल में लोक निर्माण विभाग के तहत कार्यरत मल्टी टास्क वर्करों को प्रदेश में हिमफेड की ओर से चलाए जा रहे ठेकों में तैनात किया है। धामी उपमंडल में भी लोक निर्माण विभाग मल्टी टास्क वर्करों को ठेकों में तैनात किया गया है।

जानकारी के अनुसार उपमंडल धामी के खटनोल, नोटिखड्डु, बागीपुल इत्यादि ठेकों में मल्टी टास्क वर्करों को शराब बेचने के कार्य में तैनात किया गया है। लोक निर्माण उपमंडल सुन्नी के सहायक अभियंता गोपाल शर्मा ने बताया कि सरकार के आदेशों के अनुसार कुछ ठेकों में मल्टी टास्क वर्करों की तैनाती की गई है।

# कोटगढ़ में ओलावृष्टि से सेब की फसल को भारी नुकसान

**आत्मा सिंह, कुमारसैन**

**कुमारसैन** उपमंडल के कोटगढ़ क्षेत्र में ताजा भयंकर ओलावृष्टि से नकदी फैसले तबाह हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार रात व रविवार को तेज आंधी तूफान बारिश और ओलावृष्टि से कोटगढ़, मंगसु, लोगा, शथला, शावट, दलान, पमलाई और कुमारसेन में नगदी फैसले ओलावृष्टि से तबाह हो गई है। चेरी की फसल तुड़ान के लिए तैयार थी लेकिन वह भी ओले की भेंट चढ़ गई। इसके अलावा प्लम, खुमानी, सेब की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा है। अधिकतर बगीचों में सेब पेड़ों से झड़ गए हैं। हालांकि सुरक्षा के लिए बागवानों ने एंटी हेल नेट भी लगाई थी, लेकिन ओलावृष्टि इतनी भारी हुई कि नेट भी क्षतिग्रस्त हो गई। ताजा हालात से बागवान आहत हैं।

उनके सामने अब रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। किसान नेता व कुमारसैन क्षेत्र के पूर्व विधायक राकेश सिंघा और प्रगतिशील बागवान प्रदीप सिंघा ने सरकार से मांग की है कि ओलावृष्टि और आंधी से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए प्रभावित क्षेत्र में सरकार की ओर से टीम भेजी जाए। नुकसान का आकलन कर प्रभावितों को मुआवजा दिया जाए। (अनंत ज्ञान)



ओलावृष्टि से सेब की फसल तबाह।

## अवैध शराब और चरस बरामद, महिला सहित दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** जिला शिमला के झाकड़ी और चिड़गांव थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब और नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। इन कार्रवाइयों में महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पहली कार्रवाई शनिवार देर शाम पुलिस थाना झाखड़ी के अंतर्गत की गई जहां पुलिस टीम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली कि गांव बड़ा झाखड़ी की आशा देवी अपने मकान में अवैध शराब रखने और बेचने का कार्य करती है। सूचना के आधार पर पुलिस ने महिला के मकान पर दबिश दी। तलाशी के दौरान मकान के भीतर से 48 बोतलें ऊना नंबर-1 देसी शराब बरामद की गईं, जबकि मौके पर खड़ी एक गाड़ी से भी 12 बोतलें बरामद हुईं। इसी तरह दूसरी कार्रवाई चिड़गांव थाना क्षेत्र के बडियारा गांव में हुई, जहां पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए 94 ग्राम चरस बरामद की। इसे लेकर आरोपी सतीश पुत्र शिव राम निवासी गांव जांगला तहसील चिड़गांव को मौके से गिरफ्तार किया गया है।

# बिलासपुर महिला टीम बनी कबड्डी विजेता

## जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के खो-खो के फाइनल में बरठीं की टीम ने मारी बाजी



बरठीं में आयोजित खेलकूद स्पर्धा की विजेता महिला आईटीआई बिलासपुर टीम को सम्मानित करते मुख्य अतिथि विवेक कुमार।

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

**झंडूता** उपमंडल के बरठीं क्षेत्र में स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बरठीं में आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया।

समापन समारोह में झंडूता के कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में महिला आईटीआई बिलासपुर ने अपने शानदार प्रदर्शन किया। कबड्डी के फाइनल में महिला आईटीआई बिलासपुर और आईटीआई बिलासपुर के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। महिला आईटीआई की टीम ने अपने नाम खिताब किया। वहीं, खो-खो के फाइनल में महिला आईटीआई बिलासपुर का मुकाबला आईटीआई बरठीं से हुआ। इस कड़े मुकाबले में बरठीं की टीम ने बाजी मारी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी महिला आईटीआई बिलासपुर ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उन्होंने सर्वाधिक खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा किया। समापन समारोह में महिला आईटीआई बिलासपुर के प्रधानाचार्य ओंकार सिंह, ग्राम पंचायत बरठीं के उपप्रधान राकेश मैहता, सुन्हाणी ओंकार ,समोह के नेगी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। महिला आईटीआई बिलासपुर की इस शानदार सफलता पर सभी ने उनकी सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## दभोटा में राज्य स्तरीय महिला व पुरुष कबड्डी टीम का ट्रायल 7 को

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राष्ट्रीय बीच कबड्डी प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए राज्य स्तरीय महिला व पुरुष टीमों का चयन करने के लिए ट्रायल 7 मई को सोलन जिले के नालागढ़ में स्थित कोहिनूर अकादमी दभोटा में आयोजित किए जाएंगे।

हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव कृष्ण लाल ने बताया कि इस बार 12वीं राष्ट्रीय महिला व पुरुष बीच कबड्डी टूर्नामेंट मंगिनापुडी बीच मछलीपट्टनम आंध्रप्रदेश में 15 से 18 मई को आयोजित की जाएगी। प्रदेश की टीम के चयन के लिए ट्रायल 7 मई को सुबह 9 बजे कोहिनूर अकादमी दबोटा में आयोजित किए जाएंगे।

महिला वर्ग के लिए भार सीमा 75 किलोग्राम और पुरुष वर्ग के लिए 85 किलोग्राम रखी गई है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड व एक फोटो लाना अनिवार्य होगा।

# भाजपा आज करेगी सुक्खू सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

## हिमाचल से पाक नागरिकों को वापस न भेजने से खफा

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**



**भाजपा** के जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों की ओर से हिंदू पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में नरेंद्र मोदी सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े और सख्त निर्णय लिए हैं।

केंद्र सरकार ने भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने का निर्णय लिया है, लेकिन सुक्खू सरकार ने अभी तक हिमाचल में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों न तो चिन्हित किया और न ही उन्हें वापस भेजने के प्रयास किए हैं। इस संदर्भ में भाजपा सोमवार सुबह 10:00 बजे परिधि गृह बिलासपुर में कांग्रेस सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद डीसी बिलासपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री और राज्यपाल को ज्ञापन भेजा जाएगा। ज्ञापन से मांग उठाई जाएगी कि हिमाचल में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को तुरंत वापस भेजा जाए।

**जिला अध्यक्ष बोले- डीसी के माध्यम से राज्यपाल और सीएम को भेजेंगे ज्ञापन**

इस प्रदर्शन में भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल मुख्य वक्ता, सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल और सह संयोजक के रूप में स्वतंत्र सांख्यान, विधायक रणधीर शर्मा, विधायक जीतराम कटवाल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम लोग उपस्थित रहेंगे।

## नेशनल स्विमिंग चैंपियनशिप के लिए चयन 1 जून को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के राज्य महासचिव इशान अख्तर ने बताया कि स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित होने जा रहे 78वें सीनियर नेशनल स्विमिंग चैंपियनशिप के चयन के लिए स्विमिंग पूल मंडी में 1 जून सिलेक्शन ट्रायल लिए जाएंगे। राज्य महासचिव ईशान अख्तर ने बताया कि सलेक्शन ट्रायल में हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के टेक्निकल डायरेक्टर राकेश कुमार वालिया एवं स्विमिंग एसोसिएशन मंडी के जिला अध्यक्ष महेंद्र कुमार, एवं अमित शर्मा खिलाड़ियों के चयन समिति के सदस्य चुने गए हैं। इसके अलावा खान-पान कमेटी की प्रभारी कृतिका, एवं अनुशासन कमेटी के प्रभारी किशन कुमार कसाना व आयोजन सचिव चेतन शर्मा को नियुक्त किया है। इच्छुक खिलाड़ी स्विमिंग पूल मंडी में 1 जून रविवार को 9:00 बजे आयोजक सचिव चेतन शर्मा को रिपोर्ट करेंगे।

## दसलेहड़ा में जय लखदाता छिंज कमेटी गठित

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडल झंडूता के तहत दसलेहड़ा पंचायत में जय लखदाता छिंज कमेटी की बैठक शिव मंदिर दसलेहड़ा में पंचायत उपप्रधान अजय शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कमेटी का गठन किया गया, जिसमें कैप्टन योगेंद्रपाल को चेयरमैन, अनिल शेखर को प्रधान, विजय कुमार को उपप्रधान, निलेश शेखर को सचिव, राकेश वालिया को सह सचिव नियुक्त किया गया। योगेंद्रपाल ने बताया कि कमेटी की ओर से 18 मई को दसलेहड़ा में एक विशाल दंगल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हिमाचल के साथ-साथ अन्य राज्यों के पहलवान भाग लेंगे। इस अवसर पर जोगिंद्रा बैंक सोलन के एजीएम राम पाल कालिया बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

## अखिल भारतीय सामाजिक संस्था की कार्यकारिणी गठित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** अखिल भारतीय हिमाचल सामाजिक संस्था संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। संघ के 53वें वार्षिक सम्मेलन में संपन्न हुए द्विवार्षिक चुनाव में दिल्ली से केएम लाल को संघ का लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष केएम लाल ने संघ की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी। दिव्य मानव ज्योति अनाथालय ट्रस्ट डैहर से सत्य प्रकाश शर्मा, हिमाचल कल्याण सभा अमृतसर से शक्ति पाल सिद्धर, प्राचीन शिव मंदिर सुधार सभा से ओम प्रकाश कटोच व सामूहिक विकास मंच अप्पर लंबाग्रां से लक्ष्मी नारायण ठाकुर को संघ के सलाहकार मनोनीत किया गया है।

**श्रद्धा** | सुबह 4:00 बजे खोले गए मंदिर के कपाट, मंदिर के बाहर लगी रही लंबी-लंबी लाइनें

# शक्तिपीठ श्री नयना देवी में उमड़ा आस्था का सैलाब

**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी**

**विश्व** प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर में रविवार को आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। देश के कोने-कोने से आए हजारों श्रद्धालुओं ने माता रानी के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया।

सुबह से ही हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों से भारी संख्या में श्रद्धालु मां के दर पहुंचने लगे। मंदिर प्रशासन की ओर से मंदिर के कपाट सुबह 4:00 बजे श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोले गए। इससे पहले ही मंदिर परिसर के बाहर काफी भीड़ थी। माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। भक्तों ने घंटों लाइनों में खड़े रहकर माता के दर्शन करने को आतुर नजर आए। भीड़ फ्लाईओवर तक पहुंच गई। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए होमगार्ड के जवानों को मंदिर के बाहरी क्षेत्र में तैनात किया गया था, जिन्होंने पूरी सजगता के साथ भीड़ पर नियंत्रण बनाए रखा। वहीं, मंदिर के अंदर पूर्व सैनिक ड्यूटी पर मुस्तैद नजर आए और श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित ढंग से मंदिर में भेजा गया। मंदिर अधिकारी संजीव स्वयं मंदिर क्षेत्र में मौजूद रहे और सुरक्षा, सफाई तथा दर्शन व्यवस्था का निरीक्षण करते रहे। उन्होंने लगातार निगरानी रखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा। उधर, पंजाब की समाजसेवी संस्थाओं ने मंदिर के मुख्य द्वार, निकासी मार्ग और अन्य प्रमुख स्थलों पर पानी की छबीलें लगाईं। कतार में खड़े कई श्रद्धालु बार-बार छबील से पानी पीकर राहत महसूस करते देखे गए। पूरे दिन मंदिर परिसर भक्ति और श्रद्धा से ओत-प्रोत रहा।

भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और शंखनाद की गूंज हर ओर सुनाई देती रही। कई श्रद्धालु माथा टेकने के बाद घंटों मंदिर परिसर में बैठे माता रानी की महिमा का गुणगान करते रहे। जगह-जगह माता की चौकी और भजन मंडलियां भी नजर आईं, जिनकी मधुर धुनों ने वातावरण को और भी दिव्य बना दिया। (अनंत ज्ञान)

**भक्तों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए होमगार्ड जवानों को मंदिर के बाहरी क्षेत्र में करना पड़ा तैनात**



शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर के बाहर मां के दर्शनों के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब।

# 1363 अभ्यर्थियों ने दी नीट-यूजी परीक्षा

## बिलासपुर जिले में बनाए थे पांच केंद्र, सीसीटीवी से रखी गई निगरानी





नीट-यूजी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**राष्ट्रीय** पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) शनिवार को जिले के पांच परीक्षा केंद्रों पर सफलतापूर्वक आयोजित की गई। परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:20 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें कुल 1363 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जबकि 27 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

जिले से कुल 1390 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण करवाया था। परीक्षा के लिए बनाए गए पांचों केंद्रों में सीसीटीवी निगरानी के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न करवाई गई। पीएम श्री जीबीएसएसएस बिलासपुर, बाल पाठशाला बिलासपुर, नवोदय विद्यालय कोठीपुरा, कन्या पाठशाला घुमारवीं व पीएम श्री जीबीएसएसएस घुमारवीं को केंद्र बनाया था। अभ्यर्थियों को पूर्व में ही दिशा-निर्देशों सहित प्रवेश पत्र वेबसाइट व ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध करवाए गए थे। परीक्षा के आयोजन में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। डीसी बिलासपुर राहुल कुमार ने परीक्षा के दौरान विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने केंद्रों में परीक्षा की निष्पक्षता, सुरक्षा प्रबंधों और सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

**पीएम श्री जीबीएसएसएस घुमारवीं :** पंजीकृत 240 में से 237 उपस्थित, 3 अनुपस्थित
**नवोदय विद्यालय कोठीपुराः** पंजीकृत 264 में से 258 उपस्थित, 6 अनुपस्थित
**राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिलासपुरः** पंजीकृत 264 में से 257 उपस्थित, 7 अनुपस्थित
**कन्या पाठशाला घुमारवींः** पंजीकृत 238 में से 234 उपस्थित, 4 अनुपस्थित
**पीएम श्री जीबीएसएसएस बिलासपुरः** पंजीकृ्त 384 में से 377 उपस्थित, 7 अनुपस्थित

# अग्निकांड से दो गोशालाएं जलकर राख

## पीड़ित परिवार ने सुरक्षित बाहर निकाले पशु, रायपुर पंचायत के सेल गांव में पेश आई घटना

**बबलू पठानिया, नैनीखड़**

**रायपुर** पंचायत के सेल गांव में रविवार तड़के एक भीषण अग्निकांड में दो परिवारों की डबल मंजिला लकड़ी-सलेट से बनी गोशालाएं जलकर पूरी तरह राख हो गईं। यह हादसा कालूराम पुत्र डुमनू राम और ज्ञानचंद पुत्र फकीरचंद की गौशालाओं में अचानक लगी आग के कारण हुआ। हादसे के समय दोनों गोशालाओं में पशुओं के लिए बड़ी मात्रा में सूखा चारा भी भरा हुआ था, जो आग से पूरी तरह खाक हो गया।

सुबह करीब 4:00 बजे गांव के लोगों ने अचानक आग की लपटें देखीं तो अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की तत्परता और पीड़ितों की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। कालूराम और ज्ञानचंद ने जान की परवाह किए बिना गोशालाओं के दरवाजे खोले और अपने पशुधन को सुरक्षित बाहर निकालने में कामयाब रहे। गांववासियों ने पूरी हिम्मत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आग बुझाने में जुट गए और लगभग 6:00 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। सौभाग्यवश उस रात बारिश हो गई थी, जिससे आग का विकराल रूप सीमित रहा और बाकी घरों की जान-माल सुरक्षित रही।

घटना की सूचना मिलते ही ककीरा के नायब तहसीलदार राहुल धीमान मौके पर पहुंचे और प्रशासन की ओर से दोनों पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत के तौर पर 5,000-5,000 रुपए की आर्थिक सहायता उप-प्रधान संजय कुमार की अगुवाई में प्रदान की गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित परिवारों को उचित मुआवज़ा और भविष्य में ऐसे हादसों से निपटने के लिए संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। (अनंत ज्ञान)


रायपुर पंचायत के सेल गांव में अग्निकांड से जलकर राख हुई गोशाला।

# साच पास क्षेत्र में सुरक्षा बलों की तैनाती और संचार सुविधा को किया जाए बहाल

**अनंत ज्ञान,चंबा/चुराह**

**प्रदेश** का साच पास अब एक बार फिर चर्चा में है, लेकिन इस बार पर्यटन नहीं, बल्कि सुरक्षा के सवालों को लेकर। जेएमएफसी कोर्ट तीसा के अधिवक्ता मुकेश कुमार ने तहसीलदार चुराह के माध्यम से पुलिस अधीक्षक चंबा को एक अत्यंत संवेदनशील ज्ञापन सौंपते हुए साच पास क्षेत्र में सुरक्षा बलों की तैनाती और संचार सुविधा बहाल करने की अत्यावश्यकता पर जोर दिया है।

ज्ञापन में वर्ष 1998 की कालाबन-सतरूडी की भीषण आतंकी घटना का उल्लेख करते हुए अधिवक्ता ने बताया कि किस प्रकार 2 अगस्त को 35 हिंदू तीर्थयात्रियों को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया गया था और 7 को अगवा कर लिया गया था। आज भी उनकी कोई खबर नहीं है, यह हिमाचल के इतिहास का



**अधिवक्ता ने तहसीलदार चुराह के माध्यम से एसपी चंबा को सौंपा ज्ञापन**

सबसे काला अध्याय था, अधिवक्ता ने लिखा। अधिवक्ता मुकेश कुमार ने आगाह किया कि यदि साच पास जैसे संवेदनशील और दुर्गम क्षेत्र में सुरक्षा एवं संचार व्यवस्थाओं को मजबूत नहीं किया गया, तो भविष्य में कोई गंभीर अनहोनी या आतंकी वारदात की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। जिससे राज्य की छवि को गहरा धक्का लगेगा। इस ज्ञापन को स्थानीय प्रशासन और उच्च सुरक्षा एजेंसियों तक पहुंचाने की मांग के साथ उन्होंने प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेने की अपील की है।

### ये हैं मुख्य मांगें

- साच पास क्षेत्र में स्थायी या अस्थायी सुरक्षा बलों की तैनाती।
- नेटवर्क विहीन क्षेत्र में मोबाइल टावर, सैटेलाइट फोन या वैकल्पिक संचार माध्यमों की स्थापना।
- पर्यटकों की सुरक्षा हेतु सतरूडी में पंजीकरण चेक पोस्ट की स्थापना।
- स्थानीय प्रशासन द्वारा नियमित गश्त और निगरानी की व्यवस्था।

# चंबा जैसी त्रासदी दोहराने से पहले चेताया प्रशासन

## रिटायर्ड कैप्टन एमआर ठाकुर ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर जताया शोक

**आरके सहगल,चंबा**

**भारत-पाकिस्तान** के बीच बढ़ते तनाव और सुरक्षा चुनौतियों पर चिंतन करते हुए रिटायर्ड कैप्टन एमआर ठाकुर, जो कि डोगरा रेजिमेंट से सेवानिवृत्त और 28 वर्षों तक भारतीय सेना में सेवा दे चुके हैं। उन्होंने अनंत ज्ञान टीम से विशेष बातचीत में अहम बातों को उजागर किया।

कैप्टन ठाकुर ने हाल ही में 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई, पर गहरा शोक व्यक्त किया और इसे देश की एकता व मानवता पर सीधा हमला बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं हमारे सुरक्षा ढांचे पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। आतंक के खिलाफ जवाब देने का समय अब और नहीं टाला जा सकता।

उन्होंने विशेष रूप से चंबा-जम्मू-कश्मीर सीमा के साथ लगते इलाकों की असुरक्षित स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हम 3 अगस्त, 1998 की चंबा नरसंहार जैसी दुखद



रिटायर्ड कैप्टन एमआर ठाकुर से
**विशेष बातचीत**

घटना को फिर से नहीं दोहरा सकते, जिसमें 35 लोगों की निर्मम हत्या हुई थी। कैप्टन ठाकुर ने साच पास जैसे दुर्गम और नेटवर्क-विहीन इलाकों में सुरक्षा बलों की तैनाती, संचार सुविधा, पर्यटक पंजीकरण और

**डीसी चंबा को सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के दिए ठोस सुझाव**

निगरानी जैसी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने यह मुद्दा चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल के समक्ष गंभीरता से उठाया और शनिवार को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के ठोस सुझाव दिए गए। कैप्टन ठाकुर का स्पष्ट संदेश था कि आतंक को कुचलने के लिए सिर्फ सीमाओं पर नहीं, बल्कि नीतिगत स्तर पर भी निर्णायक कदम उठाने होंगे।

उन्होंने आम जनता से भी सतर्क और एकजुट रहने की अपील करते हुए खासतौर पर यह आग्रह किया कि किसी भी नागरिक को सेना की मूवमेंट या सेना के काफिले की लाइव लोकेशन या तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा नहीं करनी चाहिए, क्योंकि यह जानकारी देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। (अनंत ज्ञान)

# पठानकोट-भरमौर एनएच बहा रहा बदहाली के आंसू

## बारिश से क्षतिग्रस्त हुईं सड़कों की विभाग नहीं कर रहा मरम्मत, हादसों का बना खतरा

**अनंत ज्ञान, भरमौर/चंबा**

**पठानकोट**-चंबा-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग की स्थिति आज इतनी जर्जर हो चुकी है कि यह सड़क खुद अपनी बदहाली पर रोती नजर आ रही है। विशेषकर बग्गा से भरमौर तक का मार्ग एक-एक मोड़ पर खतरनाक साबित हो रहा है। भारी बारिश के बाद हुए भूस्खलन से सड़क कई जगहों पर ध्वस्त हो चुकी हैं, मगर एनएच विभाग की नींद अब तक नहीं खुली है।

गंभीर बात यह है कि विश्वविख्यात मणिमहेश यात्रा अब कुछ ही हफ्तों में शुरू होने वाली है, जहां देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु भरमौर पहुंचते हैं। लेकिन सड़क की हालत देखकर लगता है कि विभाग या तो इस क्षेत्र को नजरअंदाज कर रहा है या फिर



**मणिमहेश यात्रा से पहले भी नहीं जाग रहा एनएच विभाग**

किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। बत्ती हट्टी नामक स्थान पर कुछ माह पूर्व भूस्खलन से सुरक्षा दीवार (डंगा) पूरी तरह ढह गई थी, मगर विभाग ने आज तक इस क्षेत्र की सुध नहीं ली। आज भी वहां लगातार भूस्खलन जारी है और सड़क की नींव खिसकती जा रही है, साथ ही नीचे बह रही रावी नदी खतरे को और बढ़ा रही है।

पूर्व प्रधान देश राज शर्मा ने तीखी नाराजगी जताते हुए बताया कि एनएच विभाग को बार-बार सूचित किया गया, मगर विभागीय अधिकारियों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्य नहीं हुआ तो यहां कभी भी जानलेवा हादसा हो सकता है।

इस संबंध में जब एनएच विभाग के अधिशाषी अभियंता मीत सिंह ठाकुर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जल्द ही मौके पर निरीक्षण किया जाएगा और उचित कार्रवाई की जाएगी।

# मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी ने दी वॉशिंग मशीन और इंग्लिश मीडियम की किताबें

**आजाद, चंबा**

**मुस्लिम** वेलफेयर सोसायटी जिला चंबा की ओर से रविवार को सामाजिक पहल के तहत एडवोकेट लतीफ मोहम्मद साहब ने मदनी मदरसा मसवाड़ी में बच्चों के लिए वॉशिंग मशीन भेंट की। इसके साथ ही मदनी माइनॉरिटी पब्लिक स्कूल के 26 बच्चों के लिए इंग्लिश मीडियम किताबें भी प्रदान कीं।

इस अवसर पर मदरसे के प्रबंधक मौलाना मोहम्मद रोशन कासमी सहित स्टाफ सदस्य मौलाना मोहम्मद मुश्ताक, कारी अब्दुल रहमान, हाफिज मोहम्मद रफीक और समाजसेवी हाजी हसन दीन साहब भी उपस्थित रहे। सभी ने एडवोकेट लतीफ मोहम्मद साहब का गर्मजोशी से स्वागत किया और बच्चों के उज्ज्वल


मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी जिला चंबा के सदस्य वॉशिंग मशीन भेंट करते हुए।

भविष्य के लिए किए गए इस सहयोग के लिए उनका दिल से शुक्रिया अदा किया।

यह पहल न केवल शिक्षा और साफ-सफाई जैसे जरूरी पहलुओं को प्रोत्साहन देती है, बल्कि समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश भी देती है कि अगर हम मिलकर काम करें तो शिक्षा और सहूलियतें हर बच्चे तक पहुंच सकती हैं। मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी की यह प्रेरणात्मक सेवा कार्य भविष्य में भी ऐसे ही उदाहरण पेश करने के लिए मार्गदर्शन करेगी। (अनंत ज्ञान)

# शिवकुमार कोड़ा को मिली जिला प्रधान की कमान

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** हिमाचल पेंशनर्स संघ चंबा ने बनीखेत पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह बनीखेत में चुनाव करवाए गए। यह चुनाव आरके शर्मा व तिलकराज डढवाल की अध्यक्षता में करवाए गए। चुनाव प्रक्रिया बड़े शांतिपूर्वक माहौल से संपन्न हुई।

इस चुनाव में शिवकुमार कोड़ा को जिला प्रधान व शेर सिंह को जनरल सेक्रेटरी व मंजीत सिंह को फाइनेंस सेक्रेटरी चुना गया। इसी तरह प्रेम सिंह बेदी को चंबा खड़ का प्रधान के लिए चुना गया और नरेश कुमार को सलूणी खंड का महासचिव और अब्दुल मजीद को तीसा खड़ का प्रधान चुना गया। इस चुनाव में 112 पेंशनरों ने हिसा लिया।

# पंडोह चौकी में सबसे ज्यादा 25 एफआईआर दर्ज

## कोटली में सबसे कम 4 मामले दर्ज, एसआई अनील कटोच की मेहनत ला रही रंग

**बालक राम, पंडोह**

किसी भी सरकारी अथवा गैर-सरकारी कार्यालय की प्रगति उसके मुखिया की कार्यप्रणाली पर निर्भर करती है।

इसे चरितार्थ किया है पंडोह पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कटोच ने। उन्होंने दिसंबर 24 में कार्यभार संभाला था और अपने कुशल नेतृत्व, बेहतरीन समन्वय और मिलनसार व्यवहार से पंडोह में होने वाले अपराधो पर लगाम लगाई है। बड़े से बड़े मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने के लिए आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए कानूनी शिकंजे में झकड़ा है। अब अपराधी भी अनिल कटोच के नाम से कांपने लगे हैं। इसका ज्वलंत उदाहरण हालही में लोहे के गाडर चोरी में संलिप्त 4 अपराधियों का पकड़ा जाना और माल की बरामदगी है। बता दें कि इन चार महीनों में एससी-एसटी एट्रोसिटीज एक्ट में पंडोह चौकी में 3 एफआईआर दर्ज की गई हैं, जो पंडोह चौकी के आज तक के इतिहास में कभी नहीं हुई है। वहीं, पौकसो एक्ट में भी मामले दर्ज हुए हैं। इतना ही नहीं भारतीय न्याय संहिता 363, 366 में भी मामले दर्ज किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडी सदर थाना के अंतर्गत 3 पुलिस चौकी पंडोह, कोटली और सिटी चौकी मंडी आती है। इनसमें सबसे ज्यादा 27 एफआईआर पंडोह चौकी में दर्ज हुई हैं, जबकि 12 एफआईआर के साथ सिटी चौकी मंडी दूसरे और मात्र 4 एफआईआर के साथ कोटली पुलिस चौकी आती है। यानी दोनों चौकियों को मिला कर भी पंडोह पुलिस चौकी में दर्ज मामले की बराबरी नहीं की जा सकती।

**47 वर्षों के बाद भी नहीं हो पाई अपग्रेड**

इससे यह भी प्रमाणित होता है कि पंडोह पुलिस चौकी थाने के लिए डिजर्व करती है। पंडोह थाना बनने से जहां स्टाफ की कमी नहीं खलेगी, वहीं वाहन की सुविधा मिलने से अपराध भी कम होंगे और अपराधी जल्द पकड़ में आएंगे।

पुलिस की पहुंच हर घर तक बन सकेगी, जो अभी मात्र नेशनल हाइवे और पंडोह क्षेत्र में ज्यादा है। पंडोह चौकी के दुर्गम इलाकों जैसे मझवाड़, शिवा बदार, तादी आदि इलाकों तक निरंतर गश्त नहीं बन पाती है, जो पुलिस थाना बनने से आसान हो जाएगी। बता दें कि पंडोह पुलिस चौकी पंडोह डैम निर्माण के दौरान 1978 में खुल थी, मगर 47 वर्षों के बाद भी अपग्रेड नहीं हो पाई। पूर्व जय राम सरकार ने जाते-जाते जरूर इसे थाने बनाने की घोषणा की थी, मगर वर्तमान सरकार ने इस डिनोटिफाई कर दिया। पंचायत प्रधान गीता ने बताया कि पंचायत ने मुख्यमंत्री सुक्खू से मिल कर पंडोह पुलिस चौकी को अपग्रेड करने की मांग की है, जबकि पुलिस चौकी प्रभारी पंडोह एसआई अनील कटोच ने बताया कि यह सरकार का अधिक्षेत्र है। हम कोई टिप्पणी नहीं कर सकते। हम ईमानदारी से काम कर रहे हैं। यह सही है कि पंडोह चौकी में सबसे ज्यादा मामले दर्ज हैं। यह सब टीम वर्क है। (अनंत ज्ञान)

### सूडोकु नवताल- 7421
**★★★★ मध्यम**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7420 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

**सोमवार, 5 मई 2025**

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, **तिथि** अष्टमी (07:38): **नक्षत्र** आश्लेषा (02:02), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** वृद्धि (00:19) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:51-12:44) **राहुकाल** (07:17-08:57)।

### विशेष दिन

- 05 मई 2025: मासिक दुर्गाष्टमी आज।
- 05 मई बगलामुखी जयंती आज।

**मेषः** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृषभः** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**मिथुनः** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे।

**कर्क**: आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कोई प्रिय वस्तु प्राप्त होगी। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंहः** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

**कन्याः** सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**तुलाः** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा।

**वृश्चिकः** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी।

**धनुः** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबार में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**मकरः** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए।

**कुंभः** कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मीनः** यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

# मनुष्य जीवन का एक मात्र लक्ष्य प्रभु परमात्मा की प्राप्ति करना: भाटिया

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

**निरंकारी** सत्संग भवन बनीखेत में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें अमृतसर पंजाब से प्रचार दूर प्रोगाम पर आए हुए महात्मा अमित भाटिया ने सत्य का संदेश देते हुए कहा कि दुनिया इक सफर है बंदे तेरा कहां ठीकाना है। कहे हरदेव कहां से आया, कहां पे तुझको जाना है। मनुष्य जीवन का यही एक महत्वपूर्ण सवाल है कि सफर तो हर कोई कर रहा है अपने जीवन में लेकिन पता ही नहीं कि जाना कहां पर है ठीकना कौन सा है इस सवाल का जवाब केवल और मात्र सतगुरु के चरणों में आकर मिलता है क्योंकि जब सतगुरु कृपा करके ब्रह्मज्ञान प्रदान कर देता है आत्मा को परमात्मा से मिला देता है। निराकार प्रभु का दीदार करवा देता है तो यह बात समझ आ जाती है कि कहां से आया है मनुष्य जीवन का एक मात्र लक्ष्य है प्रभु परमात्मा की प्राप्ति करना जो निरंकार-प्रभु जो कण-कण में बसा है, बेरंगा है, इसको जानकर, इसके एहसास में हर पल रहते हुए सहज जीवन जीना सम्भव है। निरंकार को मन की गहराइयों में बसाने से वैर, नफरत और अहंकार जैसे अन्य दुर्गुण भी समाप्त होते जायेंगे। फिर मन में प्रेम, सुकून, समदृष्टि व अपनत्व जैसे मानवीय गुणों का समावेश होता जायेगा, जिससे हमारा जीवन एक मुकम्मल जीवन बन सकता है।

भाटिया ने कहा कि एकत्व में सुकून है। यह एकत्व, यह रिश्ता परमात्मा और आत्मा का । जब आत्मा को पता चल जाता है कि असली रूप क्या है? शरीर में आत्मा है, परन्तु शरीर इसकी असली पहचान नहीं है, यह परमात्मा का ही रूप है, यही असल पहचान है ।

# श्रद्धा और उत्साह के साथ तीन दिवसीय देवीधार मेला शुरू

**दशमी रावत, रोहड़ू।** रणसार घाटी में जय देवता कैलाश और खंटू महाराज की पावन छत्रछाया में तीन दिवसीय देवीधार मेला श्रद्धा और उत्साह के साथ शुरू हो गया है। इस दौरान नवयुवक मंडल देवीधार द्वारा वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ रविवार को विधिवत रूप से हुआ। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि छौहारा ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष हरीश कायथ ने शिरकत की। राजीव ठाकुर, विनोद शौंघी, विन्नू ठाकुर, सोनू नेगी और सुनील नेगी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। नवयुवक मंडल के प्रधान साची मेहता, उपप्रधान पारस नेगी, सचिव अमन मेहता व कोषाध्यक्ष सुनील नेगी ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। हरीश कायथ ने नवयुवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल देव संस्कृति को जीवित रखते हैं बल्कि युवाओं को खेलों से जोड़ने का भी माध्यम बनते हैं। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तानी नागरिकों को वापस न भेजने पर भाजपा करेगी प्रदर्शन: त्रिलोक कपूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**भाजपा** के प्रदेश महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक त्रिलोक कपूर ने बताया कि पहलगाम की निर्मम हत्यों के दृष्टिगत केन्द्र की नरेन्द्र मोदी की सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ अनेक डिप्लोमैटिक कदम उठाए हैं, जिनमें से एक निर्णय यह भी है कि पाकिस्तानी नागरिक, जो भारत में अधिकृत अथवा अनाधिकृत रूप से रह रहे हैं, उन्हें तुरंत उनके देश वापिस भेजा जाए। इसी कड़ी में अनेक राज्यों में यह कार्य तीव्र गति से चल रहा है। परन्तु दुख का विषय यह है कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार राज्य में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को ढूंढने और उन्हें वापिस भेजने के प्रति बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। इसलिए पार्टी द्वारा सोमवार 5 मई को हर जिला स्तर पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। राष्ट्रहित में लिया गया यह निर्णय सामायिक एवं अत्यंत महत्वपूर्ण है।


# कार्यालय ग्राम पंचायत गोहर
## विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)
## निविदा सूचना

ग्राम पंचायत गोहर विकास खंड गोहर जिला मंडी (हि.प्र.) द्वारा दिनांक 28/04/2025 को प्रस्ताव मंख्या 05 के माध्यम से वित्त वर्ष 2075-26 हेतु विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मोहर बंद निविदाएं डाक द्वारा आमत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 14/05/2025 को अपराहण 4:00 बजे तक पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 15/05/2025 को ग्राम पंचायत कमेटी तथा निविदादाताओं व उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष 12:00 बजे खोली जाएंगी। निविदाएं निम्न सामग्री हेतु आमंत्रित की जाती हैं।

**सामग्री का विवरण**

1. रेत/बजरी खड्ड-प्रति घन मीटर, 2. रेत/बजरी क्रशर 10MM, 20MM,40MM-प्रति घन मीटर, 3.पत्थर कट स्टोन-प्रति पत्थर, 4. पत्थर कट स्टोन (गमला)-प्रति पत्थर, 5. सोलिंग/पत्थर- प्रति घन मीटर, 6. बोल्डर पत्थर- प्रति घन मीटर, 7. JCB मशीन (Cutting and Dressing)-प्रति घंटा, 8. शटरिंग, लकड़ी व स्टील (भवन निर्माण/ड्रेन व डंगे)- प्रति वर्ग फुट, 9. सीमेंट ढुलाई with लोड/अनलोड-प्रति बैग, 10. RCC पाइप (All Sizes)-प्रति फुट, 11. सीमेंट मिक्सर (ओपरेटर सहित)- प्रति बैग, 12. नागरिक सुचना बोर्ड पेंटिंग/ दीवार लेखन-प्रति वर्ग फुट, 13. साईन बोर्ड लिखाई-प्रति बोर्ड।

**नियम व शर्ते :-**

1. निविदा दाता के पास अपना PAN नंबर तथा GST नंबर होना अनिवार्य है। 2. आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होंगे। 3. सामग्री की आपूर्ति लोकनिर्माण विभाग द्वारा जारी किए गए विनिर्देश (Specification) के अनुसार होगी। 4. निर्माण सामग्री कार्य स्थल या जहां तक गाड़ी जाती है, वहां पर उपलब्ध करवानी होगी। 5. निविदादाता को 50000/- (पचास हजार) रूपये की धरोहर/सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी, धरोहर/सुरक्षित राशि के बिना निविदा स्वीकार नही की जाएगी। धरोहर/सुरक्षित राशि जो की ग्राम पंचायत गोहर के नाम में देय हो, के रूप में स्वीकार की जाएगी। निविदादाता अगर सामग्री आपूर्ति समय (एक सप्ताह) के भीतर नहीं कर पाता तो उसकी धरोहर/सुरक्षित राशि वापिस नहीं की जाएगी। 6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवता के चयन का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदा किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। 7. निविदा खुलने के उपरांत उपरोक्त सामग्री की दरों में विभाग द्वारा तैयार की गयी Justification व निविदादाता के साथ Negotiation के उपरांत अंतिम रूप दिया जाएगा। 8. दरों का उलेख करते समय Tax Included या Excluded का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 9. दरें अंकों व शब्दों में लिखी जाएं। 10. जिसकी निविदा स्वीकृत की होगी उपर दर्शाई गई धरोहर राशि पांच दिन के भीतर fdr पंचायत के नाम करनी होगी।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत गोहर**
**विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

यदि मन शुद्ध है, तो व्यक्ति कहीं भी भगवान का अनुभव कर सकता है। -संत रविदास

## संपादकीय

### भारत की कारगर नीति

पाकिस्तान भारत को सीमा के मोर्चे पर हमेशा उलझाकर रखता है। शायद उसकी फितरत या मंशा ही ऐसी हो गई है कि वह भारत को हमेशा परेशान देखना चाहता है। छोटी मोटी आतंकी वारदातें तो साल भर चली रहती हैं। पहलगाम में हुए ताजा आतंकी हमले ने एक बार फिर भारत को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले में निर्दोष लोगों की जान गई और इसके पीछे पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद की भूमिका होने की आशंका ने भारत को निर्णायक कदम उठाने के लिए प्रेरित किया है। भारत की जनता, राजनीतिक नेतृत्व और सुरक्षा एजेंसियां अब इस बात को लेकर एकमत दिखाई दे रही हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ सिर्फ कड़े बयान नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई जरूरी है। इस बार भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पारंपरिक युद्ध की जगह एक अलग रणनीति अपनाई है-आर्थिक और कूटनीतिक दबाव की नीति। भारत ने पाकिस्तान पर तीन मुख्य प्रतिबंध लगाए हैं। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आयात-निर्यात पर पूर्ण रोक, पाकिस्तानी झंडे वाले किसी भी जहाज को भारतीय बंदरगाह में प्रवेश की मनाही और डाक और पार्सल सेवाओं पर पूर्ण रोक।

इन कदमों से यह स्पष्ट है कि भारत ने युद्ध के मैदान के बजाय आर्थिक मोर्चे पर पाकिस्तान को घेरने का फैसला किया है। यह रणनीति चीन जैसे देशों के खिलाफ भी भारत ने आंशिक रूप से अपनाई थी और उसमें सफलता भी मिली थी। अब सवाल उठता है कि क्या ये प्रतिबंध पाकिस्तान को नुकसान पहुंचाएंगे? पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पहले से ही चरमराई हुई है। महंगाई, बेरोजगारी, विदेशी ऋण और राजनीतिक अस्थिरता के कारण वहां की स्थिति अत्यंत खराब है। भारत के साथ व्यापार भले ही सीमित रहा हो, पर यह प्रतीकात्मक रूप से पाकिस्तान के लिए एक बड़ा झटका है। खासकर डाक सेवाओं और शिपिंग पर रोक से पाकिस्तान का संपर्क कई स्तरों पर बाधित होगा। अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत यह संदेश दे रहा है कि आतंकवाद को समर्थन देने वाले देश के साथ वह किसी भी प्रकार का सहयोग नहीं करेगा। भारत का पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध छेड़ना एक भावनात्मक और राजनीतिक दृष्टिकोण से कुछ लोगों को संतोषजनक लग सकता है, पर व्यवहारिक रूप से इसके दूरगामी दुष्परिणाम हो सकते हैं। युद्ध का खर्च अरबों रुपए में होता है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ता है। रक्षा क्षेत्र में इतना बड़ा व्यय करने से शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना जैसे क्षेत्रों को नुकसान होता है। इसके अलावा, परमाणु संपन्न दोनों देशों के बीच युद्ध का खतरा एक वैश्विक चिंता है।

एक छोटी सी चूक बड़े पैमाने की तबाही ला सकती है। इसलिए सैन्य संघर्ष को अंतिम विकल्प के रूप में ही देखा जाना चाहिए। भारत अब एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति है। उसे आर्थिक विकास, तकनीकी नवाचार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के क्षेत्रों में अपनी स्थिति मजबूत करनी है। युद्ध जैसी स्थिति में उलझने से इन लक्ष्यों से ध्यान भटक सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रिमंडल के अन्य वरिष्ठ सदस्य लगातार इस बात को दोहरा रहे हैं कि निर्णायक कदम उठाए जाएंगे। इस बात की संभावना है कि भारत, पाकिस्तान को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) जैसी वैश्विक संस्थाओं के माध्यम से भी दबाव में लाएगा। भारत पहले ही पाकिस्तान को मोस्ट फेवर्ड नेशन (एमएफएन) का दर्जा समाप्त कर चुका है। अब नई आर्थिक नीतियों और रणनीतिक प्रतिबंधों से भारत यह संदेश दे रहा है कि आतंकी गतिविधियों की कोई भी कीमत होगी।

साथ ही भारत अपने मित्र देशों जैसे अमेरिका, फ्रांस, जापान और खाड़ी देशों के साथ मिलकर पाकिस्तान को वैश्विक मंचों पर अलग-थलग करने का प्रयास भी कर सकता है। निश्चित रूप से भारत की यह नई नीति कई स्तरों पर कारगर सिद्ध हो सकती है, यदि इसे निरंतरता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के साथ आगे बढ़ाया जाए। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर दबाव बनाकर वहां की सत्ता को यह संकेत देना जरूरी है कि आतंकवाद को प्रायोजित करने की नीति अब नहीं चलेगी। हालांकि, इस रणनीति में समय लगेगा, लेकिन इसके प्रभाव स्थायी हो सकते हैं। यह नीति भारत की परिपक्वता और वैश्विक जिम्मेदारी को भी दर्शाती है।

भारत की ओर से उठाए गए आर्थिक और कूटनीतिक प्रतिबंध पाकिस्तान के लिए एक स्पष्ट संदेश हैं कि अगर तुम आतंकवाद का समर्थन करोगे, तो वैश्विक व्यवस्था में तुम्हारा स्थान सीमित होता जाएगा। भारत का युद्ध न करने का निर्णय न तो कमजोरी है और न ही असहायता। यह एक सोची-समझी नीति है, जो दीर्घकालिक दृष्टि से अधिक कारगर सिद्ध हो सकती है। अतः वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यह कहना उचित होगा कि भारत को युद्ध जैसे कदमों की ओर बढ़ने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि उसे अपनी आर्थिक, कूटनीतिक और वैश्विक प्रभाव की शक्ति को ही अपना हथियार बनाना चाहिए। यही शक्ति, यही संयम और यही रणनीति पाकिस्तान जैसे अस्थिर राष्ट्र को वास्तविक सबक सिखा सकती है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### देश के आठवें राष्ट्रपति

ज्ञानी जैल सिंह सिख धर्म के विद्वान् पंजाब के मुख्यमंत्री रह चुके थे। वह अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति, सत्यनिष्ठा व राजनीतिक कठिन रास्तों को पार करते हुए। 1982 में भारत के गौरवमयी राष्ट्रपति के पद पर आसीन हुए। 1987 तक के अपने कार्यकाल के दौरान इन्हें 'ब्लूस्टार ऑपरेशन' एवं इंदिरा गांधी की हत्या जैसी दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियों से गुजरना पड़ा। उनका जन्म पंजाब में फरीदकोट जिले के संधवा नामक गांव में हुआ। ज्ञानी जैल सिंह का बचपन का नाम जरनैल सिंह था। पिता खेती करते थे। वह एक किसान के बेटे थे जिसने हल चलाया, फसल काटी, पशु चराए और खेती के विभिन्न काम करते थे, एक दिन भारत का राष्ट्रपति बन गए। यह बहुत ही असाधारण बात है और इसे सिद्ध कर दिखाया और ज्ञानी जैल सिंह देश के आठवें राष्ट्रपति बन गए। ज्ञानी जैल सिंह की स्कूली शिक्षा भी पूरी नहीं हो पाई कि उन्होंने उर्दू सीखने की शुरुआत की। 1972 से 1977 तक ज्ञानी जी पंजाब के मुख्यमंत्री रहे। 1980 में जब इंदिरा जी पुनः सत्ता में आई तो उन्होंने ज्ञानी जी को देश का गृहमंत्री बनाया। 1982 में श्री नीलम संजीव रेड्डी का कार्यकाल समाप्त होने पर ज्ञानी जी देश के आठवें राष्ट्रपति चुने गए। ■



ज्ञानी जैल सिंह
जन्म : 5 मई, 1916
मृत्यु : 25 दिसंबर, 1994

## कविता

### बंधन माया मोह के

शिव सान्याल मकड़ाहन, जवाली (कांगड़ा)



बंधन माया मोह के, नहीं रहे हैं छूट।
काम क्रोध मद लोभ से, नाता बना अटूट।।
धन दौलत के लोभ में, नहीं किसी से प्यार।
बंधन माया मोह के, मधुर लगे संसार।।
मेरा मेरी छोड़ दे, बात समझ इक बार।
खाली आया है यहां, जाना हाथ पसार।।
कर ले सिमरन राम का, होगा तब उद्धार।
बंधन माया छोड़ के, होगा भव से पार।।
बंधन माया मोह के, खड़ी करें दीवार।
भीतर के पट खोल रे, प्रभु का कर दीदार।।
माया जी जंजाल की, ममता के हैं रोग।
जितना मालिक ने दिया, उतना ही सुख भोग।।
काम क्रोध मद लोभ से, रहो सदा ही दूर।
नाम जपो श्री राम का, मिले नैन को नूर।।

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# जाति गणना भारत की सामाजिक आत्मा की जांच



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने आखिरकार जाति गणना को मंजूरी दे ही दी। यह फैसला अपने आप में ऐतिहासिक है, लेकिन इसकी टाइमिंग और पृष्ठभूमि ने इसे और भी अधिक राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बना दिया है।

जब पूरा देश पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश में है, तब यह घोषणा कई सवाल खड़े करती है। क्या यह सरकार की एक रणनीतिक चाल है? क्या यह फैसला विपक्षी दलों के जातिगत समीकरणों को कमजोर करने की कोशिश है? या फिर यह जनता की वर्षों पुरानी मांग के सामने झुकाव का संकेत है? हालांकि, भारत में जाति गणना का इतिहास कोई नया नहीं है। ब्रिटिशकाल में आखिरी बार 1931 में जातियों की गणना की गई थी, इसके बाद इसे बंद कर दिया गया। इसके बाद यूपीए सरकार ने 2011 में सामाजिक, आर्थिक और जातीय जनगणना (एसईसीसी) करवाई थी, जिसमें जातीय आंकड़े भी जुटाए गए थे। हालांकि, ये आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए, क्योंकि सरकार ने दावा किया था कि डेटा अपूर्ण और असंगत है। तकनीकी त्रुटियों और सत्यापन में कठिनाई के कारण रिपोर्ट को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका। राजनीतिक कारणों और संभावित सामाजिक प्रभावों को ध्यान में रखते हुए भी आंकड़ों को रोक दिया गया।

उसके बाद केवल अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की ही जनगणना होती रही। ओबीसी की वास्तविक संख्या कभी सामने नहीं आ पाई और न ही उनके भीतर सामाजिक-आर्थिक असमानताओं की कोई आधिकारिक तस्वीर सामने आ सकी। मंडल आयोग (1980) ने अपने अनुमान 1931 की जनगणना के आधार पर रखते हुए ओबीसी की संख्या 52 प्रतिशत मानी और इस आधार पर आरक्षण की सिफारिश की गई, लेकिन वर्तमान में भारत की जनसंख्या 140 करोड़ के पार जा चुकी है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या वही आंकड़े आज भी प्रासंगिक हैं?

**विपक्ष का दबाव और सरकार की रणनीति:** पिछले वर्षों में केंद्र सरकार जाति आधारित जनगणना के खिलाफ रही है, लेकिन जैसे-जैसे विपक्ष खासतौर पर क्षेत्रीय दल इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाते गए, केंद्र सरकार पर दबाव बढ़ता गया। बिहार जैसे राज्यों में इस मुद्दे ने बड़ा जनाधार तैयार किया और अंततः सरकार को निर्णय लेना पड़ा, लेकिन राजनीतिक पर्यवेक्षक मानते हैं कि सरकार इस मुद्दे पर विपक्षी दलों को श्रेय नहीं देना चाहती। इस तर्क में कितनी सच्चाई है यह तो वक्त ही बताएगा।

**राजनीति के बदलते समीकरण:** जाति आधारित राजनीति भारत में कोई नई बात नहीं है। उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में जातियों के आधार पर गठबंधन बनते और बिगड़ते रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में विपक्षी दलों-विशेषकर क्षेत्रीय ताकतों ने जाति गणना को बड़ा चुनावी मुद्दा बना दिया था। यह संदेश दिया गया कि भाजपा ओबीसी के अधिकारों को दबा रही है। अब जब भाजपा खुद यह कदम उठा रही है, तो इसका राजनीतिक संदेश दो तरफा है। एक तरफ यह ओबीसी समुदाय को यह दिखाता है कि भाजपा उनकी हितैषी है, दूसरी ओर यह विपक्ष के उस राजनीतिक हथियार को निष्क्रिय कर सकता है जो वह पिछले कई वर्षों से चला रहा था, लेकिन यहीं पर भाजपा के लिए जोखिम भी है। सवर्ण वोटबैंक, जो भाजपा का कोर सपोर्टर माना जाता है, यह मान सकता है कि उसके हितों की अनदेखी हो रही है।

**सामाजिक न्याय बनाम सामाजिक विघटन:** जाति गणना का मूल उद्देश्य सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना है। जो जातियां आज भी आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ी हैं, उन्हें सही तरीके से चिन्हित किया जा सके और नीतियां उस आधार पर बनाई जा सकें। इससे डाटा आधारित नीति निर्माण की ओर देश बढ़ेगा, लेकिन इसका दूसरा पहलू भी है।

जब आंकड़े सामने आएंगे, तो कौन कितनी संख्या में है, यह सवाल आरक्षण और संसाधनों के बंटवारे को लेकर समाज में तनाव बढ़ा सकता है। पहले से मौजूद जातिगत ध्रुवीकरण और गहरा हो सकता है। अब सवाल उठता है कि क्या यह विभाजनकारी होगा? यह इस बात पर निर्भर करेगा कि आंकड़ों का उपयोग कैसे होता है।

**जाति गणना-क्या बदल सकता है?:** जाति गणना कोई मामूली प्रक्रिया नहीं है। यह भारतीय समाज की बुनियादी संरचना को आंकड़ों के रूप में सामने लाती है। इससे यह तय हो सकेगा कि किन जातियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति कैसी है और उन्हें किस हद तक आरक्षण या अन्य सुविधाओं की जरूरत है।

यदि ओबीसी की जनसंख्या वाकई 50 प्रतिशत से अधिक है, जैसा कि 1931 की जनगणना और मंडल आयोग की रिपोर्ट में कहा गया था, तो वे आरक्षण की सीमा बढ़ाने की मांग कर सकते हैं। इससे न सिर्फ शिक्षा और नौकरियों में सीटों का गणित बदलेगा, बल्कि इससे सामाजिक तनाव भी जन्म ले सकता है। उच्च वर्ग के बीच असंतोष बढ़ सकता है।



यथार्थ

लेखक : समरजीत
संपादक, अनंत ज्ञान

**मुस्लिम समुदाय और जाति:** जातिगत विश्लेषण सिर्फ हिंदू समाज तक सीमित नहीं रहेगा। मुस्लिम समाज में भी जातियों की संरचना है-पसमांदा, अरजाल, अशराफ जैसे वर्ग, जिनमें दर्जनों जातियां आती हैं जैसे-जुलाहे, धोबी, नाई, मेहतर, फकीर आदि। इनकी सामाजिक स्थिति अक्सर अत्यंत पिछड़ी होती है और इनकी अनदेखी वर्षों से होती आई है। जाति गणना के जरिए इनकी वास्तविक स्थिति सामने लाई जा सकती है।

**भाजपा के सामने संतुलन की चुनौती:** भाजपा के सामने एक अहम चुनौती होगी। एक तरफ खुद को ओबीसी हितैषी साबित करना और दूसरी ओर सामान्य वर्ग की नाराजगी को संभालना। यह संतुलन साधना आसान नहीं होगा, खासकर तब जब जातिगत आंकड़े सार्वजनिक होंगे और उनमें गहराई से अंतर दिखाई देंगे।

**प्रश्नावली और तकनीकी चुनौतियां:** जाति गणना की सबसे बड़ी तकनीकी चुनौती है प्रश्नावली का निर्माण। 2011 में जातीय जनगणना के दौरान तकनीकी खामियों की वजह से 40 लाख से ज्यादा जातियां और उपजातियां दर्ज हो गई थीं। इससे यह प्रक्रिया जटिल हो गई थी। भारत में जातियों की संख्या हजारों में है, जिनमें उपजातियां और क्षेत्रीय भिन्नताएं शामिल हैं। प्रश्नावली बनाते समय यह तय करना कठिन होता है कि किस जाति या उपजाति को किस वर्ग में रखा जाए। यदि सूची बहुत लंबी हो, तो इसे भरना कठिन हो जाता है, और यदि सूची सीमित हो, तो कई जातियां छूट सकती हैं, जिससे आंकड़े अपूर्ण या भ्रामक हो सकते हैं। दूसरी चुनौती यह है कि कई लोग अपनी जाति को अलग-अलग नामों से बताते हैं और कुछ लोग जाति बताने से हिचकते हैं या जानबूझकर गलत जानकारी देते हैं। यह डेटा की विश्वसनीयता को प्रभावित करता है। प्रश्नावली को इस तरह डिजाइन करना होगा कि वह सरल, स्पष्ट और सभी राज्यों की भाषाओं में उपलब्ध हो।

**समाज के लिए एक दर्पण:** जाति गणना सिर्फ एक राजनीतिक कदम नहीं है, यह भारतीय समाज को उसके ही सामने एक दर्पण दिखा सकती है। इससे यह तय किया जा सकेगा कि किसे वास्तव में अवसरों की जरूरत है और किसे नहीं, लेकिन इसके साथ ही यह भी तय है कि इन आंकड़ों के आधार पर समाज में विभाजन की रेखाएं और गहरी हो सकती हैं। ऐसे में सरकार का यह फैसला कितना लाभकारी होगा, यह आने वाले वर्षों में ही स्पष्ट हो सकेगा।

**आगे की राह और सरकार का दृष्टिकोण:** सरकार के सामने अब एक दोधारी तलवार है। उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि जाति गणना पूरी पारदर्शिता और वैज्ञानिक तरीके से हो। केवल संख्या नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक स्थिति को भी दर्ज किया जाए। आंकड़ों का उपयोग विकास और समावेशन के लिए हो, न कि चुनावी लाभ के लिए। इसके साथ-साथ सरकार को यह भी देखना होगा कि सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति-जनजाति और अल्पसंख्यकों के बीच संतुलन बना रहे।

**अगला सामाजिक पड़ाव:** जाति गणना सिर्फ आंकड़ों की कवायद नहीं, बल्कि यह भारत की सामाजिक आत्मा की जांच है। क्या हम अब इतने परिपक्व हो चुके हैं कि आंकड़ों को सही दिशा में उपयोग कर सकें? या फिर यह भी एक और मौका बन जाएगा जहां आंकड़ों का राजनीतिक शोषण होगा? भारत के लोकतंत्र के लिए यह एक अग्निपरीक्षा है-जहां नीतियां, राजनीति और न्याय के बीच एक संवेदनशील संतुलन बनाना होगा। यही संतुलन तय करेगा कि यह कदम समाज को जोड़ता है या तोड़ता है।

रिस्पांस करें : editoranantgyaan@gmail.com

# गोवा भगदड़ हादसे से हुई मौतों का आखिर जिम्मेदार कौन ?

गोवा के शिरगांव में यात्रा के दौरान बिजली का तार गिरने से भगदड़ मचने से 7 लोगों की मौत हो गई और 50 लोग घायल हो गए। भगदड़ के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। कुछ माह पहले दिल्ली में भगदड़ मचने से रेलवे स्टेशन श्मशानघाट बन गया था दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ में भगदड़ मचने से काफी लोग मारे गए थे। अब गोवा में एक बार फिर लाशों के ढेर लग गए चारों तरफ लाशें ही लाशें बिखर गई। रेलवे स्टेशन से यह लोग महाकुंभ जा रहे 18 लोगों की मौत हो गई थी। देश में भगदड़ की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं और बेकसूर लोग बेमौत मर रहे हैं। जिसका ताजा घटना, शनिवार देर रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने से 18 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। अभी कुंभ की घटना की स्याही भी नहीं सूखी थी कि दिल्ली में यह हादसा हो गया कुछ दिन पहले संगम स्थल पर हुआ था प्रयागराज में कुंभ मेले में भगदड़ मचने से दर्जनों लोग मारे गए थे और सैकड़ों घायल हो गए थे।

रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में मरने वालों की संख्या में वृद्धि हो सकती है। ऐसा हादसा इससे पहले हाथरस में सत्संग में भगदड़ मचने से 120 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। कुछ वर्ष पहले विजयदशमी के दिन रावण दहन के अवसर पर बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में देखने को मिला था जहां बिजली का तार टूटने की अफवाह से भगदड़ मचने के कारण 33 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी और 100 से ज्यादा घायल हो गए थे काश प्रशासन ने पिछली घटनाओं से सबक सीखा होता तो यह हादसा न होता। देश में भगदड़ मचने का यह कोई पहला हादसा नहीं है इससे पहले भी सैकड़ों हादसे हो चुके हैं और हजारों लोग बेमौत मारे जा चुके हैं, मगर यह हादसे कम नहीं हो रहे हैं। इन घटनाओं को हादसा नहीं हत्याएं कहना गलत नहीं होगा। इस रावण दहन के अवसर पर गांधी मैदान में पांच लाख लोग आए थे, लेकिन प्रशासन ने केवल एक ही द्वार खोल रखा था। कुंभ में भगदड़ के कारण जिंदा लोग पल भर में लाशों में बदल गए। देश में मंदिरों में मेले व अन्य पर्व अब आस्थास्थल न होकर मरणस्थल बनते जा रहे हैं। कुंभ में चारों तरफ लाशों के ढेर ही नजर आ रहे थे।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

लोगों का सामान चारों तरफ बिखरा पड़ा था। भगदड़ में सैकड़ों महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग पैरों तले कुचल दिए गए, लोग बदहवाश होकर अपनों को ढूंढ रहे थे। मगर उनके अपने मौत की नींद सो चुके थे। चारों तरफ चप्पलें व जूते नजर आ रहे थे। इसे प्रशासन की लापरवाही की संज्ञा दी जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।



प्रशासन को पता था कि लाखों की तादाद में लोग व बच्चे आएंगे तो सुरक्षा के इंतजाम क्यों नहीं किए गए। सरकार ने भले ही हादसे की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए है, मगर जो काल का ग्रास बन गए उसकी भरपाई कैसे होगी। अब प्रशासन मृतकों को लाखों रुपया मुआवजा दे रहा है अगर पहले से ही सुरक्षा के इंतजाम किए होते तो यह हादसा रुक सकता था।

मुआवजा समस्या का हल नहीं है। सरकारों द्वारा जो पैसा मुआवजे के रूप में दिया जाता है उससे व्यवस्था को सुधारने में लगाया होता तो आज यह नौबत न आती। आकड़ों पर नजर डाले तो आत्मा सिहर उठती है। 3 फरवरी 1954 को कुंभ मेले में भगदड़ मचने से 800 लोगों की मौत हुई थी। 1986 में भी कुंभ में भगदड़ मचने से 200 लोग मारे गए थे। 2006 में भी सिंध नदी में 50 तीर्थयात्री बह गए थे। 10 फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुंभ मेले 36 लोगों की मौत हुई थी और 39 लोग घायल हुए थे। 26 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के मंधेरी मंदिर में 350 लोगों की दर्दनाक मौत हुई थी। नवंबर 2006 में उड़ीसा के शंकरपुरी स्थित भगवान जगनाथ मंदिर में आरती के समय भगदड़ में चार लोगों की मौत हो गई थी और दर्जनों घायल हुए थे। झारखंड के देवघर के एक आश्रम में भगदड़ से 9 लोगों की मौत हो गई थी, 30 सितंबर 2008 को जोधपुर में चामुंडा देवी मंदिर में 250 लोगों की मौत हुई थी। 3 अगस्त 2008 को हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठ नैना देवी में भगदड़ मचने से 162 लोग मारे गए थे तथा 300 घायल हुए थे। घटना के समय मंदिर में 20 से 25 हजार लोग मौजूद थे। मरने वालों में 104 लोग अकेले पंजाब के रहने वाले थे। 14 जनवरी 2011 को केरल के सबरीमाला मंदिर में भगदड़ में 106 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी और 100 से अधिक घायल हो गए थे। नवंबर 2012 में बिहार में छठ पूजा के दौरान गंगा नदी के घाट पर बना बांस का पुल टूटने से लोगों में भगदड़ मचने से 20 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। बार-बार हादसे हो रहे हैं, मगर सरकारें मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रही है। प्रशासन तब जागता है। जब लाशों के ढेर लग जाते हैं। प्रशासन को इन हादसों को अनदेखा नहीं करना चाहिए। इस घटना ने प्रशासन की बदइंतजामी की पोल खोल दी है। इस हादसे में कई अनाथ हो गए तो माताएं व बहनों का सुहाग उजड़ गया।

ऐसे हादसे ताउम्र रोते हुए छोड़ जाते है। छोटे बच्चे दर-दर की ठोकरें खाते हैं। केंद्र सरकार को इन हादसों पर संज्ञान लेना चाहिए तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए और प्रत्येक मंदिरों व आस्था स्थलों में आपदा से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन समितियां गठित करनी चाहिए। मंदिरों में हर वर्ष करोड़ों रुपया चढ़ावा चढ़ता है, मगर श्रद्धालुओं की सुरक्षा रामभरोसे ही चल रही है। मंदिर कमेटियों को भी इन हादसों से सीख लेनी चाहिए, ताकि आने वाले समय में इन ह्रदयविदारक हादसों को रोका जा सके, अगर अब भी सबक न सीखा तो श्रद्धालुओं को मंदिरों में मौत की सौगातें मिलती रहेंगी और आस्था स्थल श्मशानघाट बनते रहेंगे। वक्त अभी संभलने का है। (ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अंग्रेजों के ऊपर बम ब्लास्ट करके बलिदान हुई थीं क्रांतिकारी प्रीतिलता

देश की आजादी के लिए तमाम महिला-पुरुषों ने बलिदान दिया, लेकिन इनमें प्रमुख क्रांतिकारी प्रीतिलता का अलग ही स्थान था। वह महज 21 साल की आयु में देश की आजादी के लिए लड़ती हुई बलिदान हो गईं। अंग्रेजों पर बम विस्फोट कर उन्होंने खलबली मचा दी थी, लेकिन जब उन्हें गोली लगी तो घायल हो गईं। वह अंग्रेजों के हाथ गिरफ्तार नहीं होना चाहती थीं। इसलिए इस वीरांगना ने पोटेशियम साइनाइड खाकर बलिदान दे दिया। ऐसी सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी प्रीतिलता वादेदार का जन्म 5 मई 1911 को चटगांव में हुआ था।

अब यह क्षेत्र बंगलादेश में है। उनके पिता नगरपालिका के क्लर्क थे। वे चटगांव के कन्या विद्यालय की मेघावी छात्रा थीं। उन्होंने सन् 1928 में मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। वे इंटरमीडिएट परीक्षा में पूरे ढाका बोर्ड में पांचवें स्थान पर आईं। पिता शासकीय सेवा में थे पर प्रीतिलता स्वराज आंदोलन से जुड़ गईं। इसके चलते कलकत्ता विश्वविद्यालय ने उनकी डिग्री रोक दी थी। डिग्री उनके बलिदान के 80 वर्ष बाद जारी की गई। मरणोपरांत 80 वर्ष बाद डिग्री जारी होने की घटना अपने आप में सबसे अलग है। स्कूली जीवन में वे पहले एक संस्था बालचर से जुड़ीं। यह संस्था अंग्रेजों के प्रति वफादारी का अभियान चला रही थी, लेकिन वे बचपन से रानी लक्ष्मी बाई के जीवन चरित्र से खूब प्रभावित थीं। उनके मन में भारत को अंग्रेजों से मुक्त कराने के विचार उठते थे। इस कारण उनके मन में अंग्रेजों के प्रति और दूरियां बढ़ीं। उन्होंने यह संस्था छोड़ी और क्रांतिकारी आंदोलन के समीप आईं। इसी बीच उनकी भेंट प्रसिद्ध क्रांतिकारी सूर्य सेन से हुई। प्रीतिलता उनके दल की सदस्य बन गईं। प्रीतिलता जब सूर्यसेन से मिलीं, तब वे अज्ञातवास में थे।

लेखक : रमेश शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

सूर्यसेन के संदेश यहां वहां पहुंचाने का काम क्रांतिकारी प्रीतिलता को मिला जो उन्होंने सफलता पूर्वक किया। इससे प्रभावित होकर उनके दल ने उन्हें इंडियन रिपब्लिकन आर्मी में महिला सैनिक बना दिया। वे एक दिन अपने दल के साथ जा रहीं थीं कि घलघाट क्षेत्र में पुलिस ने घेर लिया। क्रांतिकारियों के इस समूह में अपूर्व सेन, निर्मल सेन, प्रीतिलता और सूर्यसेन आदि थे। जमकर मुकाबला हुआ, इसमें अपूर्वसेन और निर्मल सेन का बलिदान हो गया, जबकि सूर्यसेन और प्रीतिलता घेरा तोड़ कर निकलने में सफल हो गये। क्रांतिकारी सूर्यसेन पर उस समय 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था।



क्रांतिकारी प्रीतिलता की जयंती पर विशेष

क्रांतिकारी सूर्यसेन ने अंग्रेजों पर हमला करने की योजना बनाई। योजना पहाड़ी की तलहटी में यूरोपीय क्लब पर धावा बोलने की थी। यह पहाड़ी क्लब अंग्रेजों के ऐशो-आराम का एक बड़ा अड्डा था। प्रीतिलता के नेतृत्व में क्रांतिकारी वहां पहुंचे। यह 24 सितंबर 1932 की रात थी। हथियारों के साथ प्रीतिलता ने पोटेशियम साइनाइड नामक विष भी रख लिया था। वे चाहतीं थीं कि जीवित रहते अंग्रेजों की गिरफ्त में न आएं।

प्रीतिलता अपने दल के साथ क्लब पहुंचीं। बाहर से खिड़की में बम लगाया गया। बम ब्लास्ट से क्लब में एकाएक चीखें सुनाई देने लगीं। 13 अंग्रेज जख्मी हो गए और बाकी भाग गए। घटना में एक यूरोपीय महिला मारी गई।

थोड़ी देर बाद उस क्लब से गोलीबारी होने लगी। प्रीतिलता को एक गोली लगी। वे घायल हो गईं। जब भागने में सफल न हो सकीं तो पोटेशियम सायनाइड खा लिया। उस समय उनकी उम्र 21 साल थी। इस प्रकार अंग्रेजों से लड़ते हुए प्रीतिलता ने अपना बलिदान दे दिया। (ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# चौंतड़ा में नशामुक्त हिमाचल का लिया संकल्प

## नशे के दुष्परिणामों के खिलाफ निकाली रैली में पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंडलों, व्यापारियों व समाजसेवकों ने लिया भाग

अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर

**हिम** युवा जनकल्याण संगठन के सौजन्य से चौंतड़ा में नशामुक्ति अभियान के तहत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लडभड़ोल के सामाजिक कार्यकर्ता केके सकलानी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत चौंतड़ा बाजार से निकाली गई रोष रैली से हुई, जो सुकाबाग खेल मैदान तक गई। रैली में नारी शक्ति की भागीदारी उल्लेखनीय रही, जिन्होंने माफिया और नशे के खिलाफ खुलकर हुंकार भरी।

**केके सकलानी ने युवाओं को दी प्रेरणादायक सीख**

हाईवे की सड़कों पर सैकड़ों महिलाओं ने एकजुट होकर जन आक्रोश रैली निकाली, जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंडलों, व्यापारियों और समाजसेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर हिम युवा जनकल्याण संगठन ने मुख्य अतिथि केके सकलानी को शाल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही मंडल भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष मेघना ठाकुर, माकपा नेता कुशाल भारद्वाज, जिला परिषद सदस्य ममता भाटिया, दुर्गा वाहिनी की खुशबू शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोगों को भी सम्मानित किया गया। सुकाबाग मेला मैदान में केके सकलानी ने प्रदेश में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में आता जा रहा है, जिसका मुख्य कारण बेरोजगारी है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे शॉर्टकट के बजाय परिश्रम के रास्ते को चुनें और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें।



चौंतड़ा में नशामुक्ति अभियान के तहत जनआक्रोश रैली करते हुए।

सकलानी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेल, संगीत, कला और समाजसेवा जैसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एक वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को नशा मुक्त हिमाचल का संदेश देने के साथ-साथ मनोरंजन भी किया। लोक गीतों और नृत्यों के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों पर करारा प्रहार किया गया। कार्यक्रम के अंत में केके सकलानी ने हिम युवा जनकल्याण संगठन के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और समाज सुधार की दिशा में उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि ऐसे अभियानों को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए संकल्प लें। इस अवसर पर गांधी राणा, राहुल राणा, प्रताप ठाकुर, मान सिंह, रूप चंद, पवन सहित कई लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# विधायक प्रकाश राणा का जनता ने किया बहिष्कार

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

**हिम** युवा जन कल्याण संगठन द्वारा आयोजित जन आक्रोश रैली में नशे के खिलाफ एकजुट हुई सैकड़ों महिलाओं ने चौंतड़ा की सड़कों पर जबरदस्त प्रदर्शन किया। स्कूल गेट से सुकाबाग तक निकाली गई रैली में महिलाओं के साथ विभिन्न पंचायत प्रतिनिधि और संगठनों के सदस्य भी शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि सामाजिक कार्यकर्ता केके सकलानी रहे, जिन्होंने युवाओं में बढ़ती नशे की लत पर चिंता व्यक्त करते हुए बेरोजगारी को इसकी जड़ बताया। वहीं, जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा की मौजूदगी कार्यक्रम में भारी विरोध का कारण बन गई। भाषण के दौरान जब उन्होंने स्वयं को 'सुप्रीम पावर' कहा, तो मौजूद जनता ने उनका बहिष्कार कर दिया और कार्यक्रम स्थल से बाहर निकल गई। यह विरोध जनता और जनप्रतिनिधि के बीच बढ़ती असहमति को दर्शाता है, जहां सवाल यह उठता है—आखिर लोकतंत्र में असली 'सुप्रीम पावर' कौन है?



## न्यूज ब्रीफ

### धर्मपुर में 150 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल मुख्यालय धर्मपुर में रविवार को रिटायर्ड वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आस्था हॉस्पिटल, हमीरपुर के सहयोग से एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप का विधिवत शुभारंभ डॉ. दिनेश ठाकुर ने किया। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ और स्त्री रोग विशेषज्ञों ने लोगों को परामर्श और उपचार सेवाएं प्रदान की। एसोसिएशन के ब्लॉक प्रधान हरिवंश शास्त्री ने जानकारी दी कि इस स्वास्थ्य शिविर में लगभग 150 लोगों ने जांच करवाई, जिनमें 100 हड्डी रोग से पीड़ित मरीज और 50 से अधिक महिलाएं शामिल रहीं। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत लाभकारी बताया। इस अवसर पर रिटायर्ड वेलफेयर एसोसिएशन की पूरी कार्यकारिणी सक्रिय रूप से मौजूद रही और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।

### राकेश पालसरा को दूसरी बार सौंपी कमान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट क्षेत्र के प्रसिद्ध कामेश्वर देव मंदिर कमेटी के चुनाव रविवार को विधिवत रूप से ओमानंद गिरी जी की अध्यक्षता में संपन्न हुए। इस अवसर पर सर्वसम्मति से राकेश पालसरा को दूसरी बार मंदिर कमेटी का प्रधान चुना गया। चुनाव में हिम्मत शर्मा को महासचिव, विनोद शर्मा को कोषाध्यक्ष, नाथूराम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा ज्ञानचंद को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त खूब सिंह को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। मंदिर कमेटी के सदस्य के रूप में राजपाल, पद्मनाभ, प्रेम, जगदीश, राजकुमार, दिलीप, मोहन, प्रताप, कालू राम, भगीरथ, कांशी राम, मनोहर और सोहन आदि को शामिल किया गया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामवासी उपस्थित रहे। प्रधान राकेश पालसरा ने सभी सदस्यों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि मंदिर के विकास और धार्मिक गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा।

### विनोद ठाकुर को मिली अध्यक्ष की जिम्मेदारी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** एचएमआरयू मंडी के चुनाव वरिष्ठ नागरिक कल्याण सभा जेल रोड मंडी राज्य सचिव अनिल शर्मा, राज्य अध्यक्ष मनीष चड्ढा व संरक्षक सुरेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में आगामी वर्षों की रणनीति तय की गई तथा आने वाले समय में जो समस्याएं उत्पन्न होंगी उन पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। बैठक में पुरानी कार्यकारिणी भंग कर दी गई और नई कार्यकारिणी को सर्वसम्मति से गठित किया गया। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष विनोद ठाकुर ,उपाध्यक्ष विजय परमार, भूपेंद्र ठाकुर , महासचिव राजेश शर्मा सहसचिव कुलबीर ठाकुर और बलराम, कोषाध्यक्ष केसर राम और कार्यकारिणी सदस्य में अजीत कुमार कैलाश ठाकुर नितिन शर्मा रविंद्र ठाकुर राजकुमार विवेक पटियाल सुरजीत कुमार नितीश सकलानी सुशांत पटियाल अश्वनी कुमार अविनाश कुमार तेजपाल ठाकुर शामिल हैं।

### मंडी जिला में 7 केंद्रों पर नीट परीक्षा आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला में 7 केंद्रों पर नीट परीक्षा का आयोजित की गई, जिसमें सैंकड़ों परिक्षर्थियों ने परीक्षा दी। एडीएम मदन कुमार ने बताया कि मंडी जिला मुख्यालय में 4 परीक्षा केंद्र राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी, सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी, राजकीय विजय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्वायज मंडी तथा कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंडी में बनाए गए थे, जबकि सुन्दरनगर में 3 परीक्षा केंद्र राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सुन्दरनगर, राजकीय ब्वायज वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्दरनगर तथा कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्दरनगर में स्थापित किए गए थे। यह परीक्षा का दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित की गई। इस बार अधिकतर परिक्षर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि हर केंद्र पर मात्र 4-5 विद्यार्थी ही अनुपस्थित थे।

# चलौटी में बिना रजिस्ट्रेशन घूम रहे बाबा व बच्चे को पकड़ा

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर



**लडभड़ोल** उपमंडल की चलौटी पंचायत में शनिवार को उस समय हलचल मच गई जब स्थानीय लोगों ने एक बाबा और एक बच्चे को संदिग्ध हालत में घूमते देखा। पूछताछ करने पर पता चला कि दोनों का न तो कोई पहचान पत्र था और न ही पंचायत में रजिस्ट्रेशन करवाया गया था। स्थानीय लोगों ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए दोनों को पकड़ा और पंचायत प्रधान व प्रशासन को सूचित किया। बाबा की गतिविधियों को लेकर लोगों में पहले से ही शंका जताई जा रही थी। बताया जा रहा है कि वह पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में घूम रहा था और उसके साथ एक नाबालिग बच्चा भी था। पंचायत प्रधान ने लोगों से अपील की है कि किसी भी बाहरी व्यक्ति के गांव में आने पर उसे तुरंत पंचायत में रजिस्टर करवाएं और कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो तुरंत प्रशासन व पुलिस को सूचित करें।

**स्थानीय लोगों ने जताई सतर्कता, पंचायत प्रधान को दी सूचना**

# व्यक्ति ने फंदा लगाकर दी जान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पिपली पंचायत में 42 वर्षीय दिलेराम ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही बस्सी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जोगिंद्रनगर सिविल अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। दिलेराम की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है ताकि मौत के पीछे की असली वजह सामने लाई जा सके। स्थानीय लोगों के अनुसार, दिलेराम सामान्य जीवन जी रहे थे और उनके व्यवहार में कोई खास बदलाव देखने को नहीं मिला था। पुलिस अब मृतक के मोबाइल डेटा और पारिवारिक परिस्थितियों की भी जांच कर रही है।

# प्रोजेक्ट एग्जीबिशन में बीनम दोरजी व ऋषभ शर्मा अव्वल

## टीआर अभिलाषी मेमोरियल इंस्टीट्यूट में दो दिवसीय टेक्निकल फेस्टिवल का आयोजन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**टीआर** अभिलाषी मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय टेक्निकल फेस्टिवल 'टेक विस्तारा' का आयोजन किया गया।' इस कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर अभिलाषी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने शिरकत की। प्रो. चौधरी ने कहा कि महाविद्यालय सदैव विद्यार्थियों को न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि कला, संस्कृति और नवाचार में भी आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करता रहा है। इसी के साथ मुख्य अतिथि ने विभिन्न प्रस्तुतियों के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए।

दूसरे दिन के रंगारंग कार्यक्रमों का आगाज एजेक्स अजय चौहान द्वारा किया गया। वहीं स्टार नाइट में पंजाब के मशहूर गायक सुमी प्रिंस के मंच पर पहुंचते ही पंजाबी गानों से सभी का मन मोह लिया।



दो दिवसीय टेक्निकल फेस्टिवल के समापन समारोह के दौरान कुछ झलकियां।

इस टेक्निकल फेस्टिवल में प्रोजेक्ट एग्जीबिशन में बीनम दोरजी, ऋषभ शर्मा, कवींद्र, कमलजीत, नीलाक्ष, ऋषभ व आकाश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं डिप्लोमा इंजीनियरिंग से इलेक्ट्रिकल सेकंड ईयर के शुभम शर्मा, किरण लता, निखिल शर्मा व ऋषि कुमार और टीआर अभिलाषी प्राइवेट आईटीआई से इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के दिवांशु, अभिषेक, अजय व निखिल ने पहला स्थान प्राप्त किया और जंक यार्ड में पंकज, यादविंद्र, आयुष व तुलसी राम ने पहला स्थान प्राप्त किया।

इसी मौके पर अभिलाषी शिक्षण समूह के चेयरमैन व अभिलाषी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ आरके अभिलाषी, मैनेजिंग डायरेक्टर व प्रति कुलाधिपति डॉ एल के अभिलाषी, अभिलाषी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एचके चौधरी, जीनीयस एजुकेशन सोसाइटी की चेयरपर्सन डॉ नर्बदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसाइटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ प्रोमिला अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार, डॉ नीलम, डॉ प्रवीण चौधरी, डायरेक्टर ई. एम एल मोदगिल, विभागाध्यक्ष ई. चंद्र भानू एवं ई. पंकज वर्मा मौजूद रहे।

# कोटली में आज से मिलेगा मक्की का बीज

## कृषि विक्रय केंद्र में की साढ़े तीन टन मक्की के बीज की व्यवस्था

अनंत ज्ञान, कोटली

**तुंगल** के किसानों को सोमवार से कोटली में मक्की का बीज मिलना शुरू हो जाएगा। उपमंडल मुख्यालय कोटली के सामुदायिक भवन में स्थित कृषि विक्रय केंद्र में विभाग की ओर से लगभग साढ़े तीन टन मक्की के बीज की व्यवस्था कर दी गई है, जहां से तुंगल क्षेत्र के किसान इसकी खरीद कर सकेंगे। बीती रात हुई झमाझम बारिश को देखते हुए एक ओर जहां मौसम मक्की की बीजाई के लिए माफिक हो गया है वहीं दूसरी ओर किसानों को समय पर बीज उपलब्ध करने के लिए कृषि विभाग ने भी इस बार पूरी तैयारी कर रखी है। बागवानी विभाग से सेवानिवृत्त सरवाल निवासी किसान भूरी सिंह ठाकुर का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश ने जहां गेंहू की थ्रेशिंग के कार्य में व्यवधान डाला है वहीं खेतों में आई नमी के चलते मक्की की बिजाई के लिए अनुकूल हालात पैदा कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि कुछ निचले क्षेत्रों में पर्याप्त नमी हो जाने से किसान मक्की की बिजाई शुरू कर सकते हैं जबकि ऊपरी क्षेत्रों में रहने वाले किसान शायद कुछ और बारिश हो जाने की प्रतीक्षा कर सकते है।

**निचले क्षेत्रों में पर्याप्त नमी होने के चलते शुरू कर सकते हैं बिजाई**

कृषि विभाग के विषयवाद विशेषज्ञ पूरन चंद ने बताया कि कोटली के सामुदायिक भवन में स्थित कृषि विक्रय केंद्र में साढे तीन टन से अधिक मक्की का बीज उपलब्ध कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यहां सोमवार से क्षेत्र के किसान मक्की का बीज खरीद सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार किसानों के लिए कंचन, अगन्ती तथा बायोसीड कंपनी का उत्तम किस्म का बीज उपलब्ध करवाया जा रहा है, जिसमें दो अलग-अलग वैरायटी के बीज रहेंगे। उन्होंने बताया कि सिंगल क्रॉस मैजे सीड 124 तथा डबल क्रॉस मैजे सीड 100 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से विक्रय किया जाएगा जिसमें किसानों के लिए 20 रुपएकी सब्सिडी रहेगी। उन्होंने बताया की सब्सिडी के साथ सिंगल क्रॉस 104 तथा डबल क्रॉस 80 रुपए की दर से सब्सिडी के साथ किसानों के लिए उपलब्ध रहेगा।

# सब्जी मंडी धनोटू के कार्यालय के रास्ते पर बैठा बेसहारा सांड

भीम बसेड़ू, महादेव



सब्जी मंडी धनोटू के रास्ते पर सीढ़ियों में बैठा सांड।

**राष्ट्रीय** उच्च मार्ग नं 21 धनोटू से सटे सब्जी मंडी भवन के अंदर घुसे बेसहारा सांड के आतंक का सिलसिला लंबा हो चला है। सब्जी मंडी धनोटू एवं कार्यालय को जाते रास्ते पर कहीं से एक बेसहारा सांड देखा जा सकता है। जिससे यहां डरा सहमा माहौल व्याप्त है। हैरानी की बात है कि अब किसानों की खेती में व सड़कों पर पसरने-मंडराने की बात तो समझ में आती है, मगर किसी कार्यालय में सीढ़ियों की स्थिति में आ धमकना बात कुछ हजम नहीं होती, क्योंकि लोहे के गेट-चैनल होने के बाद भी बेसहारा पशु का प्रवेश तभी हो सकता है जब सब कुछ रामभरोसे छोड़ दिया गया हो। लोगों ने संबंधित विभाग व प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही सब्जी मंडी धनोटू भवन में घुसे आवारा बैल के आतंक से छुटकारा दिलाने सहित इसके लिए जिम्मेदार लोगों के साथ भी सख्ती से निपटा जाए। (अनंत ज्ञान)

# पशुओं को परिवार रजिस्टर में दर्ज करने का विरोध

## सचिवों पर अतिरिक्त बोझ को लेकर तनिहार पंचायत ने भेजा प्रस्ताव

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**पंचायतीराज** विभाग द्वारा पंचायत सचिवों को पशुओं की गणना व दर्ज करने को लेकर धर्मपुर पंचायत प्रतिनिधि यूनियन के उपाध्यक्ष पवन स्टालिन ने कड़ा विरोध प्रकट किया है, बल्कि इसे सरासर गलत निर्णय कर दिया है।

उन्होंने कहा कि पहले से ही सचिवों के पास तीन-तीन पंचायतें हैं और उनको मकानों के सर्वे व जीयो टैग के अलावा 17 मई तक बीपीएल के आवेदन लेने हैं, लेकिन तीन-तीन पंचायतें होने के कारण सचिव पंचायतों में पहले ही नहीं मिल पाते ऊपर से यह कार्य इनको दे दिया। उन्होंने कहा कि जब पशुपालन विभाग उपलब्ध है तो फिर पशुओं को टैग करने का काम पंचायत सचिवों पर क्यों डाला जा रहा है जबकि पहले ही पंचायतों के पास अधिक काम का बोझ है और पशुपालन विभाग को काम दिया जाये। सरकार की इस निर्णय के खिलाफ बाकायदा ग्राम पंचायत तनिहार द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया कि इस काम को पशुपालन विभाग को दिया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री और पंचायतीराज मंत्री से आग्रह किया है कि लोगों की समस्याओं को देखते हुए इस निर्णय को वापस लेकर पशुपालन विभाग को यह जिम्मेदारी सौंप जाए।



**पशुपालन विभाग को जिम्मेदारी देने की उठाई मांग**

# पाकिस्तानी नागरिकों को बाहर निकालने के लिए भाजपा आज सेरी मंच पर करेगी प्रदर्शन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**वैध** एवं अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के तत्काल भारत छोड़ने एवं कार्रवाई करने को लेकर भाजपा 5 मई को मंडी के सेरी मंच पर धरना प्रदर्शन करेगी। धरना प्रदर्शन के बाद भाजपा जिलाधीश के माध्यम से राज्यपाल व प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेगी। सेरी मंच पर होने वाले धरना प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष निहालचंद शर्मा और मंडी जिला से भाजपा के सभी विधायक एवं अन्य नेता उपस्थित रहेंगे। जानकारी देते हुए बल्ह भाजपा विधायक इंद्र सिंह गांधी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व पाकिस्तान द्वारा पल्लवित, पोषित एवं समर्थित आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर घाटी के पहलगाम में एक अत्यंत घृणित, कायराना एवं हृदय को झकझोर देने वाली हरकत करते हुए 27 निर्दोष भारतीय नागरिकों की धर्म के आधार पर हत्या की है।

**पूर्व सीएम जयराम सहित कई नेता रहेंगे मौजूद**

इसके बाद पूरा देश गुस्से में है। इस दुखद घटना के बाद केंद्र सरकार ने कई कड़े कदम उठाए हैं।

पूरी दुनिया के देश पाकिस्तान की इस हरकत के खिलाफ भारत के साथ खड़े हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस घटना को अंजाम देने वालों एवं इसके पीछे खड़ी ताकतों को कड़ी फटकार लगाते हुए संकल्प लिया कि ऐसी ताकतो को आज तक का सबसे करारा जवाब दिया जायेगा। प्रधानमंत्री ने देश के इस संकल्प के लिए सेना को खुली छूट दे दी है।

इसी संकल्प के पहले कदम के रूप मे पाकिस्तान के साथ किये गए सिंधु जल समझौते को निरस्त कर दिया गया है और पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंधों कोअत्यंत सीमित कर दिया है। साथ ही भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को एक तय समय-सीमा के अंदर देश छोड़ने के आदेश दिए गए हैं। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने इस बारे में सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भी आग्रह किया है। इसे देखते हुए आज भाजपा सेरी मंच पर धरना प्रदर्शन करेगी।

# डॉक्टर सोनी बने प्रदेश के तीसरे हार्ट स्पेशलिस्ट

## ग्रामीण क्षेत्र और कमजोर तबके को देना चाहते हैं सुपर स्पेशियलिटी सुविधा

रितेश चौहान, सरकाघाट

**उपमंडल** सरकाघाट के गांव जंधरूं से संबंध रखने वाले डॉक्टर सोनी प्रदेश के तीसरे हार्ट स्पेशलिस्ट (कार्डियोलॉजिस्ट) बने हैं। डॉक्टर सोनी ने नेशनल बोर्ड ऑफ मेडिकल साइंस दिल्ली से कार्डियोलॉजी की परीक्षा अपने पहले ही प्रयास में पास कर ली है। डॉक्टर सोनी ने अपनी दसवीं तक की पढ़ाई शहीद कैप्टन दीपक गुलेरिया चोलथरा स्कूल से पूरी की व बाहरवीं की शिक्षा सरकाघाट स्कूल से उत्तीर्ण की है। इसके बाद एमबीबीएस की पढ़ाई टांडा मेडिकल कॉलेज से की और मेडिसिन में मास्टर्स आईजीएमसी शिमला से पूरी की है। बता दें कि डॉक्टर सोनी के पिता एचआरटीसी से सेवानिवृत्त व माता गृहणी है। उनकी पत्नी शिक्षिका और एक बेटा और एक बेटी है। सरकारी पाठशालाओं में शिक्षा ग्रहण करने के बावजूद अपनी कड़ी मेहनत से इन्होंने बहुत बड़ा मुकाम हासिल किया है।



डॉक्टर सोनी।

### मरीजों को देंगे बेहतरीन सुविधा

**डॉक्टर** सोनी प्राइवेट के बजाय सरकारी अस्पतालों में ही दिल के मरीजों को बेहतरीन सुविधा देना चाहते हैं। उन्होंने साफ कहा है कि आज भी उन्हें अपने बचपन के दिन याद हैं, इसलिए वह उन लोगों जो दिल की बीमारियों से ग्रसित हैं और महंगे अस्पतालों में इलाज नहीं करवा सकते हैं उनके लिए वह प्रदेश की सरकारी अस्पताल में ही बेहतरीन सुविधा मुहिया करवाएंगे।

डॉक्टर सोनी का कहना है कि इंसान यदि सच्ची लगन से अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करे तो सफलता अवश्य मिलती है। उनका सपना है कि सुपर स्पेशियलिटी की सुविधा ग्रामीण क्षेत्र और समाज के कमजोर वर्ग को भी दिलाई जा सके, जो कि शहर के बड़े अस्पतालों में महंगे इलाज के चलते बिना इलाज के ही महरूम रह जाते हैं। डॉक्टर सोनी ने आरंभ से अपनी सेवाएं टिहरा, सरकाघाट व नेरचौक में दी हैं, जहां आज भी उनके व्यवहार और इलाज को लोग याद करते हैं। (अनंत ज्ञान)

**आत्मनिर्भर** नौकरी के पीछे भागने की बजाय भाग सिंह ने पुष्प उत्पादन कर चुनी आत्मनिर्भरता की राह

# फूलों की खेती से सालाना कमा रहे 10 से 12 लाख

सुनील शर्मा, गोहर

**नौकरी** के पीछे भागने के बजाय उच्च शिक्षित युवा अब खेती में कुछ अलग कर सफलता की नई इबारत लिख रहे हैं। उपमंडल गोहर के चरखा गांव के भाग सिंह इन्हीं में से एक हैं। कृषि में रूचि का आलम ऐसा कि आईटी सेक्टर की नौकरी को तिलांजलि दे अब पुष्प उत्पादन से आत्मनिर्भरता की राह प्रशस्त की है।

भाग सिंह बताते हैं कि उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) विषय में पढ़ाई की है। कुछ समय आईटी क्षेत्र में नौकरी की, मगर मन कृषि क्षेत्र में ही रमा रहा। ऐसे में घर में ही पुश्तैनी जमीन पर बागवानी का फैसला किया। शुरूआत में पारंपरिक तकनीक से ही खेती-बाड़ी किया करते थे, जिसमें गेहूं, मटर, जौ, मक्की जैसी फसलें उगाते। कभी समय पर बारिश न होने, तो कभी ओले पड़ने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था, जिससे फसलों के अच्छे परिणाम नहीं मिल पाए। ऐसे में हार मानने के बजाय बागवानी विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर परंपरागत खेती को आधुनिक खेती में बदलने का फैसला किया। उन्होंने पॉलीहाउस लगाकर फूलों की खेती करने का सुझाव दिया। विभाग द्वारा कृषि विवि पालमपुर में उन्हें प्रशिक्षण भी दिया गया। भाग सिंह ने शुरू में एकीकृत बागवानी विकास मिशन व हिमाचल पुष्प क्रांति योजना के तहत वर्ष 2020 में तीन पॉलीहाउस लगाकर कार्नेशन फूलों की खेती शुरू की। वर्तमान में वे लगभग 1700 वर्ग मीटर भूमि पर कार्नेशन, स्प्रे कार्नेशन, स्टोमा, जिप्सो किस्म के फूलों की खेती कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे कार्नेशन दिल्ली शहर में बेचते हैं। इससे प्रतिवर्ष लगभग 12 लाख रुपए की आमदनी हो जाती है।

उन्होंने बताया कि पॉलीहाउस के निर्माण, फूलों की प्लांटेशन, ड्रिप इरिगेशन, स्पोर्टिंग नेट इत्यादि पर अभी तक उनका कुल खर्च 20 लाख रुपए के लगभग हुआ है। इसमें लगभग 15 से 16 लाख रुपए सब्सिडी सरकार की ओर से प्रदान की गई है । इसके लिए उन्होंने सरकार व विभाग का आभार व्यक्त किया है। (अनंत ज्ञान)



गोहर के भाग सिंह पुष्प की खेती करते हुए।

### गोहर ब्लॉक में पॉलीहाउस तकनीक से 66 किसान कर रहे फूलों की खेती

**हिमाचल** पुष्प क्रांति योजना व एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत गोहर ब्लॉक में अभी तक 66 किसान पॉलीहाउस तकनीक से फूलों की खेती कर रहे हैं। एकीकृत बागवानी विकास मिशन व हिमाचल पुष्प क्रांति योजना के तहत वर्ष 2022 से अभी तक विभाग द्वारा लगभग 60 लाख रुपए की राशि उपदान के रूप में किसानों को प्रदान की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रवासी मुस्लिम परिवारों की पिटाई करना निंदनीय : अनिल

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** पुलिस थाना अंब के अंतर्गत आने वाले बणे दी हट्टी में झुग्गियों में रह रहे प्रवासी मुस्लिम परिवारों की कुछ स्थानीय लोगों द्वारा पहलगाम घटना से जोड़कर की गई पिटाई को पंचायत समिति सदस्य अनिल डढवाल ने दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना का भला यहां रह रहे मुस्लिम परिवारों के क्या कनेक्शन हो सकता है लेकिन कुछ लोग सांप्रदायिक सद्भाव को ठेस पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से सांप्रदायिक दंगे भड़काने का प्रयास कर रहे ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। अनिल डढवाल ने कहा कि रविवार सुबह कुछ लोगों ने बणे दी हट्टी में रह रहे मुस्लिम परिवारों की यह कहते हुए पिटाई कर दी कि पहलगाम की घटना के लिए वे लोग जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के तहत सब धर्मों के लोग एक समान हैं और उन्हें देश में कहीं भी घूमने व रहने की आजादी है लेकिन कुछ लोग पहलगाम की घटना की आड़ में क्षेत्र में अशांति फैलाकर सांप्रदायिक दंगे भड़काने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने एसपी ऊना से जिले में कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए सांप्रदायिक दंगे भड़काने का प्रयास कर रहे लोगों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है।

### अजय कुमार उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित



**अनंत ज्ञान, ऊना।** जल शक्ति विभाग वृत्त चंबा कार्यालय में बतौर वृत्त प्रमुख प्रारूपकार के पद पर कार्यरत अजय कुमार शर्मा को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। सेवानिवृत प्रारूपकार संघ की ओर से यह सम्मान दिया गया। अजय शर्मा ने सेवाकाल में अपने संगठन के लिए भी बेहतरीन कार्य किया है। इस अवसर पर जल शक्ति विभाग वृत्त चंबा कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों ने उनके सम्मान में सम्मान समारोह आयोजित किया और उनके सुखद भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। अजय कुमार शर्मा जल शक्ति विभाग में वर्ष 1988 से जल शक्ति विभाग कार्यालय ऊना से अपनी सेवाएं आरंभ की थीं। उन्होंने जल शक्ति विभाग में कार्यकाल के दौरान अपनी सेवाएं ऊना, गगरेट, बड़सर , टेरस, फतेहपुर जिला कांगड़ा को भी याद किया।

### मूट कोर्ट प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश प्रथम, पंजाब द्वितीय

**अनंत ज्ञान, हरोली।** हिमकेप्स कॉलेज ऑफ लॉ बढ़ेडा द्वारा दूसरे इंटर लॉ एव विश्वविद्यालय मूट कोर्ट 2025 की प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के लॉ कॉलेज एवं विश्वविद्यालय की 18 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के पहले दिन हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के प्रो. रघुविंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस प्रतियोगिता में धर्मशास्त्र लॉ यूनिवर्सिटी जबलपुर मध्यप्रदेश की टीम प्रथम स्थान पर रही, दूसरे स्थान पर यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज पंजाब विश्वविद्यालय की टीम रही डीडीएम लॉ कॉलेज हमीरपुर को वेस्ट मेमोरियल से नवाजा गया। धर्मशास्त्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जबलपुर के जतिन पांडे वेस्ट स्पीकर चुने गए।



# ऊना में पहली बार हुई नीट परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2025 को सुचारु और समन्वित तरीके से संपन्न करवाने की परीक्षा में ऊना जिला प्रशासन पास हो गया।

**4 केंद्रों में 1481 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा**

इस प्रतियोगी परीक्षा के लिए परीक्षा आयोजन समिति की ओर से निर्धारित मानकों पर ऊना जिला में नीट के लिए बनाए गए सभी चार केंद्र ठीक उतरे हैं। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के अलावा पुलिस विभाग ने इस परीक्षा के सफल आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाई है।

बता दें कि जिला प्रशासन ने देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए एक दिन पहले ही तैयारियां मुकम्मल कर ली थीं। ऊना जिला के अलावा पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों और कांगड़ा तथा हमीरपुर आदि जिलों से भी अभ्यर्थियों ने ऊना के केंद्रों में परीक्षा दी। हालांकि कांगड़ा के धर्मशाला से कुछ अभ्यर्थियों को जरूर ऊना के केंद्र आवंटित होने से परेशानी हुई।



नीट परीक्षा में हिस्सा लेने पहुंचे छात्र और साथ में अन्य।

### शांतिपूर्ण तरीके से हुई परीक्षा : उपायुक्त

**उपायुक्त** ऊना जतिन लाल ने बताया कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2025 रविवार 4 मई को ऊना जिला के 4 परीक्षा केंद्रों में करवाई गई। इस प्रतियोगी परीक्षा में कुल 1488 विद्यार्थी परीक्षा देने वाले थे, लेकिन 1481 ही पहुंच पाए। इन परीक्षा केंद्रों में राजकीय डिग्री कॉलेज ऊना, जवाहर नवोदय विद्यालय पेखूबेला, केंद्रीय विद्यालय सलोह और बीबीएनबी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलोह शामिल थे। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक सिंगल सेशन में सफलतापूर्वक शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित की गई।

### सुरक्षा, निष्पक्षता और पारदर्शिता संबंधी किए थे पुख्ता इंतजाम

**जतिन** लाल ने बताया कि नीट परीक्षा के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर सुचारु एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए सुरक्षा, निष्पक्षता और पारदर्शिता संबंधी सभी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी और बायोमेट्रिक सत्यापन जैसी व्यवस्थाएं भी उपलब्ध करवाई गई थी। सुबह 2 घंटे पहले ही प्रवेश द्वारों पर अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र में जांच पड़ताल के साथ प्रवेश शुरु किया गया था। उन्होंने अभ्यर्थियों और अभिभावकों द्वारा इस प्रवेश परीक्षा में निर्धारित समय और तिथि के मुताबिक दर्शाए नियमों का पालन करने पर धन्यवाद किया है। ऊना राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य मीता शर्मा द्वारा भी इस प्रवेश परीक्षा के लिए सबसे बड़े केंद्र के संचालन में प्रमुख भूमिका निभाई।

## खुलासा : तरनतारन में 90 फीसदी युवा नशे के आदी

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

- हेरोइन के साथ पकड़े आरोपियों में एक की पत्नी ने पुलिस को दी जानकारी

अनंत ज्ञान फॉलोअप

उपमंडल गगरेट के अंबोटा गांव में 121.80 ग्राम हेरोइन की खेप के साथ पकड़े गए तीन आरोपियों में से एक की पत्नी ने पुलिस के समक्ष खुलासा किया है कि शादी के बाद जब वह तरनतारन पहुंची तो कुछ ही दिनों में यह जानकर हैरान रह गई थी कि वहां 90 प्रतिशत युवा नशे के आदी हैं। जिसके चलते वह अपने मायके आ गई थी और कुछ दिन पति भी उसके पास आ गया।

रविवार को आरोपियों को लेकर तरनतारन जांच के लिए पहुंची गगरेट पुलिस की टीम ने पाया कि हेरोइन की खेप के साथ पकड़े गए आरोपी कोई आलीशान कोठियों या जमीन-जायदाद के मालिक नहीं हैं बल्कि उनका दो-दो कमरों का ही साधारण सा घर है। दो आरोपियों पर इससे पहले एनडीपीएस एक्ट के तहत पंजाब में भी कोई मामला दर्ज नहीं है बल्कि एक आरोपी के विरुद्ध नशे के लिए प्रयोग की जाने वाली प्रतिबंधित दवाओं की खेप मिलने पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। रविवार को तरनतारन पहुंची गगरेट पुलिस ने टीम ने आरोपियों द्वारा जिस व्यक्ति के खेत से हेरोइन की खेप मिलने की बात की थी उससे भी पूछताछ की लेकिन उक्त व्यक्ति ने उलटा आरोपियों पर ही पुलिस को गुमराह करने का आरोप लगाया है। अब पुलिस भी मानकर चल रही है कि पकड़े गए आरोपी ड्रग पैडलर हो सकते हैं जो नशे के सामान को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाने का काम करते हैं जबकि असल किंगपिन कोई और हो सकता है। हालांकि पुलिस टीम ने एक आरोपी के धर्मशाला स्थित ठिकाने पर सर्च करने के बाद तरनतारन में भी आरोपियों के घरों पर सर्च आपरेशन चलाया लेकिन वहां पुलिस के हाथ कुछ खास नहीं लगा है। आरोपियों की फाइनेंशियल इंवेस्टीगेशन करने की फिराक में भी है लेकिन तरनतारन पहुंच कर पुलिस को अब लग रहा है कि ऐसा करना अब समय की बर्बादी से अधिक कुछ नहीं होगा। डीएसपी डा. वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस टीमें धर्मशाला व तरनतारन गई थीं लेकिन अभी तक कुछ खास पुलिस के हाथ नहीं लगा है।

## जेहादी मानसिकता वालों पर कार्रवाई करने में असफल प्रदेश सरकार : वीरेंद्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित जेहादी आतंकियों द्वारा किए गए बर्बर हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है।



निर्दोष नागरिकों पर हुए इस हमले के विरोध में देशभर में जनाक्रोश व्याप्त है। केंद्र सरकार ने इस घटना के बाद सख्त कदम उठाते हुए भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर उन्हें तत्काल देश छोड़ने के निर्देश जारी किए हैं। देशभर के राज्य इन निर्देशों को अमल में लाकर पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी सुनिश्चित कर रहे हैं, वहीं हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार इस गंभीर विषय पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा पाई है।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कड़ा सवाल उठाते हुए कहा कि यह स्थिति चिंताजनक है। कंवर ने कहा, जब पूरा देश पाकिस्तान की आतंकवादी मानसिकता के विरुद्ध कड़े कदम उठा रहा है, तब हिमाचल सरकार इस विषय पर मौन धारण किए हुए है?

## दंडवत होकर माता के दरबार में पहुंचे जतिन

**विकास शर्मा, चिंतपूर्णी**


दंडवत होकर माता के दरबार पहुंचते जतिन स्वामी।

जालंधर के जतिन स्वामी ने अपनी माता के स्वास्थ्य लाभ के लिए माता रानी के दरबार में 2 वर्ष पूर्व मनोकामना मांगी थी। शनिवार देर शाम को उन्होंने भरवाईं मंदिर न्यास द्वारा निर्मित गेट से 3 किलोमीटर लंबी दंडवत यात्रा शुरू की और अपनी प्रतिज्ञा को पूर्ण किया। जतिन स्वामी ने बताया कि उनकी माता गिर गई थी, जिसके कारण उनकी डिस्क में प्रॉब्लम हो गई थी।

डॉक्टर ने बेड रेस्ट का सुझाव दिया था और कई लोगों ने कहा था कि माता शायद फिर से चल नहीं पाएंगी, लेकिन माता रानी के दरबार में की गई उनकी प्रार्थना को माता रानी ने सुना और आज उनकी माता बिलकुल स्वस्थ हैं।

जतिन स्वामी की इस पहल से समाज को प्रेरणा मिलती है कि माता-पिता के प्रति सच्ची निष्ठा और समर्पण कितना महत्वपूर्ण है। उनकी कहानी हमें दिखाती है कि जब बेटा अपनी माता के लिए इतना प्रयास करता है, तो माता रानी भी अपने भक्त की पुकार सुनती हैं और उनकी मनोकामना पूरी करती हैं।

जतिन स्वामी की दंडवत यात्रा और उनकी माता के स्वास्थ्य लाभ की कहानी हमें माता-पिता के प्रति सच्ची निष्ठा और समर्पण के महत्व को समझाती है। उनकी इस पहल से समाज को प्रेरणा मिलती है और हमें अपने माता-पिता के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### जाति जनगणना पर भाजपा का स्पष्ट रुख : राकेश ठाकुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि जाति जनगणना को लेकर कांग्रेस नेताओं के बयानों में भारी विरोधाभास है।

उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस को वास्तव में सामाजिक न्याय की चिंता थी, तो वह अपने 66 वर्षों के शासनकाल में जाति आधारित जनगणना क्यों नहीं करवा पाई। राकेश ने बताया कि डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार ने धर्म आधारित जनगणना तो करवाई, परंतु आंकड़ों को सही तरीके से एकत्र न कर पाने के कारण उन्हें प्रकाशित नहीं किया गया। कांग्रेस ने हमेशा डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को नजरअंदाज किया है।

### राहुल गांधी को जाता है जातिगत जनगणना का श्रेय : देवी लाल

**अनंत ज्ञान, घनारी।** केंद्र सरकार की ओर से 2026 की जनगणना में जातिगत जनगणना शामिल करने की घोषणा पर में रविवार को प्रदेश युवा कल्याण बोर्ड के पूर्व निदेशक



देवी लाल सांडिल ने इस फैसले को सामाजिक न्याय की जीत बताया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के संघर्ष के कारण भाजपा को यह फैसला लेना पड़ा। उन्होंने बताया कि यह फैसला ओबीसी, दलित और आदिवासी समुदायों के लिए आशा की किरण है। राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना को राष्ट्रीय मुद्दा बनाया।

देवी लाल सांडिल ने राहुल गांधी की कई उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के नेतृत्व में वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए लड़ती रहेगी। राहुल गांधी ही भारत के भविष्य है और उनके प्रधानमंत्री बनने से देश तरक्की करेगा ।

## वीपीएस के छात्रों ने हर क्षेत्र में दिखाया हुनर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में छात्रों की प्रतिभा को उभारने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा पहली से चौथी के लिए इंग्लिश कैलीग्राफी प्रतियोगिता तथा कक्षा पांचवीं से दसवीं के लिए डेक्लामेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इंग्लिश कैलीग्राफी प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों के सुंदर और स्पष्ट अंग्रेज़ी हस्त लेखन को प्रोत्साहित करना है, जबकि डेक्लामेशन प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में आत्मविश्वासपूर्वक प्रभावशाली भाषण कला का विकास करना है । डेक्लामेशन प्रतियोगिता के लिए छात्रों को विभिन्न विषय दिए गए जैसे कि साइबर बुलिंग ए मॉडर्न थ्रेट टू स्टूडेंट्स, क्लाइमेट चेंज इज रियल-एक्ट बिफोर इट्स टू लेट , डिसिप्लिन-द ब्रिज बिटवीन गोलज एंड अकांप्लिशमेंट, सोशल मीडिया-कनेक्टिंग और आइसोलेटिंग अस, स्पोर्ट्स-बिल्डिंग कैरेक्टर एंड कॉन्फिडेंस इत्यादि। इंग्लिश कैलीग्राफी प्रतियोगिता में स्ट्रॉबेरी ग्रुप (कक्षा प्रथम)से ईशान प्रथम, आव्या कौर द्वितीय तथा हरजस कौर, अभिधा रावल तृतीय स्थान पर रहे।


विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र स्कूल प्रबंधकों के साथ।

कक्षा दूसरी से नित्या धीमान प्रथम, जैस्मिन द्वितीय तथा अराध्या, गुरसीरत तृतीय स्थान पर रहे। एप्पल ग्रुप ( कक्षा तीसरी) से सूर्यांश राणा प्रथम, आयुष,भार्गव सहोर द्वितीय तथा हर्षित तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चौथी से प्रियांशी शर्मा प्रथम , विदंत शर्मा ,प्रियल द्वितीय तथा काशवी, अकीरा दीप तृतीय स्थान पर रहे। डेक्लामेशन प्रतियोगिता में ऑरेंज ग्रुप से अलिसिया, तृषा राणा प्रथम, सीरत कौर, आशना नाग द्वितीय तथा सनविका शर्मा, अवनी ठाकुर तृतीय स्थान पर रहे। मैंगो ग्रुप से विनायक प्रथम , अक्षमा , अर्शिया चब्बा द्वितीय तथा इशिका राणा, सुहाना अरोड़ा तृतीय स्थान पर रहे।

ग्रुप मेलन से गुरलीन कौर प्रथम ,कनन ठाकुर , नंदिनी पुरी द्वितीय तथा तनीशा धीमान ,अन्वेशा तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि शैक्षणिक जीवन में लेख का सर्वाधिक महत्व होता है। स्कूल प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थी विचारों की प्रभावशाली व क्रमिक अभिव्यक्ति करना सीखते हैं और विचारों की अभिव्यक्ति के साथ-साथ विद्यार्थियों की बोध शक्ति, मौलिक चिंतन शक्ति व तर्क शक्ति का भी विकास होता है।

### डांस सुपरस्टार ओपन ऑडिशन अंब में संपन्न

**अनंत ज्ञान, अंब।** विद्यार्थी समाज सेवा सभा संस्था द्वारा आयोजित 'डांस के सुपरस्टार सीजन-5' का तीसरा ओपन ऑडिशन आज अंबेडकर भवन, अम्ब में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि कर्म दीप सिंह (मैनेजर, फ्रीडम होम वेलफेयर सोसाइटी) द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में परमजीत सिंह, हरमनप्रीत, अविनाश चौहान और मनोज कौशिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जोशीली प्रस्तुतियों से हुई, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ऑडिशन में कुल 27 बच्चों ने भाग लिया, जिनमें से 19 प्रतिभागी क्वार्टर फाइनल के लिए चयनित हुए, जबकि 2 बच्चों को वेटिंग लिस्ट में रखा गया। इस मौके पर कर्म दीप सिंह ने कहा, बच्चों की प्रस्तुतियां देखकर हमें अपना बचपन याद आ गया। संस्था द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की सराहना करते कहा कि, नशे से युवाओं को दूर रखने का प्रभावी रूप से किया जा सकता है।

## एकजुटता और भाईचारे का संगम समाजसेवा समिति: विवेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा में समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली समाजसेवा समिति बंगाणा का 17वां वार्षिक समारोह साथ संपन्न हुआ। समारोह के मुख्यातिथि कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा मुख्यातिथि एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता मेजर रघुवीर सिंह ने की। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि समिति के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में प्रेरणा और एकजुटता का संदेश देते हैं। उन्होंने युवाओं से समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।


समाजसेवा समिति के पदाधिकारी विधायक को सम्मानित करते हुए ।

समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को विभिन्न सम्मानों से सम्मानित किया गया है। शहीद दिलबर खान पुत्र कर्मदीन गांव घरवासड़ा को मरणोपरांत कुटलैहड़ गौरव सम्मान, रामलोक निवासी बुहाना, ब्रह्म दास गांव सरी, रामरखी गांव धुंधला, गो रक्षा समिति दमोहड़ द्वारा निस्वार्थ भाव से समाज हित में किया जा रहे गौ सेवा के प्रति कार्य के लिए समाज सेवा सम्मान, राइफलमैन रिंकू राम को मरणोपरांत वीरता सम्मान, कृष्ण कुमार लद्दाखी को साहित्य साधना सम्मान, डॉ. अंकित पाल, सुमन राणा, अर्पण राणा, रिया जसवाल, कनिष्का शर्मा, शुभम शर्मा, सुरुचि, अभिषेक ठाकुर को अपनी प्रतिभा का अवार्ड, शिवानी ठाकुर, आदित्य राणा, आदर्श राणा, संजय कुमार, रमन कुमार, शिवांग, दीपांशी, खुशी, दीक्षा, कौशल, प्रिया ठाकुर, अभय धीमान को स्पोर्ट्स अवॉर्ड, रिद्धिमा शर्मा सचिन डॉक्टर बालकृष्ण सोनी डॉक्टर राजकुमार स्पेशल एक्टिविटीज सम्मान, सोमा देवी, तरसेम सिंह, रमेश शर्मा, राकेश कुमार, बलबीर चंद, योत्स्ना शर्मा, जीवन मोदगिल, सुरेश परदेसी को सेवानिवृति सम्मान, सेजल ठाकुर, तनवी शर्मा, सोनी, सोफिया, शुभम शर्मा, दिव्यांशी शर्मा, सीमा देवी, महक, प्रिंस सैनी,पलक, आरजू, दीप्ति शर्मा, साक्षी, आरुषि धीमान, अंशिका शर्मा, दिया शर्मा, नंदिनी ठाकुर, समीक्षा, तन्वी ठाकुर, श्रेया शर्मा, अनुष्का शर्मा, सूरज शर्मा, सारिका भारद्वाज, तनु जसवाल, आरती कुमारी, जासमीन, सोनाक्षी को शैक्षणिक सम्मान देकर सम्मानित किया गया।

विवेक शर्मा ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए समिति को 21000 रुपए की राशि दी। इस दौरान कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, देशराज मोदगिल, कार्यक्रम के अध्यक्ष मेजर रघुवीर सिंह, उप मंडल अधिकारी सोनू गोयल आदि मौजूद रहे।

**उम्मीद** प्रतिदिन 500 लीटर दूध का हो रहा संग्रहण

## मिल्क चिलिंग सेंटर से होगा आर्थिकी सुधार

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा में स्थापित मिल्क चिलिंग सेंटर ग्रामीणों के लिए नई उम्मीद बनकर उभरा है। करीब 300 परिवारों को सीधा लाभ पहुंचाने वाला यह केंद्र न केवल उच्च गुणवत्ता वाला दूध उपलब्ध करवा रहा है बल्कि स्थानीय दुग्ध उत्पादकों के लिए आजीविका का एक सशक्त स्रोत भी बन गया है।


फाइल फोटो

**रोजाना 300 परिवारों की जरूरतें हो रहीं पूरी**

यह दुग्ध शीतलन केंद्र मुख्य रूप से दौवड़, थानाकलां और बंगाणा के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से दूध एकत्रित करता है।

प्रतिदिन 500 लीटर तक दूध संग्रहीत किया जाता है। इसे परीक्षण के बाद स्थानीय खपत के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में बिक्री के लिए भेजा जाता है। 11 बजे तक यह दूध 300 से अधिक परिवारों की जरूरतें पूरी करता है। जूनियर क्वालिटी कंट्रोल ऑफिसर सुभाष कुमार के अनुसार दूध की गुणवत्ता को लेकर किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाती।

प्रतिदिन प्रोटीन मात्रा, फैट कंटेंट और गंध (वास) आदि की जांच की जाती है, ताकि उपभोक्ताओं तक केवल शुद्ध और ताजा दूध ही पहुंचे।

प्लांट ऑपरेटर सुनील कुमार बताते हैं कि मौसम के अनुसार दूध की मात्रा में उतार-चढ़ाव देखने को मिलता है। गर्मियों में दूध की आवक अधिक होती है, जबकि सर्दियों में थोड़ी कमी आती है। स्थानीय निवासी सुशील कुमार, रमेश कुमार व अजय धीमान कमल राणा, मीना चौधरी का कहना है कि यहां से मिलने वाला दूध स्वादिष्ट और गाढ़ा होता है, जिससे घरों में अच्छी मात्रा में मक्खन भी निकाला जा सकता है।

उन्होंने केंद्र की सेवाओं की खुले दिल से सराहना करते हुए इसे एक वरदान बताया।

### भारत सरकार को मिला विपक्ष का पूरा जनसमर्थन : धर्मेंद्र सिंह

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** जम्मू के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में गुस्से की लहर दौड़ गई है। इस हमले को लेकर जहां आम जनता आक्रोशित है, वहीं सेना से रिटायर्ड अधिकारी भी खुलकर सामने आ रहे हैं।



रिटायर्ड कर्नल धर्मेंद्र सिंह पटियाल ने मोदी सरकार के फैसलों की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय सेना को फ्री हैंड देना एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है और यही देश की सुरक्षा के लिए आवश्यक था।

कर्नल पटियाल ने साफ कहा कि भारतीय सेना किसी भी आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि जब-जब पाकिस्तान ने आतंक का सिर उठाया है, तब-तब हमारी सेना ने उसे करारा जवाब दिया है। अब वक्त आ गया है कि पाकिस्तान को सबक सिखाया जाए, ताकि वह दोबारा ऐसी हिमाकत न कर सके। धर्मेंद्र ने कहा कि इस बार सिर्फ सरकार ही नहीं, बल्कि पूरा विपक्ष भी एक स्वर में आतंक के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की मांग पर भारत सरकार को पूरा समर्थन दे चुका है। उन्होंने कहा भारत सरकार को अब निर्णय लेना होगा। अभी नहीं तो कभी नहीं। आतंकवाद के खात्मे के लिए निर्णायक कदम जरूरी हैं। इस देश के 140 करोड़ नागरिक भारत सरकार और प्रधान मंत्री जी और मोदी सरकार के साथ खड़े हैं। देशवासियों का भारत सरकार पर अटूट विश्वास है और अब की बार पाकिस्तान बच नहीं पाएगा।

## श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता सच्चे प्रेम और विश्वास का प्रतीक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की शांत और सुरम्य वादियों में स्थित हटली सुल्तानू गांव में बीते सप्ताह श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला। रविवार को कथा विराम के अवसर पर सुबह सर्वप्रथम हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया।


भागवत कथा में उपस्थित स्थानीय लोग।

यज्ञ के पवित्र धुएं और वैदिक मंत्रों की गूंज ने संपूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। उपरांत कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा जी ने श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन श्रीकृष्ण और सुदामा की अमर मित्रता का अत्यंत मार्मिक प्रसंग सुनाया। डॉ. सुमन शर्मा ने बताया कि श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता में न कोई छल था, न ही कोई स्वार्थ, यह सच्चे प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि आज के युग में भी अगर ऐसी नि:स्वार्थ मित्रता कायम हो, तो समाज में सद्भाव और भाईचारा बना रह सकता है। कथा के दौरान श्रोताओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की विभिन्न लीलाओं से अवगत कराया गया, जिनमें विशेष रूप से श्रीकृष्ण जन्म, गोवर्धन लीला, रासलीला, उद्धव-गोप संवाद, और गीता उपदेश जैसे प्रसंग सम्मिलित थे। डॉ. सुमन शर्मा की वाणी में गूढ़ तत्वज्ञान, भावप्रवणता और भक्ति रस की त्रिवेणी बहती रही, जिससे हर आयु वर्ग के श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे।

कथा के समापन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर संजय सोनी, पूनम सोनी, सुरेंद्र राणा, रंगील सिंह राणा, मदन गोपाल, सलेंदर राणा, ओम प्रकाश, नरेश रिवाड़, सुरेश शर्मा, मुनीश ठाकुर ज्वेलर बंगाणा, सतीश सोनू, ज्योति बड़जात्या जी, सुरेंद्र राणा , संजय सोनी आदि मौजूद रहे।

### चिंतपूर्णी प्रखंड के प्रभारी बने संजीव चौहान

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच ने चिंतपूर्णी प्रखंड के प्रभारी के पद पर संजीव चौहान को नियुक्त किया गया। वहीं इसी प्रखंड के वरिष्ठ अध्यक्ष के पद पर प्रदीप डडबाल की तैनाती की है । रविवार को अंब में मंच के प्रदेश प्रभारी नरेंद्र राणा की अध्यक्षता में हुई बैठक में नई नियुक्तियां की गई है । नवनियुक्त पदाधिकारी संजीव चौहान व प्रदीप कुमार ने मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश रानोत व प्रदेश प्रभारी नरेंद्र सिंह राणा का आभार जताया है।

इस मौके जिला उपाध्यक्ष जरनैल सिंह जसवाल, प्रदेश महासचिव कंचन रायजादा, कुलदीप चंदेल, अजेश शर्मा व वीरेंद्र रायजादा आदि उपस्थित रहे। प्रदेश प्रभारी नरेंद्र सिंह राणा ने कहा कि राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच धार्मिक स्थलों की रक्षा करेगा।

समाज में जातिगत भेद भाव मिटाने का कार्य करेगा। सनातन धर्म की रक्षा व असमाजिक तत्वों द्वारा समाज में फैलाए जा रहे नशे की दलदल से युवा पीढ़ी को बाहर निकालने का कार्य करेगा।

# मिनी स्टेडियम बना ढालपुर मैदान

## आईपीएल का रोमांच, फैन पार्क में पहले दिन क्रिकेट की उमड़ी भीड़, दिखा खूब क्रेज

कमलेश वर्मा, कुल्लू

कुल्लू का ढालपुर मैदान इन दिनों मिनी स्टेडियम के रूप में तब्दील हो गया है। बीसीसीआई की ओर से यहां पर आईपीएल 2025 का लुत्फ उठाने के लिए क्रिकेट प्रेमियों के लिए फैन पार्क बनाया गया है। दो दिनों तक इस फैन पार्क में कुल्लू के लोगों को आईपीएल 2025 देखने की सुविधा बड़ी स्क्रीन के माध्यम से उपलब्ध करवाई जा रही है।

पहले दिन इस फैन पार्क में क्रिकेट प्रेमियों की खूब भीड़ उमड़ी और सैकड़ों की संख्या में दर्शक आईपीएल का लुत्फ उठाने पहुंचे, देशभर में जहां आईपीएल 2025 का रोमांच चरम पर है। वहीं, कुल्लू के प्रसिद्ध ढालपुर मैदान खेल मैदान को भी इस बार बीसीसीआई ने आईपीएल फैन पार्क में बदल दिया है, जहां बड़ी स्क्रीन पर लाइव मैच दिखाया जा रहा है। लोग अपने परिवार के साथ यहां मैच का आनंद लेने पहुंचे। फैन पार्क में केवल मैच देखने की सुविधा ही नहीं, बल्कि बच्चों के लिए विशेष फन एक्टिविटीज, गेमिंग जोन और स्टॉल्स भी लगाए गए हैं। यहां खाने-पीने की व्यवस्था के साथ-साथ फोटोग्राफी स्पॉट भी बनाए गए हैं, जिससे लोग इस अनुभव को यादगार बना सकें। (अनंत ज्ञान)


ढालपुर मैदान में बने फैन पार्क में आईपीएल-2025 देखने के लिए उमड़ी लोगों की भीड़।



### विराट कोहली का हमशक्ल बना आकर्षण का केंद्र

**फैन** पार्क में सबसे ज्यादा ध्यान विराट कोहली के एक फैन ने खींचा, जिसे 'हैरी कोहली' के नाम से जाना जाता है। कुल्लू जिले से संबंध रखने वाले और विराट कोहली की तरह दिखने वाले इस फैन ने बताया कि वह खुद को विराट का सबसे बड़ा प्रशंसक मानते हैं। उनके मुताबिक जब से लोगों ने उन्हें विराट जैसा दिखने वाला कहा, तब से उन्होंने अपना हेयरस्टाइल, दाढ़ी और ड्रेसिंग विराट कोहली की तरह ही रखना शुरू कर दी है। हैरी कोहली ने बताया कि वह कई बार स्टेडियम में जाकर आरसीबी के मैच देख चुके हैं और कई जगहों पर लोग उन्हें विराट समझकर सेल्फी लेने भी पहुंच जाते हैं।

### स्थानीय लोगों में दिख रहा क्रिकेट का जुनून

**स्थानीय** लोगों ने बताया कि यहां के लोग क्रिकेट को लेकर बेहद उत्साही हैं। कुल्लू में दूसरी बार इस तरह का फैन पार्क बनाया गया है और यह अनुभव स्थानीय लोगों के लिए बहुत खास है। उन्होंने बताया कि इस फैन पार्क में उन्हें स्टेडियम की तरह अनुभव मिल रहा है। फैन पार्क की इस पहल से यह साबित हो रहा है कि कुल्लू जैसे पहाड़ी क्षेत्र में भी क्रिकेट को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है। यह आयोजन न केवल खेल प्रेमियों को जोड़ रहा है, बल्कि एक सामाजिक मेल-जोल का अवसर भी बन रहा है। बच्चों के लिए बनी गेमिंग जोन, खाने-पीने के स्टॉल और अन्य गतिविधियों ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। बच्चों के लिए खासतौर पर रखी गई फन एक्टिविटीज जैसे कैचिंग गेम, क्विज और फेस पेंटिंग ने भी माहौल में रंग भर दिया।

# चोटियों में बर्फ निचले क्षेत्रों में बारिश का सिलसिला जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग/कुल्लू।

कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में रविवार को भी बारिश व हल्की बर्फबारी का सिलसिला जारी रहा। लाहौल-स्पीति सहित रोहतांग व अन्य चोटियों में बर्फ के फाहे गिरे, जबकि कुल्लू, मनाली व लाहौल के निचले क्षेत्रों में बारिश हुई। 11 बजे मौसम ने करवट बदली और धूप निकल आई। वहीं, पर्यटक रविवार को बर्फ के दीदार को ग्रांफू, मढ़ी व जिंगजिंगबार पहुंचे। सप्ताहांत के चलते मनाली सहित, सिस्सू, मणिकर्ण, कसोल व तीर्थन घाटी में पर्यटकों की आमद बढ़ गई है। पर्यटन नगरी मनाली में रविवार को होटलों में आक्यूपैंसी 60 से 65 प्रतिशत रही। लाहौल सहित मनाली के पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की भीड़ देखने को मिली। हालांकि, अधिकतर पर्यटक कोकसर होते हुए ग्रांफू पहुंचे, लेकिन परमिट प्राप्त 140 पर्यटक वाहन रोहतांग के निकटवर्ती पर्यटन स्थल मढ़ी पहुंचे। 201 पर्यटक वाहन बारालाचा दर्रे के निकटवर्ती पर्यटन स्थल जिंगजिंगबार पहुंचे। वाहन चालक नरेंद्र, प्रीतम व सुरेंद्र ने बताया कि सप्ताहांत के चलते मनाली में प्रयटकों से रौनक लगी हुई है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि रोहतांग की ओर पर्यटकों को मढ़ी तक भेजा जा रहा है।

# देवताओं का ऐलान, हम ही हैं वनों के मूल मालिक


सैंज घाटी के लहिणीधार मेले में भव्य देव मिलन के दौरान पहुंचे देवी-देवताओं से आशीर्वाद लेते हुए लोग।

अनंत ज्ञान, सैंज

सैंज घाटी के लहिणीधार मेले में भव्य देव मिलन के दौरान प्राचीन संस्कृति की झलक दिखी। बनोगी के अधिष्ठाता देव पंडीर, देवी नवदुर्गा, सुचैहण के देव श्रीनाग, जह्नु ऋषि, कनौन के देव ब्रम्हा और देवी महामाई सरस्वती के हर वर्ष होने वाले मिलन को देखने के लिए सैकड़ों लोगों ने हाजिरी भरी। इस ऐतिहासिक मेले में सभी देवताओं की ढोल-नगाड़ों के साथ पूरी शान से शोभायात्रा निकली। सैकड़ों कारकून परंपरिक वेशभूषा में देवताओं के साथ लहिणीधार पहुंचे।

यहां वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने देवताओं का स्वागत किया। बताया जाता है कि लहिणीधार में अंग्रेज शासनकाल में वन चौकी थी। उस समय देवता के आदेश पर वन विभाग के अधिकारियों द्वारा मेले में आने वाले देवताओं के स्वागत की अनोखी परंपरा शुरू हुई थी, जिसका आज भी निर्वहन होता है। देवता के कारकून चमन राणा ने बताया कि यह परंपरा पूरे देव समाज में मात्र यहीं देखने को मिलती है। वन विभाग के डीएफओ, बीओ, आरओ, गार्ड सहित सभी कर्मचारी देवताओं के सामने माथा टेककर वनों की रक्षा की कामना करते हैं।

बनोगी के गढ़पति देव पंडीर ने ऐलान किया कि वनों के मूल मालिक देवता हैं और देवताओं का वास वनों की कंदराओं में ही है इसलिए वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का कर्तव्य है कि वे वनों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाएं। विभाग के कर्मचारियों ने भी देवताओं को अश्वासन दिया कि वे वनों की रक्षा के लिए तत्पर रहेंगे। इसके बाद मेले की प्राचीन रस्मों का निर्वहन किया गया। इस दौरान नाटी का आयोजन किया गया। कारदार लोतम राम और सोनी ठाकुर ने बताया कि दो कोठियों के देवताओं के समागम का प्रतिक लहिणीधार मेला प्राचिन संस्कृति को संजोए हुए है। इस मेले को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कनौन, धाउगी, दुशाहड़, बनोगी, सुचैहण और शांघड़ क्षेत्र के सैकड़ों कारकून और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### निरमंड में रेडक्रॉस मेला 8 और 9 मई को

**अनंत ज्ञान, आनी।** निरमंड में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर 8 और 9 मई को दो दिवसीय रेड क्रॉस मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले का उद्घाटन कुल्लू की डीसी और जिला रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष करेंगी। मेले के पहले दिन नशा मुक्त समाज की थीम पर 15 से 35 वर्ष के युवाओं के लिए मिनी मैराथन होगी। 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए जागरूकता वॉक का आयोजन किया जाएगा। स्कूली बच्चों के लिए विशेष प्रतियोगिताएं होंगी। इनमें पेंटिंग, स्लोगन लेखन और भाषण प्रतियोगिता शामिल हैं। प्रतियोगिताओं की थीम जंगलों को आग से बचाना, आतंकवाद और प्राकृतिक आपदा पर केंद्रित होगी। मेले में स्वयं सहायता समूहों के स्थानीय उत्पादों के स्टॉल और विभागीय प्रदर्शनी लगेगी। आयोजन में मुफ्त चिकित्सा परीक्षण, दिव्यांगता आकलन और रक्तदान शिविर भी होंगे। सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता के लिए नाटक मंचन किया जाएगा। स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए महिला मंडलों और स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

### डब्ल्यूकेएफ के नए नियमों के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीएवी स्कूल मौहल में कराटे संघ हिमाचल प्रदेश द्वारा केएएचपी रैफरी, जज व कोच के लिए कुमिते सेमिनार का आयोजन किया। इस सेमिनार का संचालन कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ए ग्रेड रैफरी हरीश शर्मा ने किया। उन्होंने कोच और जजों को डब्ल्यूकेएफ के नए नियमों के बारे में अवगत कराया। सभी ने इस सेमिनार में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सेमिनार के मुख्यातिथि डीएवी कुल्लू स्कूल के प्रधानाचार्य आरएस राणा ने सभी नए जजों को बधाई व शुभकामनाएं दीं और हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। हरीश शर्मा ने कराटे संघ के चेयरमैन हैंशी जनक राज जंवाल, प्रधान सेंसई संदीप कुमार, महासचिव सेंसई दामन जंवाल का यह सेमिनार आयोजित करवाने के लिए आभार जताया।

### अरछंड़ी में ब्यास प्रीमियर लीग हुई शुरू

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** ब्यास प्रीमियर लीग 2025 का शुभारंभ रविवार को ग्राम पंचायत अरछंड़ी में हुआ। यह आयोजन न केवल खेल भावना को समर्पित है, बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी सिद्ध हुआ। शुभारंभ समारोह में बतौर मुख्यातिथि मनोहर लाल ठाकुर (सेवानिवृत्त एडीपीओ एवं पूर्व छात्र संगठन अध्यक्ष) रहे, जबकि पूर्व छात्र संघ के महासचिव एवं वरिष्ठ समाजसेवी हेमराज ठाकुर ने विशेषातिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और टूर्नामेंट को अनुशासन, सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का प्रतीक बताया। टूर्नामेंट ग्राम पंचायत अरछंड़ी के माहिली-बिहाली क्रिकेट मैदान में हो रहा है, जहां पहले दिन का उद्घाटन मुकाबला माहिली और रायसन की टीमों के बीच खेला गया। रायसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया और दर्शकों को रोमांच से भर दिया। मुख्यातिथि ने कहा कि ब्यास प्रीमियर लीग केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा देने, नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और खेल के माध्यम से जीवन मूल्यों को बढ़ावा देने का सशक्त प्रयास है।

### 19 से रहेगी 48वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव की धूम



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सूत्रधार कला संगम कुल्लू की कार्यकारिणी बैठक सूत्रधार भवन के कार्यालय में संस्था के उपाध्यक्ष कंवर वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी जून माह में होने वाले 48वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव के विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में संस्था उपाध्यक्ष कंवर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि अपने विगत 48 वर्षों के इतिहास में सूत्रधार कला संगम कुल्लू ने कला संस्कृति के क्षेत्र में कई बार हिमाचल प्रदेश व भारत वर्ष के विभिन्न प्रांतों सहित विदेशों में अपनी प्रस्तुतियों से अनेक आयामों को स्थापित किया है। संस्था का मूल उद्देश्य उभरती हुई युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, समाज सेवा तथा अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करना है। इसी प्रयास के अंतर्गत संस्था द्वारा वर्ष भर में गीत-संगीत, लोककला, नाटक तथा नृत्य व समाज सेवा के क्षेत्र में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाता रहता है। इसी कड़ी में सूत्रधार कला संगम कुल्लू हर बार की भांति इस बार भी आगामी जून माह में स्थानीय निजी व सरकारी पाठशालाओं की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन 19 से 21 जून तक कुल्लू के ऐतिहासिक लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र व अटल सदन कुल्लू में करवाने जा रहा है।

### शंकराचार्य के पदचिन्हों पर चलने का लिया प्रण

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** कुल्लू के भेखली माता मंदिर के प्रांगण में भारतीय संस्कृति के उन्नायक जगद्गुरु आदि शंकराचार्य की जयंती धूमधाम से मनाई गई। वास्तु शास्त्र के ज्ञाता पंडित रिपुदमन ने बताया कि युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति का ज्ञान होना अतिआवश्यक है। इससे धर्म में रुचि बढ़ेगी, अच्छे संस्कार उत्पन्न होंगे व बुरी संगतियों से बचे रहेंगे। नहीं तो आज की युवा पीढ़ी नशे के दलदल में धंसती जा रही है। बच्चों ने दीप प्रज्वलित कर गुरुवंदना से अपनी प्रस्तुति दी इस अवसर पर विशेष रूप से पधारे श्रवणकुमार के अनुसार जयंती मनाने का मुख्य उद्देश्य नवीन पीढ़ी को सनातन धर्म की शिक्षा देना तथा साथ ही कर्मकांड को बढ़ावा देना है, ताकि भविष्य में कुसंगतियों से दूर होते हुए बच्चे उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर हों इसलिए आस-पास के गांवों के छोटे बच्चों को श्रीमद्भगवद्गीता सहित स्तोत्रपाठ, प्रार्थना, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा आदि ऐसे अनेक विषयों की शिक्षा हर माह सप्ताह में एक दिन दी जाएगी, जिससे उनका मानसिक विकास और धार्मिक सात्विक विकास भी होगा। धर्म में रुचि बढ़ेगी, अच्छे संस्कार उत्पन्न होंगे व बुरी संगतियों से स्वतः ही दूर रहेंगे।

# सरकार लोकतंत्र को कुचलने का कर रही काम: डॉ. मार्कंडेय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने कहा कि कर्मचारी हितैषी होने का राग अलापने वाली कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने लोकतंत्र को कुचलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कुछ समय से प्रदेश के शिक्षक अपने हक के लिए आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस सरकार ने उनकी आवाज को दबाने के लिए उन पर एफआईआर दर्ज कर दी।



उन्होंने कहा कि 900 शिक्षकों के खिलाफ इस सरकार ने मामले दर्ज किए हैं और 10 शिक्षक सस्पेंड कर दिए हैं। हिमाचल के इतिहास में आज से पहले इतने कर्मचारियों के प्रति मामले दर्ज नहीं किए गए, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने प्रदेश सरकार के इस निर्णय की भर्त्सना की है और मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस विषय पर पुन: विचार करें। उन्होंने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने कर्मचारियों के उत्पीड़न और दमन को अपनी नीति बना लिया है।

प्रदेश के लगभग 900 प्राथमिक शिक्षकों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कर, उन्हें निलंबित करना सरकार के कर्मचारी विरोधी और असंवेदनशील रवैये को उजागर करता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षक अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करना हर नागरिक और कर्मचारी का संवैधानिक अधिकार है, जिसे दबाने का प्रयास लोकतंत्र का सीधा अपमान है। मार्कंडेय ने कहा कि वर्तमान सुक्खू सरकार कर्मचारियों की आवाज सुनने के बजाय, उन्हें दंडित कर रही है, जो चिंताजनक है।

# पीपल मेले ने पकड़ी रफ्तार, बढ़ने लगा कारोबार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू में राज्य स्तरीय पीपल जातर मेला समाप्त हो चुका है, लेकिन व्यापारिक मेला अभी जारी है और रोजाना मेले में रौनक बढ़ रही है। रविवार को अवकाश होने के चलते मेले में खरीददारी करने वालों की संख्या में भारी इजाफा देखने को मिला। हालांकि, बारिश ने कुछ समय के लिए खलल डाला, लेकिन बारिश होने पर भी लोग खरीददारी में जुटे रहे। हर वर्ष पीपल जातर मेले के बाद ही धीरे-धीरे व्यापार मेला रफ्तार पकड़ता है।

ढालपुर में सजे डोम, कवाड़ी मार्केट, जूता मार्केट, बर्तन मार्केट के अलावा मीना बाजार व प्रदर्शनी मैदान में लगे पहाड़ी व्यंजनों के स्टॉल में सुबह-शाम व रात को आठ-नौ बजे तक लोग खरीददारी कर रहे हैं। दिन के समय जिले के दुर्गम क्षेत्र के लोगों का दोनों मैदानों में तांता लग रहा है, जबकि शाम के समय शहरवासी खरीददारी में मशगूल दिख रहे हैं। रविवार को अवकाश होने के चलते व्यापार मेले में लोगों की खूब भीड़ दिखी। ढालपुर में लगे डोम में सजी कपड़े, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, जूस, आचार, खिलौने, फैंसी जूते-चप्पल, किचन के सामान के अलावा साथ ही लगे कबाड़ व जूता मार्केट में जहां लोग खरीददारी करने में मशगूल दिखे। वहीं, फूड स्टाल में भी लोगों ने सिड्डू, मोमो के खूब चटकारे लिए। खरीददारी करने पहुंची महिलाओं सिमरन, भारती, राधिका, रमा व सपना सहित अन्य महिला व युवतियों ने बताया कि इस व्यापारिक मेले में उन्हें एक ही छत के नीचे जरूरत का हर सामान उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के बाद पीपल मेले में ही खरीददारी करने का मौका मिलता है। इस मेले का उन्हें हर साल बेसब्री से इंतजार रहता है।

दशहरा उत्सव के बाद साल का यह पहला बड़ा मेला होता है, ऐसे में जिले के लोग इस मेले में खरीददारी करते हैं और यहां पर उन्हें हर पसंद का सामान मिलता है। वहीं, बाहरी राज्यों से मेले में पहुंचे व्यापारी डेविड, राजीव, अंजू, अंगेश व गौरव का कहना है कि पिछले कई सालों से वह पीपल मेले में अपनी दुकानें लगा रहे हैं। इस साल प्लाट महंगे मिले हैं। खरीददारों की संख्या तो बढ़ रही है, लेकिन बारिश बीच-बीच में खलल डाल रही है। बहरहाल, बारिश भले ही मेले में खलल डाल रही है और शुरुआत में व्यापार में उतनी बढ़ोतरी नहीं हुई थी, लेकिन अब मेला रफ्तार पकड़ने लगा है।


राज्य स्तरीय पीपल जातर मेले में खरीददारी करने में जुटे लोग।

### सिड्डू, मोमो व अन्य खाद्य पदार्थों का उठा रहे लुत्फ

ढालपुर स्थित मीना बाजार के साथ प्रदर्शनी मैदान में स्थित सिड्डू, मोमो सहित अन्य खाद्य पदार्थों की मार्केट में भी लोगों की खासी भीड़ देखने को मिली, जो कि मेले में भागदौड़ करने के बाद जलपान और अपने पसंदीदा व्यंजनों का स्वाद चखने के लिए आ रहे हैं। पीपल मेले के दौरान विभिन्न प्रकार के झूलों और मनोरंजन के लिए, अन्य गतिविधियों में भी युवा व बच्चे खूब लुत्फ उठा रहे हैं।

# जनजातीय क्षेत्रों से बाहर रह रहे लोगों की आर्थिकी सुदृढ़ करना केंद्र की प्राथमिकता: आशा लाकड़ा

अनंत ज्ञान, मनाली

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लाकड़ा ने लाहौल और मनाली दौरे के दूसरे दिन रविवार को मनाली में आस्था महिला मंडल झाड़ग की महिलाओं ने उनसे भेंट की। महिला मंडल द्वारा आशा लाकड़ा को एक ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में महिलाओं ने बताया कि जनजातीय जिलों से बाहर रह रही महिलाओं के लिए भी जनजातीय बजट में प्रावधान किया जाना चाहिए, ताकि जिले से बाहर रह रही जनजातीय महिलाएं भी अपनी आर्थिकी को मजबूत कर सकें। महिला मंडल झाड़ग की प्रधान सुदर्शन ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा को अवगत कराया कि किस तरह जनजातीय जिलों के बाहर रह रही महिलाओं, बच्चों और कामगार पुरुषों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जनजातीय जिलों के बाहर भी जानजातीय लोगों के लिए जनजातीय भवनों का निर्माण होना चाहिए। महिला मंडल की प्रधान द्वारा मनाली में जनजातीय भवन के निर्माण को लेकर भी इसकी जरूरत और उपयोगिता के बारे में आयोग की सदस्य को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति और चंबा के पांगी किलाड़ से बहुत सी महिलाएं जिले के बाहर रहती हैं, जबकि इन क्षेत्रों में कई विद्यार्थी कुल्लू मनाली में शिक्षा ग्रहण करने आते हैं और उन्हें महंगे दाम में किराये पर कमरे लेकर रहना पड़ता है। मनाली में जनजातीय भवन होने से उन्हें सुविधा मिल सकेंगी। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लाकड़ा ने महिला मंडल को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को केंद्र सरकार के समक्ष प्रमुखता से रखेंगी। जनजातीय क्षेत्रों से बाहर रह रहे लोगों की आर्थिकी सुदृढ़ करना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। जनजातीय जिलों से बाहर रह रही महिलाएं स्वयं सहायता समूहों का गठन करें। केंद्र सरकार द्वारा इन स्वयं सहायता समूहों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं।



# कटराई में कल बिजली बंद

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। बिजली उपमंडल कटराई के तहत आने वाले क्षेत्रों में कल बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली उपमंडल कटराई के सहायक अभियंता जितेंद्र ने कहा कि बिजली उपमंडल कटराई के अधीन 33/11 केवी सबस्टेशन नगर के और इसके अंतर्गत आने वाले सभी 11 केवी फीडर की आवश्यक मरम्मत और रखरखाव के कारण इस बिजली उपमंडल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों रायसन, छाटनसेरी, शिरढ़, बैंची, मालीपत्थर, बागा, कराल, हिमरी, जलोरा, नांगाबाग, डोभी, झाकड़ी, खड़ीहार, मेहा, फोजल, धारा, नेरी काथी, कुकड़ी, डोहलूनाला, पतलीकूहल, कटराई, बशकोला, बाड़ी, जौंग, शांगचर, जैंडी, बडाग्रां पनंगा, हलाण-2 व आसपास छानी, दवाड़ा, 14 मील से 18 मील, रामपुर, कक्सेरी, बरान, रियाड़ा के लगते क्षेत्रों में 6 मई को सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

# 7 से मनाया जाएगा आनी मेला 6 देवताओं को किया आमंत्रित

### झूला-किश्ती संचालकों को आवंटित किए स्थान

अनंत ज्ञान, आनी

उपमंडल मुख्यालय आनी में 7 से 10 मई तक आयोजित होने वाले जिला स्तरीय आनी मेले की तैयारियां जोरों पर हैं।

मेला कमेटी की बैठक अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत आनी के प्रधान लाल सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान मेले के दैनिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में बताया कि इस वर्ष पांच पारंपरिक देवताओं के साथ कुईरी महादेव व्यास ऋषि को भी आमंत्रित किया गया है। मेले में व्यापारिक गतिविधियों के लिए प्लॉट आवंटन शुरू हो गए हैं। झूला संचालकों से दो लाख रुपए और डोम संचालकों से सात लाख पांच हजार रुपए शुल्क लिया गया है। मेले में सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था की जा रही है। ट्रैफिक और कानून व्यवस्था के लिए कुल्लू एसपी से अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की गई है। बैठक में बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां भी चल रही हैं। रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों का चयन जल्द शुरू होगा।

मेले के दौरान महिला मंडल और स्कूली बच्चों की प्रस्तुतियां होंगी। रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। बैठक में पंचायत समिति अध्यक्ष विजय कंवर, व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद चंदेल, बखनाओं पंचायत प्रधान अमित, प्रधानाचार्य जवाहर ठाकुर, शिक्षक कुंदन शर्मा और एसवीपीओ विनोद कटोच सहित अन्य कमेटी सदस्य मौजूद थे।

# डॉ. अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं: शौरी

अनंत ज्ञान, बंजार

भाजपा द्वारा पूरे देशभर में संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।



इसी कड़ी में विधायक सुरेंद्र शौरी ने बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मशगां, रैरी, बंजार और ब्रह्मबेहड़ बूथों में गृह संपर्क अभियान चलाया। विधायक शौरी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर न केवल संविधान निर्माता थे, बल्कि वे एक प्रखर अर्थशास्त्री, विद्वान, समाज सुधारक एवं सामाजिक न्याय के पुरोधा भी थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है और देश की जनता को उनके विचारों को समझने की आवश्यकता है। वर्ष-2014 से पहले डॉ. अंबेडकर जयंती कुछ सीमित संस्थाओं तक ही सिमटी रहती थी, लेकिन जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी है, तब से अंबेडकर जयंती को वैश्विक स्तर पर मनाया जाने लगा है। आज विश्व के 120 से अधिक देशों में उनकी जयंती मनाई जाती है, जो उनके विचारों की व्यापकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने यह निर्णय लिया है कि डॉ. अंबेडकर के विचारों को केवल पढ़ा ही नहीं जाए, बल्कि उन्हें व्यवहार में उतारा जाए। कांग्रेस पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब का अपमान किया है। 1951 के लोकसभा चुनावों में स्वयं पंडित जवाहरलाल नेहरू ने वामपंथियों के साथ मिलकर बाबा साहेब को हराने के प्रयास किए। 6 दिसंबर 1956 को उनके निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को दिल्ली से मुंबई ले जाया गया, लेकिन हेलिकॉप्टर का बिल तक उनकी पत्नी को थमा दिया गया, जो कांग्रेस की संवेदनहीनता को दर्शाता है।

## आयोजन

### अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत कन्याल व छियाल में कार्यक्रम आयोजित

# बाबा साहेब का जीवन प्रेरणा का स्रोत: गोविंद

अनंत ज्ञान, मनाली

संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य पर मनाली भाजपा ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत कन्याल, छियाल गांव व हिडिंबा ऑटो यूनियन में अनुसूचित जाति के लोगों के साथ बैठक की।

बैठक में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गोविंद ठाकुर ने मुख्य रूप से शिरकत की, उन्होंने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर न केवल संविधान निर्माता थे, बल्कि वे एक प्रखर अर्थशास्त्री, विद्वान, समाज सुधारक भी थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है और देश की जनता को उनके विचारों को समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्ष-2014 से पहले डॉ. अंबेडकर जयंती कुछ सीमित संस्थाओं तक ही सिमटी रहती थी, लेकिन जब से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी है, तबसे अंबेडकर जयंती को वैश्विक स्तर पर मनाया जाने लगा है। आज विश्व के 120 से अधिक देशों में उनकी जयंती मनाई जाती है, जो उनके विचारों की व्यापकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने यह निर्णय लिया है कि डॉ. अंबेडकर के विचारों को केवल पढ़ा ही नहीं जाए, बल्कि उन्हें व्यवहार में उतारा जाए। गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब का अपमान किया। उन्होंने कहा कि 1951 के लोकसभा चुनावों में स्वयं पंडित जवाहरलाल नेहरू ने वामपंथियों के साथ मिलकर बाबा साहेब को हराने के प्रयास किए। उन्होंने कहा कि जिन व्यक्तियों ने बाबा साहेब को चुनाव में हराया, उन्हें कांग्रेस सरकार द्वारा पद्म विभूषण से नवाजा गया, जबकि बाबा साहेब को भारत रत्न देने में वर्षों का विलंब किया गया। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व में देश सामाजिक न्याय, समानता और समरसता के मार्ग पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चलकर भाजपा उस भारत का निर्माण कर रही है, जिसकी परिकल्पना बाबा साहेब ने की थी। इस अवसर पर नसोगी पंचायत के प्रधान दिले राम, होटल एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर, आटो यूनियन के प्रधान मोती राम सहित भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।


अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत कन्याल व छियाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर व अन्य गणमान्य लोग।

## न्यूज ब्रीफ

### जामनिवाला स्कूल के मैदान में 5 को ट्रायल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन में जिला सिरमौर एथलेटिक एसोसिएशन के महासचिव विजय यादव ने बताया कि 5 मई को पांवटा साहिब जामनिवाला स्कूल के समीप बांकुवा मैदान में अंडर-10 और अंडर-12 आयु वर्ग के लड़कों व लड़कियों के ट्रायल होने सुनिश्चित हुए हैं। ट्रायल से चुने हुए प्रतिभागी 10 मई को बिलासपुर में होने जा रही राज्य स्तरीय एथलेटिक मीट में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि अंडर 10 प्रतिभागियों के लिए 30 मीटर दौड़, ब्रॉड जंप, बॉल थ्रो और किड जैवलियन आदि प्रतियोगिताएं होंगी।, जबकि अंडर-12 के प्रतिभागियों के लिए 60 मीटर दौड़, ब्रॉड जंप, बॉल थ्रो और किड जैवलियन आदि प्रतियोगिताएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिभागी को आयु प्रमाण साथ लाना होगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि निडजैम प्रतियोगिताएं जुलाई-अगस्त माह में आयोजित की जाएंगी।

### सोलन में परिसीमन के संबंध में आदेश जारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने सोलन के सभी विकास खंड अधिकारियों को पंचायतीराज संस्थाओं के होने वाले आम निर्वाचन में पंचायत समितियों तथा ग्राम पंचायतों के वार्डों के परिसीमन के लिए प्राधिकृत करने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज निर्वाचन नियम-1994 के नियम 5 तथा 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किए गए हैं। आदेशों के अनुसार पंचायतीराज संस्थाओं के निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) के परिसीमन का अंतिम प्रकाशन 31 मई को अथवा इससे पूर्व करना होगा।

### रेषभ पटियाल ने जीती बैडमिंटन प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) शिमला मंडल हिमाचल प्रदेश ने सोलन में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें हमीरपुर शाखा के रेषभ पटियाल विजेता बने। पटियाल ने परवाणू के अभिषेक को हराकर ट्रॉफी जीती, जबकि अभिषेक को रनरअप ट्रॉपी से संतोष करना पड़ा। प्रतियोगिता में बिलासपुर शाखा पवन कुमार तीसरे स्थान पर रहे। विजेता खिलाड़ी का चयन 16-17 जुलाई को जम्मू में होने वाली उत्तर क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। अव्वल रहे खिलाड़ियों को स्टेट ऑफिसियल और गत विजेता विजय सिंह ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मंडल खेलकूद समिति के सचिव प्रेमदास, धर्मपाल शर्मा और तारादत्त शर्मा उपस्थित रहे।

### युवा बचाओ, भविष्य बचाओ पर हुई कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज कंडाघाट में ज्ञान विज्ञान समिति ने युवा बचाओ भविष्य बचाओ अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित की। समिति के स्रोत व्यक्ति और राज्य सचिव सत्यवान पुंडीर, उपाध्यक्ष जीया नंद शर्मा, सहसचिव सीता राम ठाकुर, युवा सह संयोजक वरुण मिन्हास ने 45 छात्राओं की पीयर मेंटरिंग कार्यशाला में विभिन्न जिलों से संबंधित छात्राओं ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए नशे के खिलाफ संचालित अभियान में सहयोग करने की बात कही। कॉलेज प्रधानाचार्य राकेश शर्मा ने नशे के खिलाफ जागरूकता के साथ इससे सभी को दूर रहने का आह्वान किया।

### फुटबॉल प्रतियोगिता में 12 टीमें दिखा रही दमखम

**अनंत ज्ञान, सोलन।** युवाओं को नशे से दूर रखने व खेल भावना को जागृत करने के उद्देश्य से सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू हुई। मां शूलिनी यूथ क्लब द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में जिले की कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं। खराब मौसम के चलते मैदान खराब होने के बावजूद इस प्रतियोगिता के प्रति युवाओं में उत्साह देखा जा रहा है। भाजपा कार्यकारणी सदस्य डॉ. राजेश कश्यप भी इस प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। भाजपा कार्यकारणी सदस्य डॉ. राजेश कश्यप ने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि खेलों से युवाओं का स्वर्णिम विकास सुनिश्चित होता है। डॉ. राजेश कश्यप ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से युवा नशे से दूर रहता है। उन्होंने ठोडो मैदान की दयनीय स्थिति बारे भी सरकार से आग्रह किया कि सरकार इस मैदान की सुध ले। यह सोलन का एक मात्र मैदान है। इसमें आयोजन से लेकर प्रतियोगिताएं होती हैं। उन्होंने कहा कि नवीनतम तकनीक से इस मैदान को सुधारा जाना आवश्यक है।

### सत्य साईं के जीवन व शिक्षाओं पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, सराहां।** श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी दिव्य रथ यात्रा का सराहां पहुंचने पर साईं भक्तों ने जोर दार स्वागत किया। इस अवसर पर नए बस अड्डे से बाजार होते हुए सराहां के समीप टिक्कर गांव में स्थित शिरडी साईं मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई। मंदिर में श्री सत्य साईं के जीवन उनकी शिक्षाओं पर विभिन्न वक्ताओं द्वारा प्रकाश डाला गया। बाबा की पावन शताब्दी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दिव्य पावन रथ यात्रा भारत भ्रमण की श्रृंखला कड़ा उत्तरी भारत क्षेत्र में सर्वप्रथम आगमन जिला सिरमौर में हुआ है। यह यात्रा 1 मई से सिरमौर प्रवास पर है, जो 9 मई तक जिला सिरमौर के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करेगी। इसी कड़ी में यह यात्रा सराहां पहुंची। इस अवसर पर डॉ. नीता खन्ना, नेशनल को-ऑर्डिनेटर बाल विकास एवं विद्या ज्योति, डॉ. सविता अग्रवाल स्टेट को-ऑर्डिनेटर बाल विकास, डॉ. योगिंद्र वर्मा, पूर्व वाईस चांसलर सेंट्रल यूनिवर्सिटी स्टेट प्रेजिडेंट, विना अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### नाहन के शाही महल के खुले कपाट

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर में रियासत काल से ही नगर देवता खेड़ा महाराज का मंदिर शाही महल के भीतर स्थापित है। वर्ष में एक बार खेड़ा महाराज के मंदिर को आमजन के लिए खोला जाता है और इस अवसर पर शहर में बनाए दूसरे खेड़ा मंदिर में भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी खेड़ा के विशेष पूजन का दिवस है, जिसपर शाही महल के कपाट आमजन के लिए खोले गए हैं और लोग बड़ी संख्या में महल के भीतर जाकर खेड़ा महाराज व माता बाला सुंदरी मंदिर, जोकि महल में ही स्थापित है, पूजा-अर्चना व दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। शाही महल की महारानी रसिका प्रकाश ने बताया कि शहर में खेड़ा महाराज के लिए रविवार को शाही महल व मंदिरों के कपाट खोले गए हैं, ताकि सभी लोग दर्शन कर सकें। उन्होंने बताया कि महाराज उदय प्रकाश ने कपाट खोलने की प्रथा शुरू की थी जो, भविष्य में भी कायम रहेगी।


# एमसी में वार्ड बढ़ाने की तैयारी

## पार्षदों ने बढ़ती जनसंख्या का हवाला देकर वार्ड बढ़ाने को लेकर डीसी को लिखा था पत्र

**आर मोहन चौहान, सोलन**

निकाय चुनाव से पहले नगर निगम सोलन में वार्डों की संख्या बढ़ाने की कवायद तेज हो गई है।

पार्षदों ने बढ़ती जनसंख्या का हवाला देकर वार्ड बढ़ाने को लेकर डीसी को लिखे पत्र के बाद नगर निगम को प्रशासन ने डी-लिमिटेशन को लेकर प्रस्ताव मांगा है। ऐसे में आगामी चुनाव से पहले शहर में वार्डों की संख्या बढ़ सकती है। पिछले दिनों नगर निगम के चार पार्षदों ने बढ़ती जनसंख्या और बड़े क्षेत्रफल का हवाला देते हुए डीसी सोलन को वार्डों की संख्या बढ़ाने को लेकर पत्र लिखा था। इस पर जिला प्रशासन ने एसडीएम सोलन के माध्यम से नगर निगम की कमिश्नर को पत्र भेज कर डी-लिमिटेशन को लेकर प्रस्ताव मांगा है। (अनंत ज्ञान)



सोलन शहर।

> प्रशासन से निगम को से डी-लिमिटेशन को लेकर पत्र आया है। इसमें नगर निगम की ओर से प्रस्ताव तैयार कर मांगा है। इस दिशा में कार्य किया जा रहा है।
>
> **एकता कापटा, कमिश्नर, नगर निगम सोलन।**

### 2020 में सोलन बना नगर निगम

सोलन नगर निगम बनाए जाने की अधिसूचना वर्ष 2020 में पूर्व भाजपा सरकार ने की थी। इसमें सोलन शहर के आसपास की कई ग्राम पंचायतों के क्षेत्र को शामिल किया गया था, जिन ग्राम पंचायतों के क्षेत्र को निगम में शामिल किया गया उन क्षेत्रों की जनसंख्या निगम में पूरी शामिल नहीं की गई, जिन चार पार्षदों ने पत्र दिया है उसमें पूर्व डिप्टी मेयर व वार्ड नंबर-14 के पार्षद राजीव कौड़ा, वार्ड नंबर-2 की पार्षद सुषमा शर्मा, वार्ड नंबर-7 की पार्षद पूजा और वार्ड नंबर-16 की पार्षद सीमा शामिल है। वहीं, डिप्टी मेयर मीरा आनंद ने पिछले डी-लिमिटेशन में अपने क्षेत्र को फिर से उसी वार्ड में मिलाने की मांग उठाई है। इस साल मार्च में कांग्रेस व भाजपा के दो-दो पार्षदों ने डीसी सोलन को संयुक्त रूप से पत्र देकर वार्डों का डी-लिमिटेशन कर इनकी संख्या बढ़ाने की मांग की थी। इन पार्षदों का कहना है कि सोलन नगर निगम में कई वार्ड क्षेत्र फल व जनसंख्या के हिसाब से बहुत बड़े हैं। इनमें एक समान विकास करना संभव नहीं है। ऐसे में बड़े वार्डों का कुछ हिस्सा काट कर नए वार्ड बनाए जाएं।

### निगम के वार्डों की डी-लिमिटेशन की तैयारी

**अब** प्रशासन की कवायद से लगता है कि अगले चुनाव से पहले निगम के वार्डों की डी-लिमिटेशन की तैयारी है। वार्डों की रिजर्वेशन को देखते हुए पार्षदों ने आने वाले चुनाव के लिए नए वार्डों की तलाश शुरू कर दी है। इसी रणनीति के तहत वार्डों की संख्या बढ़ाने की मांग भी उठी है। नगर निगम में इस समय वार्डों की संख्या 17 है। सोलन नगर निगम बनाए जाने की अधिसूचना तब जारी हुई थी, तो इस दौरान वार्डों में डी-लिमिटेशन 2011 जनगणना की रिपोर्ट के आधार पर किया था। उस समय सोलन की जनसंख्या 40 हजार से नीचे थी। नगर निगम बनाने के लिए जनसंख्या का क्राइटेरिया पूरा करने के लिए शहर के साथ लगती ग्राम पंचायतों के कुछ क्षेत्र को निगम में मर्ज किया था। अब सोलन शहर काफी विकसित हो चुका है और जनसंख्या 60 हजार का आंकड़ा पार कर चुकी है, लेकिन जनगणना नहीं होने के कारण अभी वार्डों का डी-लिमिटेशन नए स्वरूप में नहीं हो पाया है।

# सीसीटीएनएस रैंकिंग में सिरमौर प्रदेश भर में प्रथम

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश पुलिस की क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम रैंकिंग में जिला सिरमौर ने पहला स्थान प्राप्त किया है।

पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक जहां सीसीटीएनएस में जिला सिरमौर ने प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं, लाहौल-स्पीति और नूरपुर पुलिस जिले दूसरे स्थान पर रहे हैं, जबकि बिलासपुर को तीसरा रैंक मिला है। जारी आंकड़ों के मुताबिक सबसे शिक्षित जिला कहे जाने वाले हमीरपुर प्रदेश भर में 14वें स्थान पर रहा है, जबकि देहरा को 13वां और कांगड़ा को 12वां स्थान मिला है। सीसीटीएनएस अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम एक राष्ट्रीय परियोजना है, जिसे भारत सरकार द्वारा वर्ष-2009 में शुरू किया गया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पूरे देश में पुलिस सिस्टम के लिए एक एकीकृत प्रणाली विकसित करना है, जिससे सभी स्तरों पर पुलिस की दक्षता और प्रभावशीलता में सुधार हो सके। यह योजना पुलिस स्टेशन स्तर पर पुलिस कार्यों को स्वचालित करने और विभिन्न पुलिस अधिकारियों के बीच जानकारी साझा करने का एक मंच है। जिला पुलिस अधीक्षक सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक सीसीटीएनएस में जिला सिरमौर ने पहला स्थान हासिल किया है, जो जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने



कहा कि सीसीटीएनएस अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम का यह एक नेशनल प्रोजेक्ट है, जिसे भारत सरकार ने वर्ष 2009 में लांच किया था। उन्होंने कहा कि सीसीटीएनएस रैंकिंग में सभी पुलिस थानों को तीन कैटेगरी में विभाजित किया गया था।

जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला सिरमौर के पुलिस थाना पांवटा साहिब, रेणुका जी, माजरा, शिलाई और महिला पुलिस थाना नाहन ने अपनी कैटेगरी में टॉप फाइव रैंकिंग हासिल की है। प्रदेश पर में टॉप फाइव रैंकिंग करना जिला सिरमौर के लिए एक अच्छा संदेश है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सीसीटीएनएस रैंकिंग में सिरमौर को यह उपलब्धि पुलिस कर्मचारियों और अधिकारियों की कड़ी मेहनत और उनकी लगन का नतीजा है।

# डॉ. आशु बनी मूल विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ. आशु चंदेल ने डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के



मूल विज्ञान विभाग की प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष का कार्यभार संभाला। उन्हें गणित एवं सांख्यिकी विषयों के शिक्षण में 28 वर्षों से अधिक का अनुभव है और बागवानी, वानिकी और कृषि व्यवसाय प्रबंधन पाठ्यक्रमों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं विद्यावाचस्पति स्तर के छात्रों को शिक्षित किया है। डॉ. आशु रैंडमाइज्ड रिस्पॉन्स विधियां फल और दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र और उत्पादन के पूर्वानुमान के लिए सांख्यिकीय मॉडल्स के विकास में शामिल रही हैं। उन्होंने सात पीएचडी और 21 स्नातकोत्तर छात्रों का प्रमुख सलाहकार के रूप में निर्देशन किया है।

# नेशनल हाईवे पर 18 चलान कर वसूला 18 हजार जुर्माना

**अनंत ज्ञान, नाहन**

आए दिन दर्दनाक हादसों का प्वाइंट बन चुका नेशनल हाईवे पर स्थित शंभु वाला में एसपी सिरमौर एनएस नेगी के आदेशों पर यातायात पुलिस ने नाका लगा कर ओवर स्पीड वाहनों पर शिकंजा कसते हुए कड़ा एक्शन लिया। पुलिस ने नेशनल हाईवे पर 18 चलान काटे व 18 हजार जुर्माना वसूला।

पुलिस द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, नाके के दौरान मुख्य रूप से ओवर स्पीडिंग के 27 मामले सामने आए, जिनमें से 6 चालान पुलिस थाना स्टाफ द्वारा किए गए और शेष 21 चालान ट्रैफिक टीम ने किए। इसके अलावा अन्य उल्लंघनों में स्कूल बस द्वारा नियमों का उल्लंघन (1 मामला), ड्राइविंग के दौरान धूम्रपान (1 मामला), बिना नंबर प्लेट वाले ट्रैक्टर (2 मामले), बिना ड्राइविंग लाइसेंस (1 मामला), बिना सीट बेल्ट (1 मामला), बिना हेलमेट (2 मामले)



तथा अन्य मोटर व्हीकल अधिनियम के उल्लंघन (3 मामले) शामिल हैं। ट्रैफिक टीम के प्रभारी द्वारा मौके पर 11 मामलों में चालान काटे गए, जिससे 13,500 का जुर्माना मौके पर ही वसूला गया। वहीं, पुलिस थाना स्टाफ द्वारा ओवर स्पीडिंग के 6 चालानों से 4,500 का जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार कुल मिलाकर मौके पर 18,000 का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा, नाके के दौरान 2 स्कूल बसों की भी जांच की गई। पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करें, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# रोनहाट को मिला खंड प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय

**अनंत ज्ञान, नाहन**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान की उपस्थिति में शिलाई विधानसभा क्षेत्र के रोनहाट में खंड प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय का शुभारंभ किया।

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने रोनहाट में खंड प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय खोले जाने पर क्षेत्रवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इससे पहले अध्यापकों को खंड प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय बकरास जाना पड़ता था, अब उन्हें यह सुविधा रोनहाट में ही प्राप्त होगी। शिलाई विधानसभा क्षेत्र में 200 करोड़ से अधिक के विकासात्मक कार्य प्रगति पर हैं, जिनमें सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए बहुत सी योजनाओं का क्रियान्वयन शिलाई विधानसभा क्षेत्र में किया जा रहा है, जिनके पूर्ण होते ही क्षेत्रवासियों को इसका लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अभी तक के कार्यकाल में 34 हजार नौकरियां प्रदान



शिलाई में कार्यक्रम के दौरान उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

की हैं तथा 2027 तक इनकी संख्या बढ़कर 1 लाख पहुंच जाएगी। उद्योग मंत्री तथा शिक्षा मंत्री के रोनहाट पहुंचने पर क्षेत्रवासियों ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों सहित बड़ी गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। शिक्षा मंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए क्षेत्रवासियों को खंड प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय की बधाई दी। उन्होंने उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान की सराहना करते हुए कहा कि वह शिलाई विधानसभा क्षेत्र से छह बार के विजेता हैं तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं उनका परिवार निष्ठा के साथ इस विधानसभा क्षेत्र की सेवा करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय पहले प्रदेश सरकार को अस्थिर करने के षड्यंत्र के दौरान हर्षवर्धन चौहान ने सरकार बचाने में अहम भूमिका निभाई थी तथा देव भूमि हिमाचल में यह षड्यंत्र असफल साबित हुआ था। प्रदेश की जनता ने सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार पर विश्वास जताते हुए पुन: बहुमत प्रदान किया। प्रदेश में आपदा के समय दस हजार करोड़ की क्षति होने से प्रदेश को आर्थिक नुकसान हुआ। इसके उपरांत केंद्र सरकार से प्रदेश को मिलने वाली राशि में भी कटौती की गई है, लेकिन सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

# संविधान को खतरा बताने वाले नेताओं को, अब कांग्रेस बचाओ अभियान चलाना चाहिए : रावत

**अनंत ज्ञान, सोलन**

> कांग्रेस का अस्तित्व दिन प्रतिदिन खत्म होता जा रहा

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान में बताया कि कांग्रेस पार्टी ने इन दिनों पूरे प्रदेश में संविधान बचाओ अभियान कार्यक्रम चलाया है।



यह कार्यक्रम पिछले दिनों जिला बिलासपुर में भी आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता कांग्रेस पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने की, लेकिन इस कार्यक्रम में संविधान पर कोई भी चर्चा नहीं की गई क्योंकि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के सामने ही आपस में भिड़ गए, जिससे कांग्रेस पार्टी की गुटबाजी प्रदेश की जनता को स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है इसलिए कांग्रेस पार्टी को संविधान बचाव अभियान नहीं, कांग्रेस पार्टी बचाओ अभियान चलाना चाहिए क्योंकि कांग्रेस पार्टी का अस्तित्व अब दिन प्रतिदिन खत्म होता जा रहा है। रावत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी में गुटबाजी इस कदर बढ़ गई है कि कांग्रेस पार्टी के पास अपने जिलाध्यक्ष तक नहीं है। इतना ही नहीं सरकार और संगठन में भी आपसी तालमेल ठीक नहीं हैं। रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपनी सरकार में अपने ही गुट के लोगों को लाभ के पद दिए हैं, जिससे प्रतिभा सिंह गुट के लोग सरकार से बहुत नाराज चल रहे हैं। रावत ने बताया कि अब पार्टी और संगठन में भी मुख्यमंत्री सुक्खू अपना ही कब्जा करना चाहते हैं, जिस कारण गुटबाजी बढ़ना स्वाभाविक है।

# कंडाघाट के कई क्षेत्रों में आज बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 5 मई को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी वरिष्ठ अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 5 को प्रात: 9 से सायं 6 बजे तक कंडाघाट, डोलग, परोथा, डेडघराट, शन्हेच, टिक्कर, मही, सिरीनगर, हाथो, पलेच, शलूमना, हिमूडा, वाकनाघाट, छावशा, डुमैहर, कोट, क्वारग, कोठी, बाड़ा, आंजी ब्रहमणा, सैंज, गोग, कैथलीघाट, शालाघाट, क्यारीबंगला, बीशा, बाशा, सूरो, जेपी विश्वविद्यालय, चायल, दोची, मिलिट्री स्कूल, जीतनगर, आलमपुर, भलावग, हिन्नर, कुरगल मिहानी, बिणू, डुबलू, टिक्कर, नगाली एवं आस-पास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि खराब मौसम अथवा अन्य कारणों से उपरोक्त निर्धारित तिथि व समय में बदलाव किया जा सकता है।

# अर्की ने जुखाला को हराकर जीती कबड्डी प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

ग्राम पंचायत बागा करोग में जय मां जालपा यूथ क्लब बागा ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय बागा करोग के खेल प्रांगण में रविवार को एकदिवसीय ओपन टूर्नामेंट एवं अंडर-17 कबड्डी टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया। नशामुक्ति विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की 12 टीमों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पंचायत प्रधान सुरेंद्रा पंवर उपस्थित रहे, जबकि विशेषातिथि के रूप में समाजसेवी चौहान कृष्णा, नगीन ठाकुर, हरि राम ठाकुर, मस्त राम ठाकुर ने शिरकत की। क्लब ने अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया। पंचायत प्रधान सुरेंद्रा पंवर ने कहा कि खेलों से युवाओं में अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है। उन्होंने विजेता टीमों को बधाई दी और आशा जताई कि आगे भी ऐसे आयोजन



कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता टीम को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि व अन्य।

होते रहेंगे, जिससे हमारे युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। समाजसेवी चौहान कृष्णा ने कहा कि खेलों से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी बढ़ता है। उन्होंने जय मां जालपा यूथ क्लब बागा के प्रयासों की सराहना की और खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। ओपन टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला कसोल टीम और साई टीम के बीच हुआ। इसमें साई टीम ने जीत हासिल की। विजेता टीम को 9100 रुपए और उपविजेता कसोल टीम को 5100 रुपए की राशि के साथ स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। अंडर-17 टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला जुखाला टीम और अर्की टीम के बीच हुआ। इसमें अर्की टीम ने जीत हासिल की। विजेता अर्की टीम को 4100 रुपए और उपविजेता जुखाला टीम को 3100 रुपए की पुरस्कार राशि दी गई। विजेता टीमों को मुख्यातिथि और विशेषातिथि द्वारा सम्मानित किया गया और उन्हें पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इस दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों में काफी उत्साह देखा गया।

# पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स के लंबित मुद्दों पर की चर्चा





बैंक पेंशनर्स और रिटायरी एसोसिएशन सोलन सर्किल की आम सभा का आयोजन।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स और रिटायरी एसोसिएशन सोलन सर्किल की जनरल बॉडी की आम सभा का आयोजन किया गया। इसमें शिमला, सोलन, सिरमौर, बिलासपुर जिलों के 70 के करीब सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता अनिल सचदेवा ने की।

बैठक में बैंक पेंशनर्स के लंबित ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें बैंक पेंशनर्स की पेंशन रिवीजन का मामला पिछले 30 वर्षों से लंबित है। सर्कल प्रधान पीसी केन्थ ने कहा कि 1995 में पेंशन स्कीम लागू की गई थी और तब से अब तक इसमें कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। वहीं, स्पेशल एलाउन नहीं मिल रहा है। मेडिक्लेम की कोई भी क्षतिपूर्ति बैंक द्वारा नहीं की जा रही है। इससे रिटायरी कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि उनकी मांगों का जल्द निपटारा करें, ताकि बैंक रिटायरी के साथ न्याय हो सके। यदि हमारी न्याय पूर्ण मांगों को नहीं माना गया, तो सभी पेंशनर्स अपनी संस्था के निर्देश अनुसार धरना-प्रदर्शन और अन्य कार्रवाई करने के लिए जीवन के इस अंतिम पड़ाव में करने को बाध्य होंगे।

**कार्यक्रम** विनोद सुल्तानपुरी ने कहा, सरकार अनेक कल्याणकारी योजनाएं कर रही कार्यान्वित

# 150 लाभार्थियों को दी 25 लाख की सहायता

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा सोलन जिले के कसौली विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरिपुर में बोर्ड की विभिन्न योजनाओं के विषय में लोगों को जागरूक करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित होकर बोर्ड की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में कसौली विधानसभा क्षेत्र के लगभग 150 पंजीकृत लाभार्थियों को विभिन्न कल्याण योजनाओं के तहत 25 लाख रुपए की सहायता प्रदान की गई। यह सहायता छात्रवृत्ति, विवाह अनुदान, आवास अनुदान आदि के तहत कामगारों एवं उनके परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य के साथ प्रदान की गई। कसौली के विधायक



फोटो- कार्यक्रम में उपस्थित विधायक सुल्तानपुरी और बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर।

विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं कार्यान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड की योजनाएं पात्र श्रमिकों को समयबद्ध लाभ प्रदान करने में सहायक सिद्ध हो रही हैं। विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि प्रदेश सरकार जन-जन की समस्याओं का समयबद्ध निवारण करने के लिए प्रयासरत है और मुख्यमंत्री सुक्खू के ऊर्जावान नेतृत्व में संतुलित विकास सुनिश्चित बनाया जा रहा है। विधायक ने लोगों से आग्रह किया कि प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनसे लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि जिला स्तर, उपमंडल स्तर, खंड स्तर तथा ग्राम स्तर तक योजनाओं की जानकारी उपलब्ध है और लोगों को इनका लाभ उठाना चाहिए। हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू आत्मनिर्भर हिमाचल के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं और उनके नेतृत्व में यह सुनिश्चित बनाया जा रहा है कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं पात्र लोगों को समय पर लाभान्वित कर सकें। उन्होंने कहा कि इस जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य पात्र निर्माण श्रमिकों को बोर्ड द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं से जोड़ना है, ताकि पात्र लाभ प्राप्त करने से वंचित न रहे। भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार की 14 योजनाएं महत्वपूर्ण सिद्ध हो रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से पात्र व्यक्तियों के जीवन स्तर पर आशातीत सुधार लाने और उन्हें सम्मान के साथ जीने का अधिकार प्रदान करने में सहायता मिल रही है। बोर्ड द्वारा पंजीकृत एकल महिलाओं, विधवाओं, परित्यक्त महिलाओं तथा दिव्यांग महिला लाभार्थियों को पक्के घरों के निर्माण के लिए 3 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। उन्होंने प्लंबर, बिजली का कार्य, फिटिंग, चिनाई, बढ़ई एवं अन्य भवन तथा निर्माण कार्यों में संलग्न श्रमिकों से कल्याण बोर्ड के साथ अपना पंजीकृत करने का आग्रह किया।

# कसौली, धर्मपुर में गर्मियों से पहले ही पानी की भारी किल्लत : शैलेंद्र

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भाजपा सोलन शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र ने कांग्रेस सरकार की नीतियों और प्रशासनिक विफलताओं पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए तैयार की गई 104 करोड़ की बहुप्रतीक्षित पेयजल योजना को लेकर कहा कि यह योजना भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत हुई थी।



योजना के अंतर्गत कसौली, कुमारहट्टी, धर्मपुर और आसपास की लगभग 43 जलापूर्ति योजनाओं ऑग्मेंटेशन (विस्तार) जोड़ा जाना था, जिससे इन क्षेत्रों में प्रतिदिन करीब 50 लाख लीटर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। शैलेंद्र के अनुसार, यह योजना केवल एक तकनीकी परियोजना नहीं, बल्कि इलाके की जनता के जीवन से जुड़ा हुआ आधारभूत मुद्दा है। भाजपा के शासनकाल में इसके लिए तेजी से काम हुआ, लेकिन कांग्रेस की मौजूदा सरकार पिछले ढाई वर्षों से इसका शेष 20 फीसदी कार्य भी नहीं करवा सकी। उन्होंने कहा कि अगर यह योजना समय पर पूरी हो जाती, तो आज कसौली, धर्मपुर, कुमारहट्टी सहित कई पंचायतों को लगातार जल संकट का सामना नहीं करना पड़ता। उन्होंने उदाहरण दिया कि आज भी पानी की आपूर्ति हर तीसरे-चौथे दिन हो पा रही है, जबकि गर्मियों की असली शुरुआत अभी हुई नहीं है, जब तापमान और बढ़ेगा, तब संकट और विकराल रूप ले सकता है। शैलेंद्र ने कांग्रेस के सोलन जिला मंत्री धनीराम शांडिल और कसौली के विधायक, जो दोनों सत्ताधारी पार्टी से संबंधित हैं, उनपर आरोप लगाते हुए कहा कि वे जनसेवा के बजाय केवल राजनीतिक प्रदर्शन और सत्ता सुख में लिप्त हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को न तो जनता की असली समस्याओं का एहसास है, न ही वे भूमिगत परियोजनाओं के क्रियान्वयन में कोई रुचि दिखा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### रक्तदान से बच सकती है जरूरतमंद की जान



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** स्व. जतिंद्र मित्तल की स्मृति में उनके अभिभावकों द्वारा सेक्टर 45 स्थित सामुदायिक केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने भाग लिया। इस दौरान उनके साथ उनकी पौती मिराया टंडन ने भी इसमें भाग लिया और सभी रक्तदानियों का हौसला बढ़ाया। संजय टंडन ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होती। इसको वर्ष में तो कम से कम हम सभी लोगों को दान करना ही चाहिए ताकि हमारे रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जान को बचाया जा सके।

### मेयर ने डिज्नीलैंड कार्निवाल का किया दौरा



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम की मेयर हरप्रीत कौर बबला और चंडीगढ़ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जतिंदर मल्होत्रा ने आज सेक्टर 34 एग्जीबिशन ग्राउंड में चल रहे डिज्नीलैंड कार्निवाल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कार्निवाल प्रबंधन द्वारा मेले में किए गए इंतजाम और झूलों की सुरक्षा का भी निरीक्षण किया। मेयर हरप्रीत कौर बबला और चंडीगढ़ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र मल्होत्रा ने इस अवसर पर उन्होंने डिज्नीलैंड कार्निवाल प्रबंधन जिंदल इवेंट्स की सराहना की कि इस भागदौड़ भरी जिंदगी में फुर्सत के पल गुजारने के लिए ट्राईवासियों के लिए कार्निवाल का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्निवाल हमे हमारी संस्कृति से जोड़ते हैं। मेलों का आयोजन दशकों से होता चला आ रहा है। यह अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत ही फायदेमंद साबित होते है, यह उन्हें हमारी परंपरागत मेला संस्कृति से अवगत करवाते हैं। डिज्नीलैंड कार्निवाल प्रबंधन जिंदल इवेंट्स संचालक बिपन जिंदल ने कार्निवाल में विजिट करने पर मेयर हरप्रीत कौर बबला और चंडीगढ़ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जतिंदर मल्होत्रा का आभार जताया।

### एमसीएम ने नव उद्यमियों को दिया प्रशिक्षण



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय, चंडीगढ़ के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर विभाग ने 'रेजिंग कैपिटल एंड मैनेजिंग फाइनेंस फॉर स्टार्टअप्स' विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को स्टार्टअप्स की वित्तीय चुनौतियों से निपटने हेतु आवश्यक ज्ञान एवं कौशल प्रदान करना था। कार्यशाला में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए। इस कार्यशाला में हिटबुल्सआई के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक हिरदेश मदान, प्रोफ्ट्रेन मेंटर्स एंड प्रोफ्यूचरिस्टिक डॉट कॉम के संस्थापक एवं सीईओ कमलजीत सिंह तथा एसबीआई क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ में पूर्व एजीएम एवं वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता जोगिंद्र सिंह भूटानी बतौर विषय विशेषज्ञ शामिल हुए।

### जापान की सीमा में घुसा चीन का हेलिकॉप्टर

**एजेंसी, टोक्यो।** जापान ने चीन के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया है, क्योंकि एक चीनी तटरक्षक जहाज से उड़ान भरने वाले हेलिकॉप्टर ने जापान की हवाई सीमा में प्रवेश किया। इसके अलावा, चार चीनी जहाज विवादित सेनकाकू द्वीपों के पास जापानी जल सीमा में घुस आए। यह जानकारी जापानी सरकारी मीडिया ने दी। चीन भी इन द्वीपों पर दावा करता है और उन्हें 'डियाओयू' कहता है। जापान की समाचार एजेंसी 'क्योदो' ने बताया कि यह घटना शनिवार को हुई और यह इस तरह की चौथी घुसपैठ है। जापानी तटरक्षक बल के मुताबिक, दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर एक चीनी तटरक्षक जहाज से हेलिकॉप्टर को उड़ान भरते देखा गया। यह हेलिकॉप्टर 15 मिनट तक जापानी हवाई सीमा में घूमता रहा। इसके बाद जापान की वायु सेना ने दो लड़ाकू विमान भेजे। (अनंत ज्ञान)

### ब्रिटेन पुलिस ने ईरान के संदिग्ध लोग पकड़े

**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन के आतंक रोधी बल ने ईरान के कई लोगों को गिरफ्तार किया है। दावा है कि ये लोग ब्रिटेन में आतंकी हमले की साजिश रच रहे थे। हालांकि पुलिस ने अभी इस मामले में ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया है। पुलिस के अनुसार, खुफिया सूचना के आधार पर ये गिरफ्तारियां की गई हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए पांच लोगों की उम्र 29 साल से लेकर 46 साल के बीच है। चार की पहचान ईरानी नागरिकों के तौर पर हुई है। वहीं पांचवें की नागरिकता की जांच चल रही है। पुलिस ने पांचों को इंग्लैंड के अलग-अलग ठिकानों से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि इनके अलावा तीन और ईरानी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। इन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हिरासत में लिया गया है। सभी संदिग्धों से पूछताछ चल रही है, लेकिन अभी किसी पर भी आरोप तय नहीं किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### नीट अभ्यर्थियों को ठगने के आरोप में चार काबू

**एजेंसी, गुवाहाटी।** ओडिशा में पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए नीट अभ्यर्थियों को ठगने पर एक अंतरराज्यीय गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त एसबी सिंह ने बताया कि ओडिशा के दो लोगों सहित चार लोगों को शनिवार को भुवनेश्वर विशेष अपराध इकाई ने गिरफ्तार किया। गिरोह मेडिकल कॉलेजों में दाखिले का वादा करके उम्मीदवारों से पैसे लेता था वह फर्जी उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठाने वाला था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चार लोगों की पहचान झारखंड के प्रियदर्शी कुमार, बिहार के अरविंद कुमार तथा ओडिशा के सुनील सामंत्रे और रुद्र नारायण बेहरा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इस काम में स्थानीय जासूस शामिल थे, जो आधार कार्ड सहित नीट उम्मीदवारों के विवरण प्राप्त करते थे, जिससे उनका पंजीकरण आसान हो जाता था। एक बार एडमिट कार्ड प्राप्त हो जाने के बाद उन्हें बिहार में गुर्गों को सौंप दिया जाता था। प्रॉक्सी उम्मीदवार एडमिट कार्ड के विवरण में हेरफेर करके नीट परीक्षा देते हैं। गिरोह प्रति अभ्यर्थी 20 से 30 लाख रुपए वसूल रहा था। (अनंत ज्ञान)

# हरियाणा में पेयजल संकट से टैंकर माफिया हावी : सुरजेवाला

## भाखड़ा से पंजाब पुलिस को हटाकर सीआईएसएफ को सौंपें सुरक्षा

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला ने पेयजल संकट पर सरकार को घेरते हुए कहा है कि प्रदेश में जल संकट के कारण टैंकर माफिया हावी हो गया है। एक-एक दिन बीत रहा है कि हरियाणा व पंजाब के मुख्यमंत्री केवल बयानबाजी व पत्र लिखने में लगे हुए हैं और केंद्र सरकार इस मामले में हस्तक्षेप नहीं कर रही है।

रविवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत के दौरान रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि पंजाब की ओर से कम पानी दिए जाने के कारण कैथल, कुरुक्षेत्र, जींद, फतेहाबाद, सिरसा, भिवानी, दादरी, रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ में गंभीर जल संकट है। भीषण गर्मी में गांव के तालाब भी लगभग सूख गए हैं और मवेशी प्यासे मरने की कगार पर खड़े हैं। पूरे प्रदेश में टैंकर माफिया हावी है और एक हजार रुपए प्रति टैंकर के हिसाब से वसूली हो रही है। उन्होंने कहा कि 15 मई से पहले कपास की फसल-नरमा की बिजाई होनी चाहिए। विशेषया हरियाणा के 'कॉटन बाउल', सिरसा, हिसार व फतेहाबाद, जहां पांच लाख हेक्टेयर नरमा की बुआई होती है, वह गंभीर संकट में है। सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा में जल संकट रोजाना गहराता जा रहा है और केंद्र सरकार इस मामले में अभी तक चुप है। बीबीएमबी केंद्र की परियोजना होने के बावजद केंद्रीय ऊर्जा मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

डैम की सुरक्षा और नियंत्रण की जिम्मेदारी भारत सरकार की है। बीती एक मई से भाखड़ा डैम पर पंजाब पुलिस का कब्जा है। उसे हटवाने के लिए केंद्र सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की है। भाखड़ा डैम केंद्र के अधीन आता है तो वहां आज तक सीआईएसएफ की सुरक्षा क्यों तैनात नहीं की गई। सुरजेवाला ने संविधान की धारा 257 का हवाला देते हुए कहा कि इसके तहत प्रधानमंत्री इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए पंजाब को तुरंत प्रभाव से पानी जारी करने के आदेश दे सकते हैं। केंद्र सरकार बिना किसी देरी के दोनो राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाए। (अनंत ज्ञान)

# 'संविधान सभा' कार्यक्रम कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रव्यापी पहल का हिस्सा



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

कांग्रेस ने संविधान और सामाजिक न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए सेक्टर 32 और इंदिरा कॉलोनी में दो 'संविधान सभा' कार्यक्रम आयोजित किए

चंडीगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी शहरी 3 और इंदिरा कॉलोनी की ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने आज सेक्टर 32 और मनीमाजरा के इंदिरा कॉलोनी में दो महत्वपूर्ण संविधानसभा कार्यक्रम आयोजित किए। ये सभाएं संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने और समावेशी शासन की वकालत करने के लिए कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रव्यापी पहल का हिस्सा थीं।

चंडीगढ़ से वरिष्ठ कांग्रेस नेता और सांसद मनीष तिवारी ने चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एचएस लक्की के साथ दोनों स्थानों पर बड़ी सभाओं को संबोधित किया। नेताओं ने संविधान को प्रणालीगत क्षरण से बचाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया और सामाजिक न्याय और समानता के प्रति कांग्रेस पार्टी की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की। सेक्टर 32 में मनीष तिवारी ने कहा कि संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है।

राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ही है जो यह सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास कर रही है कि प्रत्येक नागरिक-विशेष रूप से हाशिए पर पड़े लोगों के अधिकारों की रक्षा की जाए और उन्हें आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने जाति आधारित जनगणना के लिए पार्टी के हालिया प्रयास पर भी प्रकाश डाला और इसे 'ऐतिहासिक सुधारात्मक उपाय' बताया, जो संसाधनों के समान वितरण के लिए डेटा-संचालित नीतियां बनाने में मदद करेगा। इस अवसर पर विपोनजोत अमन, साहिल चंवर, पंकज, विक्टर सिद्धू, बलविंदर कौर, बीएम खन्ना आदि शामिल थे।

# गोपाल ने राजगढ़ में खोला अपना 22वां स्वीट शॉप एवं रेस्टोरेंट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



राजगढ़ ने अपने नए शुभारंभ करने से पहले बुधवार को कश्मीर के पहलगाम की बैसारन घाटी में 22 अप्रैल 2025 मंगलवार को हुए आतंकी हमले में मृत पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। सभी ने दो मिनट का मौन रख, दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

पिछले 6 दशक से मिठाइयों और स्नैक्स में अपनी एक विशेष पहचान बना चुके गोपाल ने खाने पीने के शौकीन लोगों की सेवा करते हुए नए आउटलेट की शुरुआत की है। यह नया रेस्टोरेंट आउटलेट कुराली में खुला है और यह गोपाल का 22वां आउटलेट है। नए खुले इस स्वीट शॉप एवं रेस्टोरेंट का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मिनिस्टर लाल सिंह ने किया। इस अवसर पर गोपाल परिवार प्रबंधन और अन्य लोग उपस्थित थे।

उद्घाटन अवसर पर गोपाल परिवार ने कहा कि हम राजगढ़ में अपने नवीनतम स्वीट शॉप एवं रेस्तरां के लॉन्च की घोषणा करते हुए उत्साहित और प्रसन्न हैं। जिससे राजगढ़ में हमारी विरासत और उपस्थिति का विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि यह लोगों का गोपाल के प्रोडक्ट्स के स्वाद पर भरोसा और प्यार है, जो हमारे विस्तार का आधार बना है। उनकी हमारे प्रोडक्ट्स के प्रति विश्वनीयता और पसंद हमे आगे बढ़ने के प्रोत्साहित करती रहती है। उन्होंने कहा कि सर्दियों के मौसम में गोपाल इसी दिशा में गुड़ की स्वीट्स पर भी फोकस करेगा और गूड की मिठाइयां पेश करेगा।

# जुलाना में डिवाइडर से टकराई कार, एक की मौत, तीन घायल

**अनंत ज्ञान, जींद।** जुलाना क्षेत्र के गांव पौली के पास एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। कार में सवार एक युवक की मौत हो गई वहीं, तीन लोग घायल हो गए। इसकी सूचना जुलाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत के आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रविवार को अकालगढ़ गांव निवासी अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार की रात उसका भाई विनोद और मुडलाना निवासी संदीप, सुनारिया गांव निवासी मनोत और उसके ताऊ का लड़का संदीप कार में सवार होकर गांव से रोहतक की ओर जा रहे थे। जब वह पौली गांव के पास पहुंचे तो एक अज्ञात कार चालक ने उनकी कार के आगे कट मार दिया जिससे उनकी कार अंनियंत्रित हो गई। कार को सुनारिया निवासी विनोद चला रहा था। दुर्घटना में चारों को गंभीर चोटें आई हुई थी।

# फाउंडेशन ने अब तक 3003 मासिक राशन किट का किया वितरण : टंडन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



बलरामजी दास टंडन चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा शुरू किए गए विधवा मासिक राशन वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को चंडीगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाली 58 विधवा महिलाओं को मासिक राशन उपलब्ध करवाया। इस किट में पूरे घर का सभी प्रकार का राशन उपलब्ध करवाया जा रहा है, ताकि गरीब विधवाओं के घरों का चूल्हा जलता रहे और उस पर आश्रित सदस्यगण भरपेट पौष्टिक आहार प्राप्त कर सके।

कार्यक्रम में संस्था के चेयरमैन संजय टंडन ने बताया कि उन्होंने अपने पिता स्व बलरामजी दास टंडन की स्मृति में इस योजना को शुरू किया था, जिसके अंतर्गत अभी तक प्रति माह 3003 मासिक राशन वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि उनके पिता ने अपने जीवनकाल में अनेकों संस्थाओं, गरीब महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और असहाय लोगों के लिए सदैव अपनी नेक कमाई से दान किया करते थे। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गत 65 महीनों से लगातार संस्था द्वारा गरीब विधवाओं को एक माह का लगभग सारा प्रयोग होने वाला जरूरत का सामान उसमें डाल कर उनको उपलब्ध करवाया जा रहा है। इतना ही नहीं कोरोना काल के दौरान तो इस प्रकार की राशन किट, दवाइयां आदि वितरित किए जा चुके हैं।

## देश-विदेश

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस केएम जोसेफ बोले-

# सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति-राज्यपाल के लिए फैसले लेने की समयसीमा तय करके गलत नहीं किया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए विधेयकों पर निर्णय लेने की समयसीमा तय करके सुप्रीम कोर्ट ने कुछ भी गलत नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला लोकतंत्र और संघवाद को बढ़ावा देगा। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस केएम जोसेफ ने यह बयान दिया है। पूर्व जस्टिस जोसेफ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में केंद्रीय और राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने के लिए राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए 3 महीने की समयसीमा निर्धारित की थी।

यह आदेश देकर सुप्रीम कोर्ट ने कुछ गलत नहीं किया है। यह फैसला बिल्कुल उचित है, क्योंकि यह लोकतंत्र और संघवाद को बढ़ावा देगा। (अनंत ज्ञान)

### राज्यपाल की भूमिका सीमित

**पूर्व** जस्टिस जोसेफ शनिवार को कोच्चि में अखिल भारतीय अधिवक्ता संघ की राज्य समिति द्वारा आयोजित सेमिनार में बोल रहे थे। इस सेमिनार की थीम 'राज्यपालों की शक्तियों के मामले में न्यायपालिका की भूमिका' थी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जब कोई विधेयक राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेजा जाता है तो राज्यपाल की भूमिका बहुत सीमित होती है। राज्यपाल राज्य और केंद्र के बीच अहम कड़ी हो सकते हैं, लेकिन राज्यपाल केंद्र के कर्मचारी, एजेंट या प्रतिनिधि के रूप में कार्य नहीं कर सकते।

## अमेरिका : पार्टी में हुई गोलीबारी में 1 की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के ह्यूस्टन में रविवार तड़के एक पारिवारिक पार्टी में हुई गोलीबारी की घटना में कम से कम 14 लोग घायल हो गए। जिनमें से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। यह जानकारी ह्यूस्टन पुलिस विभाग ने दी है। ह्यूस्टन पुलिस की सहायक प्रमुख पेट्रीशिया कैंटू ने एक प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि पुलिस को रविवार तड़के लगभग 12:50 बजे दक्षिण-पूर्व ह्यूस्टन के चेरी हिल इलाके के 6000 ब्लॉक में गोलीबारी की जानकारी मिली थी। पुलिस जब मौके पर पहुंची, तो घर के आस-पास कई घायल लोग मिले। कैंटू के अनुसार, गोलीबारी की यह घटना एक पारिवारिक पार्टी में हुई। (अनंत ज्ञान)

# आंध्र में एनएच पर टकराए कई वाहन, पांच की मौत



आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर आपस में टकराईं गाड़ियां।

**एजेंसी, विशाखापत्तनम**

आंध्र प्रदेश में रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। यह हादसा किसी एक वाहन के साथ नहीं हुआ, बल्कि कई वाहन एक के बाद एक दूसरे से टकराए, जिनमें पांच लोगों की मौत हो गई।

**ओंगोल के पास सुबह 5 बजे हुई पहली दुर्घटना उसके बाद कई हादसे हुए**

पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह ओंगोल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर पहली दुर्घटना सुबह करीब 4:50 बजे हुई। जहां टायर पंक्चर होने के कारण लेन 1 पर खड़े ट्रक को पोल्ट्री वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे चालक और दो क्लीनर की मौत हो गई। इसके तुरंत बाद एक वाहन ने पोल्ट्री वाहन को टक्कर मार दी, जिससे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना के कारण एक किलोमीटर से अधिक लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। ट्रैफिक जाम के कारण, अमरावती से तिरुपति जा रही एक कार ने एक खड़े ट्रक को टक्कर मार दी, जिसमें गुंटूर जिले के छह यात्री सवार थे। एक दूसरे ट्रक ने पीछे से कार को टक्कर मार दी, जिससे कार दो भारी वाहनों के बीच में फंस गई। इसके चलते दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस उपाधीक्षक श्रीनिवास ने कहा, 'यह पूरा घटनाक्रम 15-20 मिनट के भीतर हुआ। हमें संदेह है कि ट्रक चालक लापरवाही से गाड़ी चला रहे थे और सड़क पर उचित रोशनी और लेन मार्किंग की कमी थी। जिसके चलते हादसा हुआ।' ट्रक चालकों को हिरासत में ले लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# यमन ने इसराइली एयरपोर्ट पर दागी मिसाइल

## हमले के बाद कई उड़ानें बाधित, तेल अवीव जा रही एयर इंडिया की उड़ान डायवर्ट

**एजेंसी, तेल अवीव**



यमन के हूती विद्रोहियों की तरफ से छोड़े गए एक मिसाइल ने रविवार को इसराइल के मुख्य हवाई अड्डे बेन-गुरियन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हड़कंप मचा दिया। इस हमले के बाद हवाई, सड़क और रेल यातायात को कुछ समय के लिए रोक दिया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मिसाइल गिरने के बाद एयरपोर्ट के पास धुएं का गुबार देखा गया और यात्री डर के मारे इधर-उधर भागते दिखे। मिसाइल एयरपोर्ट के पास एक खाली मैदान में गिरी, जिससे जमीन में बड़ा गड्ढा बन गया। हालांकि, इसराइली एयर डिफेंस सिस्टम ने इसे रोकने की कोशिश की थी। हमले के बाद करीब एक घंटे बाद हवाई और सड़क यातायात फिर से शुरू हुआ।

इस हमले में चार लोग हल्के रूप से घायल हुए हैं। इस मिसाइल हमले के कारण एयर इंडिया की फ्लाइट को अबू धाबी की ओर मोड़ दिया गया। जानकारी के मुताबिक, विमान संख्या एआई 139 दिल्ली से इसराइल की राजधानी तेल अवीव जा रहा था। हुंचाएंगे।

# महिलाओं पर टिप्पणी कर घिरे असम के मुख्यमंत्री हिमंत सरमा

## महिला कांग्रेस ने खोला मोर्चा, कहा- टिप्पणी के लिए माफी मांगें सीएम

**एजेंसी, गुवाहाटी**



असम पंचायत चुनाव के दौरान महिलाओं को लेकर की गई टिप्पणी पर सीएम हिमंत बिस्व सरमा घिर गए हैं। रविवार को असम कांग्रेस की महिला शाखा ने मुख्यमंत्री के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया।

उन्होंने कहा कि जब तक सरमा माफी नहीं मांग लेते, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। सरमा ने कहा था कि असम में कांग्रेस के शासन के दौरान महिलाओं ने सरकारी नौकरी पाने के लिए गलत रास्ता अपनाया। असम प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मीरा बोरठाकुर गोस्वामी ने कहा कि एक मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं के खिलाफ इस तरह की अपमानजनक टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्हें माफी मांगनी चाहिए क्योंकि उन्होंने आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ता से लेकर शीर्ष नौकरशाह तक सरकारी नौकरियों में सभी महिलाओं का अपमान किया है।

गोस्वामी ने कहा कि असम इकाई ने राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) को पत्र लिखकर सरमा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इसी तरह की शिकायतें सोमवार को सभी पूर्वोत्तर राज्यों के संबंधित राज्य महिला आयोगों के समक्ष दर्ज कराई जाएंगी। हमें उम्मीद है कि राष्ट्रीय महिला आयोग और राज्य महिला आयोग शिकायत दर्ज करेंगे और मामले को सीबीआई जांच के लिए भेजेंगे। (अनंत ज्ञान)

## जानकारी

वित्तीय संस्थानों में अनुपालन को आसान करना है केंद्रीय केवाईसी का उद्देश्य : पांडे

# केवाईसी सिस्टम को किया जा रहा केंद्रीकृत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सेबी अध्यक्ष बोले बहुत प्रभावी रहेगी नई व्यवस्था**

बाजार नियामक संस्था सेबी, केंद्रीय वित्त मंत्रालय और अन्य बाजार नियामकों के साथ मिलकर केवाईसी सिस्टम को केंद्रीकृत करने की दिशा में काम कर रहा है। सेबी अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे ने यह जानकारी दी।

केंद्रीय केवाईसी एक ऑनलाइन डेटाबेस है, जो ग्राहकों के केवाईसी रिकॉर्ड को केंद्रीकृत तरीके से रखता है, जिसका उद्देश्य वित्तीय संस्थानों में अनुपालन को आसान करना है। (अनंत ज्ञान)

### वित्त मंत्री ने बजट भाषण में किया था ऐलान



**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में घोषणा की कि 2025 में एक नया, संशोधित केंद्रीय अपने ग्राहक को जानो रजिस्ट्री शुरू की जाएगी। इसके बाद, अप्रैल में, वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने केंद्रीय चड्ढष्ट रिकॉर्ड रजिस्ट्री के पुनर्गठन पर चर्चा करने और वित्तीय सेवाओं तक आसान पहुंच की सुविधा के लिए केवाईसी अनुपालन से संबंधित प्रमुख मुद्दों को संबोधित करने के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। पांडे ने बताया कि अनधिकृत सलाहकार सेवाओं का पता लगाने के लिए ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म की निरंतर निगरानी की जा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ सहयोग के माध्यम से सेबी ने 70,000 से अधिक धोखाधड़ी वाले निवेश हैंडल और भ्रामक पोस्ट को सफलतापूर्वक हटाया है। उन्होंने एआई के अंतर्निहित जोखिमों के बारे में भी चेतावनी दी।

### जल्द पूरा होगा काम

**सेबी** अध्यक्ष ने बताया कि केंद्रीकृत केवाईसी सिस्टम बनाने के लिए काम कर रही समिति की अध्यक्षता वित्त सचिव कर रहे हैं और प्रक्रिया को तेज करने की कोशिश हो रही है। हालांकि उन्होंने इसकी कोई समयसीमा तय नहीं की, लेकिन कहा कि ये जल्द हो जाना चाहिए। उन्होंने केंद्रीकृत केवाईसी सिस्टम की खूबी बताते हुए कहा कि यह व्यवस्था बहुत प्रभावी रहेगी, जहां एक जगह केवाईसी होगी और वो सभी जगह अपने आप हो जाएगी। तुहिन कांत पांडे ने यह सिर्फ ऐसा नहीं है कि केवाईसी अपलोड हो जाएगी, बल्कि इसकी वैधता की पूरी जांच होगी।

# श्रीनगर एयरपोर्ट से हज यात्रियों का पहला जत्था रवाना

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से केंद्र शासित प्रदेश के पहले हज जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपराज्यपाल ने इस दौरान यात्रियों से संवाद किया और उन्हें यात्रा के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी यात्रियों की सुरक्षित यात्रा और आध्यात्मिक रूप से पूर्ण हज की कामना की। उपराज्यपाल ने कहा, 'मैं पवित्र हज यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। दिव्य हज यात्रा सर्वशक्तिमान का बुलावा है और लोगों का जीवन भर से संजोया सपना भी। केंद्र सरकार तीर्थयात्रियों और उनकी पवित्र तीर्थयात्रा के कल्याण के लिए सर्वोत्तम संभव व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।' (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड



ऑरेंज कैप
**विराट कोहली**
505



पर्पल कैप
**प्रसिद्ध कृष्णा**
19



सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
34

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बेंगलुरु | 11 | 08 | 03 | 00 | 16 |
| 2. | मुंबई | 11 | 07 | 04 | 00 | 14 |
| 3. | गुजरात | 10 | 07 | 03 | 00 | 14 |
| 4. | पंजाब | 10 | 06 | 03 | 01 | 13 |
| 5. | दिल्ली | 10 | 06 | 04 | 00 | 12 |
| 6. | लखनऊ | 10 | 05 | 05 | 00 | 10 |
| 7. | कोलकाता | 10 | 04 | 05 | 01 | 09 |
| 8. | राजस्थान | 11 | 03 | 08 | 00 | 06 |
| 9. | हैदराबाद | 10 | 03 | 07 | 00 | 06 |
| 10. | चेन्नई | 11 | 02 | 09 | 00 | 04 |

## आईपीएल | रियान पराग ने लगातार 6 बॉल पर लगाए 6 छक्के

# कोलकाता ने राजस्थान को एक रन से हराया

**एजेंसी, कोलकाता**

कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के 53वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स पर एक रन की रोमांचक जीत दर्ज की है। इसी के साथ टीम ने प्लेऑफ की उम्मीदें कायम रखी हैं।

कोलकाता ने अपने घरेलू मैदान पर टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 206 रन बनाए। जवाब में राजस्थान 20 विकेट में 7 विकेट पर 205 रन बना सकी। टीम को जीत के लिए आखिरी बॉल पर 3 रनों की जरूरत थी, लेकिन शुभम दुबे 2 रन ही बना सके। नॉन स्ट्राइक पर खड़े जोफ्रा आर्चर रनआउट हो गए। राजस्थान की ओर से कप्तान रियान पराग ने 45 बॉल पर 95 रन बनाए। उन्होंने लगातार 6 बॉल पर 6 छक्के लगाए। रियान ने मोइन अली के ओवर में 5 और वरुण चक्रवर्ती के ओवर में छठा छक्का लगाया। वे आईपीएल इतिहास में लगातार 6 बॉल पर 6 छक्के लगाने वाले पहले बैटर बने। पराग के अलावा, यशस्वी जायसवाल ने 34, शिमरोन हेटमायर ने 29 रन और शुभम दुबे ने नाबाद 25 रन बनाए। मोइन अली, हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती को 2-2 विकेट मिले। कोलकाता से आंद्रे रसेल 25 बॉल पर 57 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने 6 छक्के और 4 चौके मारे। रिंकू सिंह 6 बॉल पर 19 रन बनाकर नाबाद रहे। इन दोनों के अलावा, अंगकृष रघुवंशी ने 44, रहमनुल्लाह गुरबाज ने 35 और कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 30 रन का योगदान दिया। जोफ्रा आर्चर, युद्धवीर सिंह, महीश तीक्षणा और कप्तान रियान पराग को एक-एक विकेट मिला। (अनंत ज्ञान)



शॉट खेलता यशस्वी जायसवाल और रियान पराग।

## स्कोर बोर्ड

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| गुरबाज क. हेटमायर ब. तीक्षणा | 35 | 25 | 4/1 |
| नरेन ब. युद्धवीर सिंह | 11 | 09 | 1/1 |
| रहाणे क. जुरेल ब. पराग | 30 | 24 | 1/2 |
| रघुवंशी क. अशोक ब. आर्चर | 44 | 31 | 5/0 |
| रसेल (नाबाद) | 57 | 25 | 4/6 |
| रिंकू सिंह (नाबाद) | 19 | 25 | 1/2 |
| **अतिरिक्त** | 10 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | **206/4** | | |

**विकेट पतन** : 1-13, 2-60, 3-111, 4-172.
**गेंदबाजी** : आर्चर 4-0-30-1, युद्धवीर 2-0-26-1, तीक्षणा 4-0-41-1, आकाश 3-0-50-0, हसरंगा 4-0-35-0, पराग 3-0-21-1.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल क. ब. | 00 | 00 | 0/0 |
| सूर्यवंशी क. रहाणे ब. अरोड़ा | 04 | 02 | 1/0 |
| कुनाल क. रसेल ब. अली | 00 | 05 | 0/0 |
| पराग क. अरोड़ा ब. राणा | 95 | 45 | 6/3 |
| जुरेल ब. वरुण | 00 | 01 | 0/0 |
| हसरंगा ब. वरुण | 02 | 00 | 0/0 |
| हेटमायर क. नरेन ब. राणा | 29 | 23 | 1/1 |
| दुबे (नाबाद) | 25 | 14 | 1/2 |
| आर्चर रनआउट | 12 | 08 | 1/0 |
| **अतिरिक्त** | 06 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | **205/8** | | |

**विकेट पतन** : 1-5, 2-8, 3-66, 4-71, 5-71, 6-163, 7-173, 8-205.
**गेंदबाजी** : अरोड़ा 0-0-0-0, अली 3-0-43-2, राणा 4-0-41-2, वरुण 4-0-32-2, नरेन 4-0-27-0, रसेल 1-0-11.

# चोटिल मैक्सवेल की जगह खेलेंगे ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिच ओवेन

**एजेंसी, मुल्लांपुर**



पंजाब किंग्स ने चोटिल ग्लेन मैक्सवेल की जगह ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिच ओवेन को टीम में शामिल किया है। मैक्सवेल अंगुली में फ्रेक्चर के कारण आईपीएल के बाकी बचे सत्र से बाहर हो गए हैं। इस साल आईपीएल में ऑस्ट्रेलिया के मैक्सवेल का प्रदर्शन काफी खराब रहा और वह सात मैच में केवल 48 रन ही बना सके जिसमें से छह बार वह दोहरे अंक में भी पहुंचने में नाकाम रहे।

मैक्सवेल को 26 अप्रैल को ईडन गार्डंस में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बारिश के कारण रद्द हुए मैच के दौरान चोट लगी थी जिसमें वह सात रन बनाकर आउट हो गए थे। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अगले मैच में उनकी जगह सूर्यांश शेडगे को एकादश में शामिल किया गया था। यह मैच पंजाब किंग्स ने चार विकेट से जीत लिया था। आईपीएल ने बयान में कहा, ''पंजाब किंग्स ने ग्लेन मैक्सवेल की जगह ऑलराउंडर मिच ओवेन को टीम में शामिल किया है। मैक्सवेल अंगुली में फ्रेक्चर के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के बाकी बचे मुकाबलों से बाहर हो गए हैं।'' दाएं हाथ के बल्लेबाज और दाएं हाथ के तेज गेंदबाज 23 वर्षीय ओवेन ने 14 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं और वे श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली फ्रेंचाइजी से तीन करोड़ रुपए में जुड़ेंगे। (अनंत ज्ञान)

# प्रभसिमरन ने लखनऊ के गेंदबाजों को खूब धोया

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

आईपीएल का 54वां मैच पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में खेला गया। लखनऊ ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। पंजाब में मार्कस स्टोयनिस की वापसी हुई है। पहले बल्लेबाजी करने आए पंजाब किंग्स के ओपनर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने लखनऊ के गेंदबाजों की खूब धुनाई की, लेकिन प्रियांश आर्य कुछ खास नहीं कर पाए और 4 गेदों में सिर्फ एक रन बनाकर चलते बने, उन्हें आकाश सिंह ने मयंक के हाथों कैच करवाया। उसके बाद बैटिंग करने आए जोश इंग्लिस ने थोड़ी देर पारी को संभाला और वह भी 14 गेंदों में 30 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें भी आकाश ने मिलर के हाथों कैच करवाया। कप्तान श्रेयर अय्यर ने प्रभसिमरन के साथ पारी को संभाला। समाचार लिखे जाने तक पंजाब किंग्स ने 12 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 122 रन बना लिए थे। प्रभसिमरन सिंह (50) और श्रेयस अय्यर (39) रन बनाकर खेल रहे थे। (अनंत ज्ञान)



शॉट खेलता जोश इंग्लिस और प्रभसिमरन सिंह।

## स्पोर्ट्स विंडो

### लाहिड़ी 45वें स्थान पर, डेचैम्ब्यू ने दर्ज की सत्र की पहली जीत

**एजेंसी, इंचियोन (कोरिया)।** भारतीय खिलाड़ी अनिर्बान लाहिड़ी ने रविवार को यहां अंतिम दौर में इवन पार 72 का स्कोर बनाया और इस तरह से वह लिव गोल्फ कोरिया में संयुक्त 45वें स्थान पर रहे। लाहिड़ी का कुल स्कोर तीन ओवर का रहा। उन्होंने तीन दौर के इस टूर्नामेंट में 68, 79 और 72 का कार्ड खेला। यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि, उस टीम क्रशर्स का हिस्सा था, जिसने टीम चैंपियनशिप जीती। इस टीम का नेतृत्व अमेरिका के ब्रायसन डीचैम्ब्यू ने किया था जो व्यक्तिगत खिताब भी जीतने में सफल रहे। डेचैम्ब्यू ने अंतिम दिन की शुरुआत चार शॉट की बढ़त के साथ करते हुए दोहरी सफलता हासिल की। उन्होंने तीन दिन में 65, 66 और 66 का कार्ड खेला। (अनंत ज्ञान)



### थिलाक्षी गमागे ग्लैमरस अंदाज में

**श्रीलंका।** क्रिकेटर सदीरा समरविक्रमा अकसर अपनी पत्नी की तस्वीरें सोशन मीडिया पर शेयर करते रहते हैं। सदीरा की पत्नी का नाम थिलाक्षी गमागे है, जो बला की खूबसूरत और ग्लैमरस हैं। गमागे की इंस्टाग्राम तस्वीरों को देखकर पता चलता है कि वह घूमने की काफी शौकीन हैं। गमागे का बोल्ड अंदाज फैंस को काफी पसंद आता है।



# शेफर्ड बोले-खलील अहमद हाव-भाव से लग रहा था भ्रमित

**एजेंसी, बेंगलुरु**



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज रोमारियो शेफर्ड ने कहा कि उन्हें खलील अहमद के हाव-भाव देखकर लगा कि वह भ्रम की स्थिति में है जिससे उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ डेथ ओवरों में इस तेज गेंदबाज पर लंबे शॉट खेलने में मदद मिली। शेफर्ड ने शनिवार को खेले गए आईपीएल के एक रोमांचक मैच में 14 गेंद में नाबाद 53 रन की तूफानी पारी खेलकर आरसीबी को दो रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इस दौरान आईपीएल में दूसरा सबसे तेज अर्ध शतक बनाया। शेफर्ड ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो, मेरा ध्यान गेंदबाज पर और वह क्या करने की कोशिश कर रहा था, उस पर अधिक था। जब मैंने पहले दो (छक्के) मारे, तो मुझे पता चला कि गेंदबाज दबाव में था। मैंने उसके (खलील अहमद) हाव-भाव देखे। मुझे वह थोड़ा भ्रमित लग रहा था और तब मुझे लगा कि वह मेरी जद में है और इसलिए मुझे अपना स्वाभाविक खेल खेलना है।'' शेफर्ड ने अहमद के पारी के 19वें ओवर में 33 रन और मथीशा पथिराना के पारी के 20वें ओवर में 21 रन बनाए जिससे आरसीबी ने पांच विकेट पर 213 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया, लेकिन गयाना के क्रिकेटर ने कहा कि वह सभी गेंदों को सीमा रेखा के बाहर मारने के बारे में पहले से सोच-विचार नहीं कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''जब मैं क्रीज पर उतरा तो मुझे अंदाजा हो गया कि वे किस तरह की गेंदबाजी करने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए, मैं उनका अच्छी तरह से सामना करने के लिए तैयार था। तब टिमी (टिम डेविड) ने मुझे अपने हाथ खोले रखने की सलाह दी। इस तरह से मैंने लंबे शॉट खेलने के लिए खुद को अच्छी तरह से तैयार कर दिया था।'' (अनंत ज्ञान)

# कुछ और बड़े शॉट खेलकर हटाना चाहिए था दबाव : धोनी

**एजेंसी, बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ दो रन से मिली हार के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि उनके बल्लेबाजों को कुछ और बड़े शॉट खेलकर दबाव हटाना चाहिये था और इसके लिये वह खुद भी दोषी हैं। जीत के लिए 214 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चेन्नई की टीम पांच विकेट पर 211 रन ही बना सकी। आखिरी तीन गेंद में उसे छह रन चाहिये थे लेकिन टीम दो रन से चूक गई। धोनी ने मैच के बाद कहा,''मुझे लगता है कि हमें कुछ और बड़े शॉट खेलकर दबाव हटाना चाहिए था। मैं इसके लिये अपनी गलती भी मानता हूं। डैथ ओवरों में शेफर्ड (रोमारियो) ने उम्दा बल्लेबाजी की और इतने रन बना डाले।'' आरसीबी के रोमारियो शेफर्ड ने 14 गेंद में नाबाद 53 रन बनाये जो आईपीएल में दूसरा संयुक्त रूप से सबसे तेज अर्द्धशतक है।



धोनी ने कहा,''हमें और यॉर्कर डालने का अभ्यास करना होगा। जब बल्लेबाज क्रीज पर जम जाता है तो यॉर्कर ही काम आते हैं। अगर यॉर्कर नहीं डाल सकते तो नीचे की ओर फुलटॉस सर्वश्रेष्ठ विकल्प है। पथिराना (मथीषा) के पास रफ्तार है और वह बाउंसर भी डाल सकता है। वह यॉर्कर डालने में चूकता है तो बल्लेबाज के बड़े शॉट खेलने की संभावना रहती है।'' उन्होंने कहा,''हम अब तक बल्लेबाजी में पिछड़ रहे थ लेकिन आज बल्लेबाजी इकाई के रूप में हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा।'' (अनंत ज्ञान)

## महिला त्रिकोणीय सीरीज

# श्रीलंका ने भारत को तीन विकेट से हराया

**एजेंसी, कोलंबो**

श्रीलंका ने रविवार को यहां महिला त्रिकोणीय सीरीज में भारत को तीन विकेट से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने नौ विकेट पर 275 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। मेहमान टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष की 48 गेंद पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 58 रन की पारी खेली। हरमनप्रीत कौर (30), प्रतीका रावल (35) और जेमिमा रोड्रिग्स (37) ने भी उपयोगी योगदान दिया। श्रीलंका की तरफ से सुगंधिका कुमारी और कप्तान चामरी अटापट्टू ने तीन-तीन विकेट लिए। इसके जवाब में श्रीलंका ने 49.1 ओवर में सात विकेट पर 278 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। निलाक्षिका सिल्वा ने 56 रन बनाए। भारत की तरफ से सीनियर ऑफ स्पिनर स्नेह राणा ने 45 रन देकर तीन विकेट चटकाए। (अनंत ज्ञान)



शॉट खेलती रिचा घोष।

# सबालेंका ने गॉफ को हराकर करियर का 20वां खिताब जीता

**एजेंसी, मैड्रिड।** विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना तीसरा और करियर का 20वां खिताब जीता। सबालेंका ने पहले सेट में जबरदस्त प्रदर्शन किया और काजा मैजिका क्ले कोर्ट पर अमेरिकी खिलाड़ी को 6-3, 7-6 (3) से हराया। सबालेंका ने 2021 और 2023 में मैड्रिड में खिताब जीता था। इस तरह से उन्होंने पेट्रा क्वितोवा के टूर्नामेंट रिकॉर्ड की बराबरी की। ब्रिस्बेन और मियामी के बाद यह सबालेंका का इस वर्ष का तीसरा खिताब भी है।



# अदिति अशोक ब्लैक डेजर्ट चैंपियनशिप में संयुक्त 20वें स्थान पर

**एजेंसी, इविंस (अमेरिका)।** भारत की अदिति अशोक ने किसी दौर में सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में से एक करते हुए छह अंडर 66 का स्कोर बनाया, जिससे वह यहां ब्लैक डेजर्ट गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 20वें स्थान पर हैं। तीन दौर में 69, 71 और 66 के स्कोर के बाद अदिति का कुल स्कोर 10 अंडर हैं। अदिति ने तीसरे दौर में सात बर्डी की, लेकिन वह एक बोगी भी कर गईं जिससे उनका स्कोर छह अंडर रहा। अदिति शीर्ष पर चल रहीं कोरिया की हेइरेन रयु से से आठ शॉट पीछे हैं जिन्होंने 63, 67 और 68 के स्कोर से कुल 18 अंडर का स्कोर बनाया। (अनंत ज्ञान)



# इंग्लैंड दौरे में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं कुलदीप यादव

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के पूर्व चयनकर्ताओं और कोचों का मानना है कि कुलदीप यादव एक ऐसे मैच विजेता खिलाड़ी हैं जो इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली टेस्ट सीरीज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं तथा कलाई के इस स्पिनर को बल्लेबाजी ऑलराउंडरों पर प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उनका मानना है कि रवींद्र जडेजा अपने बेहतर बल्लेबाजी कौशल के कारण पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए पहली पसंद होंगे, लेकिन कुलदीप के टीम में शामिल होने से भारत का स्पिन विभाग और मजबूत हो जाएगा। राष्ट्रीय चयन समिति आईपीएल के प्लेऑफ में पहुंचने वाली टीमों की स्थिति स्पष्ट हो जाने के बाद इंग्लैंड दौरे के लिए भारत और ए टीम की घोषणा कर सकती है। प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाने वाली अन्य छह टीमों में शामिल लाल गेंद के विशेषज्ञ खिलाड़ी जल्दी इंग्लैंड के दौरे पर चले जाएंगे जैसा कि पहले भी होता रहा है। इससे उन्हें वहां की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने में मदद मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया में वाशिंगटन सुंदर ने पहली पसंद के स्पिनर के रूप में शुरुआत की।



## आईपीएल | सनराइजर्स की तिकड़ी किसी भी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने में सक्षम

# हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेगी दिल्ली

**एजेंसी, हैदराबाद**



अक्षर पटेल की अगुवाई वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम घरेलू मैदान पर कमजोर प्रदर्शन से उबरकर सोमवार को यहां निचले हाफ में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स को पिछले मैच में अपने घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 14 हार से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन टीम ने विरोधियों के मैदान पर बेहतर प्रदर्शन की बदौलत प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखी है। दिल्ली की टीम पैट कमिंस की टीम के खिलाफ भी उसके मैदान पर जीत दर्ज करना चाहेगी।

अक्षर पटेल चोट से जूझ रह हैं। वह 30 अप्रैल को नाइट राइडर्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण करते समय बाएं हाथ में चोट लगने के बाद मैदान से चले गए थे। देखना यह होगा कि वह चोट से उबरकर सनराइजर्स के खिलाफ खेलते हैं या नहीं। अक्षर ने हालांकि, चोटिल होने के बाद भी 23 गेंद में 43 रन की उम्दा पारी खेली थी। अगर वह चोट से पूरी तरह नहीं उबरते हैं तो उन्हें गेंदबाजी में समस्या हो सकती है। दिल्ली कैपिटल्स की टीम अभी 10 मैच में 12 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। अक्षर ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया और अगर वह नहीं खेलते या मैच में उनकी भूमिका सीमित होती है तो इससे टीम के प्रदर्शन पर असर पड़ेगा। टीम को अपने पिछले दो मैच में घरेलू मैदान पर नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है।

दिल्ली ने अपने पिछले पांच में से तीन मुकाबले गंवाए हैं और टीम लीग के इस महत्वपूर्ण चरण में और झटकों से बचने की कोशिश करेगी। नाइट राइडर्स के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज फाफ डु प्लेसी ने फॉर्म में वापसी करते हुए अर्द्धशतक जड़ा था, लेकिन धीमी पिच से सामंजस्य बैठाना उनके लिए चिंता का सबब बना हुआ है। विकेटकीपर राहुल कमिंस, मोहम्मद शमी और हर्षल पटेल जैसे गेंदबाजों का सामना करने के लिए खुद को तैयार करेंगे, क्योंकि सनराइजर्स की यह तिकड़ी किसी भी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने में सक्षम है। अभिषेक पोरेल ने भी शीर्ष क्रम में काफी आक्रामक बल्लेबाजी की है और एक अर्द्धशतक सहित 250 से अधिक रन बनाए हैं, लेकिन मौजूदा सत्र में अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस (कप्तान), इशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायडे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंदु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, और इशान मलिंगा।

**दिल्ली कैपिटल्स:** अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोकेश राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकंडे, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।